फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 298, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - सुचेता : दृढ़, लेकिन दयामयी नेत्री



अन्दर : पुजारा ने पिछले एक दशक में कई अहम पारियां खेलीं : द्रविड़

## आदिवासी समाज से दुनिया को बहुत कुछ सीखने की जरूरत : पीएम मोदी

### आदि महोत्सव एक भारत-श्रेष्ठ भारत का स्वरूप



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आदि महोत्सव की शुरूआत की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आदि महोत्सव देश की व्यवस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर पड़े लोगों को मुख्यधारा में हम लाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासियों को लेकर देश गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है। आदिवासी जीवनशैली ने बहुत कुछ सिखाया है। आदि महोत्सव एक भारत-श्रेष्ठ भारत का स्वरूप है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह महोत्सव अब एक अभियान बन गया है। आदिवासी परंपरा को गौरव के साथ हम प्रस्तुत कर रहे हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा है कि आदिवासी समाज से दुनिया को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

आदि महोत्सव की शुभकामनाएं देकर पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा लग रहा है, कि जैसे भारत की अनेकता और भव्यता आज एक साथ खड़ी हो गई हैं। यह भारत के उस अनंत आकाश की तरह है जिसमें उसकी विविधताएं इंद्रधनुष की तरह उभर कर सामने आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह अनंत विविधिताएं हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सूत्र में पिरोती हैं। पीएम ने कहा कि उनके उत्पादों के माध्यम से विभिन्न कलाओं, कलाकृतियों, संगीत और सांस्कृतिक प्रदर्शन को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगता है कि भारत की विविधता और इसकी भव्यता एक साथ आ गई है और आज इसकी परंपरा को उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि जब विविधताओं को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के धागे में पिरोया जाता है, तब भारत की भव्यता दुनिया के सामने उभरती है। यह आदि महोत्सव इसी भावना का प्रतीक है।


उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत सबका साथ सबका विकास के दर्शन पर काम कर रहा है। सरकार उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनसे लंबे समय से संपर्क नहीं हो पाया है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने देश के कोने कोने में आदिवासी समाज और परिवार के साथ अनेक सप्ताह बिताए हैं। मैंने आपकी परंपराओं को करीब से देखा भी है, उनसे सीखा भी है और उन्हें जिया भी है।

## जलजन अभियान का उद्घाटन कर पीएम मोदी ने कहा..जल रहेगा तभी आने वाला कल रहेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रह्म कुमारियों द्वारा आयोजित जलजन अभियान का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि जल रहेगा तभी आने वाला कल रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं जब भी आपके पास आता हूं आपका स्नेह और अपनापन मुझे अभिभूत कर देता है। पीएम मोदी ने कहा कि जल जन अभियान उस समय में शुरू हो रहा है, जब पानी की कमी को भविष्य के संकट के रूप में देखा जा रहा है। इतनी बड़ी आबादी के कारण वाटर सिक्योरिटी हम सब की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल रहेगा तभी आने वाला कल भी रहेगा और इसके लिए हमें आज से ही प्रयास करना होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में आज देश जल को कल के रूप में देख रहा है। उन्होंने संतोष जताकर कहा कि जल संरक्षण के संतोष को अब देश जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहा है। ब्रह्म कुमारी संस्थान के इस जल जन अभियान से जन भागीदारी के इन प्रयासों को नई ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस से जल संरक्षण के अभियान की पहुंच भी बढ़ेगी और प्रभाव भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा कुमारियों के साथ मेरा रिश्ता बहुत खास है, क्योंकि खुद पर काबू पाना और समाज को सब कुछ समर्पित करना आध्यात्मिकता खोजने का एक तरीका रहा है। समाज के लिए यह निःस्वार्थ सेवा सभी को प्रेरित करती रहती है। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया समझ गई है कि जल संसाधन सीमित हैं और जल सुरक्षा की आवश्यकता सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य पानी की उपलब्धता पर निर्भर करता है और मुझे खुशी है कि पूरा देश जल संरक्षण को एक आंदोलन के रूप में ले रहा है। उन्होंने दावा किया कि आज ना केवल गंगा साफ हो रही है बल्कि उनकी तमाम सहायक नदियां भी स्वच्छ हो रही हैं। गंगा के किनारे प्राकृतिक खेती जैसे अभियान भी शुरू हुए हैं। जल प्रदूषण की तरह ही, गिरता भू जल स्तर भी देश के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है।

## 2014 से 2023 तक आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आया : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान शाह ने कहा कि 2014 से 2023 तक आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिहाज से बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि कश्मीर में आतंकी घटनाओं और वामपंथी उग्रवाद में कमी आई है।

शाह ने कहा कि वामपंथी हिंसा के सबसे कम आंकड़े 2022 में आए हैं। अब ये सिमटकर 46 पुलिस थानों तक रह गया है। शाह ने बताया कि बिहार और झारखंड के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित बॉर्डर और बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त कराने का काम हमारे सुरक्षा बलों ने किया है।

इस तरह ही नार्थ ईस्ट में भी हालत अब कितने बदल गए है। वहां भी शांति स्थापित हुई है। पहले हमने अपने घोषणपत्र में कहा था कि अफ्सपा नहीं हटाया जाएगा। मगर भारत सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों के चलते उत्तरपूर्व के 60 प्रतिशत क्षेत्र से अफ्सपा हट गया है। ये इसलिए हटा क्योंकि वहां शांति बहाल हुई है। वहीं उत्तरपूर्व में 8 हजार से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ने का फैसला किया।

शाह ने अंत में कहा कि नशा मुक्त अभियान में भी दिल्ली पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। देश और दिल्ली की युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जाने के पहले हम दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के हाउसिंग सेटिस्फेक्शन दर को 60 फीसदी से ऊपर ले जाएंगे।

## बारात की दो कारों की टक्कर, पांच की मौत, छह गंभीर घायल

**बांदा।** उप्र के बांदा जिले में गुरुवार तड़के स्कॉर्पियो और बोलेरो की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। यह सभी चित्रकूट के राजापुर में शादी समारोह में गए थे। तड़के दो गाड़ियों से वापस लौट रहे थे। हादसा गुरुवार तड़के चार बजे तिंदवारी थाना क्षेत्र के पपरेंदा रोड पर हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर ले गई। वहां डॉक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक और घायल पैलानी क्षेत्र के निवाईच व पिपरहरी गांव के रहने वाले थे। बारात की दोनों गाड़ियां आगे-पीछे चल रही थीं। ओवरटेक के चक्कर में स्कॉर्पियो ने पीछे से बोलेरो को टक्कर मार दी।

हादसे की सूचना पर डीएम दीपा रंजन और एसपी अभिनंदन भी अस्पताल पहुंचे। घायलों से मुलाकात की। एसपी ने कहा कि गाड़ियों में बैठे सभी लोगों ने शराब पी रखी थी। नशे की हालत में ड्राइवर ने ओवरटेक किया, इस वजह से हादसा हुआ है। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे के बाद दोनों गाड़ियां सड़क किनारे खंती में पलट गईं और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि गांव के ही एक दोस्त की बारात चित्रकूट के राजापुर गई थी। वहां से रात में सभी लोग वापस घर लौट रहे थे। चार बजे का समय था, इसलिए ज्यादातर लोग सो रहे थे। लेकिन पपरेंदा के पास आते ही पीछे से स्कॉर्पियो ने तेजी से टक्कर मार दी। कुछ पता ही नहीं चला। अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो व बोलेरो दोनों ही गाड़ियां सड़क किनारे खंती में पलट गईं। हमारे साथियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जिन पांच लोगों की मौत हुई है उनमें कुलदीप, छोटू उर्फ अनुज, कल्लू, उमेश और अतुल (30) है। जबकि पंकज, छम्मू पुत्र मुन्नू, सौरभ, संजीव, साहिल गंभीर रूप से घायल हो गए।

## विधायक विनय वर्मा ने राजनाथ सिंह से उनके सरकारी आवास पर की मुलाकात

**नई दिल्ली ।** विधानसभा शोहरतगढ़ (302) जिला-सिद्धार्थनगर विधायक विनय वर्मा ने गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर किया मुलाकात किया। विधायक विनय वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को हमने भारत के यशस्वी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास 17 अकबर रोड पर मुलाकात किया और उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान उनसे नेपाल सीमा सीमा से सटे सिद्धार्थनगर के निवासियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। हमने बुधवार को रक्षामंत्री जी से मुलाकात का समय मांगा था और उन्होंने बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े आठ बजे हमें अपने सरकारी आवास पर मुलाकात के लिए बुलाया। इस दौरान हमने रक्षामंत्री को बताया कि भारत नेपाल के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। लुंबनी जाने के प्रमुख मार्ग ककरहवा बॉर्डर पर नेपाल ने वाहनों पर भंसार (प्रवेश शुल्क) लगा दिया है। दोनों देशों से इस बॉर्डर पर शुल्क नहीं लगाया था लेकिन कोरोना काल के बाद नेपाल ने शुल्क लगा दिया।इस कारण भारत के लोगों को आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है। इसके अलावा हमने रक्षामंत्री से भारत-नेपाल पर तस्करी से भारतीय क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी के बारे में बताया। हमने बताया कि सीमा पर भारतीय खाद की तस्करी हो रही है। 68 किमी सीमा खुली हुई है। सुरक्षा की समीक्षा करके पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। नेपाल सीमा पर नेटवर्क नहीं है। खाद आवंटन में फिंगर मशीन काम नहीं करती है। और एक ही इंतखाप से कई दुकानों से खाद खरीद कर तस्करी की जाती है



और जिले के किसानों को नहीं मिल पाता है। हमने माननीय मंत्री से बहुत समय से अटकी पड़ी जलकुंडी परियोजना की आवश्यकता के बारे में भी अवगत कराते हुए बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दो तिहाई भारत पंचायत हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होती हैं। बाढ़ से निजात के लिए नेपाल के बीच तीन दशक पहले जल कुंडी परियोजना पर सहमति बनी थी। इसमें बाढ़ का पानी नेपाल में रोककर बिजली बनाने और सिंचाई सुविधा विकसित करने की योजना थी लेकिन इस सहमति पर आगे कार्य नहीं हुआ। इससे सिद्धार्थनगर सहित आसपास के जिलों में बाढ़ से बचाव होता और जन धन हानि नहीं होती। हमारे द्वारा अवगत कराएं गए सभी तीन बिंदुओं पर रक्षामंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह ने गंभीरता पूर्वक विचार कर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

## बीबीसी के दिल्ली-मुंबई ऑफिस में तीसरे दिन भी आईटी की रेड जारी

### आय कर अफसरों ने एकत्र किए चुनिंदा कर्मचारियों के वित्तीय डेटा

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन यानी बीबीसी के दिल्ली एवं मुंबई ऑफिस में तीसरे दिन भी आईटी की रेड जारी जारी है। बीबीसी के यहां स्थित कार्यालयों में आयकर विभाग का ह्यसर्वे ऑपरेशन बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिकारियों ने कुछ चुनिंदा कर्मचारियों के वित्तीय डेटा एकत्र किए और समाचार संगठन के इलेक्ट्रॉनिक एवं कागजी आंकड़ों की प्रतियां बनाईं। अधिकारियों ने बताया कि आयकर विभाग ने कथित कर अपवंचना की जांच के तहत बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों में मंगलवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे ह्यसर्वे ऑपरेशन शुरू किया गया था और इसे चालू हुए 45 घंटे से अधिक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ह्यसर्वे अभी जारी है। प्राधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि यह प्रक्रिया कुछ और समय जारी रहेगी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन कब पूरा होगा, यह मौके पर मौजूद दलों पर निर्भर करता है।

आय कर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह सर्वे अंतरराष्ट्रीय कराधान और बीबीसी की सहायक कंपनियों के ह्यह्यट्रांसफर प्राइसिंग से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि सर्वे दल वित्तीय लेन-देन, कंपनी संरचना और समाचार कंपनी के बारे में अन्य विवरण पर जवाब मांग रहे हैं और सबूत इकट्ठा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आंकड़ों की प्रतियां बना रहे हैं।

बीबीसी ने कहा कि वह आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है।

दिल्ली में बीबीसी के एक कर्मचारी ने कहा कि वे सामान्य रूप से समाचार प्रसारित कर रहे हैं। सोशल मीडिया मंचों पर वृत्तचित्र की पहुंच को रोकने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक और जत्थे पर अप्रैल में सुनवाई होगी।

**कर्मचारियों को अगले नोटिस तक घर से काम करने का आदेश**

रेड के बाद से लेकर अब तक कंपनी की तरफ से सिर्फ इतना कहा गया है कि वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्द से जल्द मामला सुलझा लिया जाएगा। कंपनी ने अगले नोटिस तक अपने कर्मचारियों से घर से काम करने के लिए कहा है।

## कर्नाटक के मंत्री अश्वथ नारायण के खिलाफ दो पुलिस शिकायतें दर्ज

**कांग्रेस नेता सिद्धारमैया को लेकर दिया था विवादित बयान**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार में मंत्री डॉ. सी.एन. अश्वथ नारायण के खिलाफ गुरुवार को विपक्षी नेता सिद्धारमैया को खत्म करने के वाले विवादास्पद बयान को लेकर दो पुलिस शिकायतें दर्ज हुई हैं। मंत्री नारायण ने सतनूर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान विवादित बयान दिया था। इस बयान से राज्य में विवाद छिड़ गया। कांग्रेस नेता मनोहर और अन्य ने बेंगलुरु के मल्लेश्वरम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करके मांग की है कि उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया जाए।

सिद्धारमैया फैन एसोसिएशन ने उनके खिलाफ हुबली शहर के गोकुल रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पुलिस ने शिकायतों को स्वीकार कर जांच में लिया है। मैसूरु में कांग्रेस इकाई ने नारायण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उनके बयान की निंदा करते हुए उनका पुतला फूंका।

इस बीच, विधानसभा सत्र में विवाद खड़ा हो गया, क्योंकि कांग्रेस विधायकों ने इस संबंध में मंत्री अश्वथ नारायण द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण का विरोध किया। हालांकि अश्वथ नारायण ने विधानसभा में अपने बयान पर खेद व्यक्त किया, लेकिन उनके बयान का बचाव करने के उनके प्रयास से कांग्रेस विधायक नाराज हुए। कांग्रेस विधायक यू.टी. खादर ने शून्य काल में यह मुद्दा उठाया, जिस पर अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने आपत्ति जाहिर की हैं। लेकिन खादर ने मांग की, कि पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने चाहिए और समाज को संदेश देने के लिए कार्रवाई शुरू करनी चाहिए।

अपने बचाव में मंत्री नारायण ने कहा, उन्होंने सिद्धारमैया की तुलना टीपू सुल्तान से की थी। मैंने टीपू सुल्तान के प्रति सिद्धारमैया के प्यार के बारे में बात की है। मैंने उनके बारे में अपमानजनक बात नहीं की है। मैंने कांग्रेस पार्टी को हराने का आह्वान किया है। मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। यह एक वैचारिक अंतर है। अगर उन्हें ठेस पहुंची है, तब मैं उनसे माफी मांगता हूं।

## पश्चिम बंगाल की विधान सभा में पहुंचा फर्जी विधायक, मचा हड़कंप, अब है पुलिस हिरासत में

**घटना के बाद राज्य में विधानसभा की सुरक्षा पर उठे सवाल**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को एक शख्स खुद को विधायक बताते हुए विधानसभा में प्रवेश कर गया। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद से ही राज्य में विधानसभा की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। घटना उस समय हुई, जब पश्चिम बंगाल का बजट पेश किया जा रहा था।

फर्जी विधायक गजानन वर्मा नाम का यह शख्स खुद को हावड़ा शिवपुर क्षेत्र से विधायक मनोज तिवारी बता रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक अधिकारी ने बताया कि लॉबी में घूमते और लोगों से यह पूछते पाए जाने पर बजट सत्र कैसे देखें, सुरक्षाकर्मियों ने उसकी पहचान के बारे में पूछताछ की। पहले उसने खुद को विधायक बताया, लेकिन कोई भी आईडी कार्ड नहीं बता सके। हमने मार्शल को सूचना दी, जिसने पुलिस को बुलाया। आरोपी वर्मा ने दावा किया है कि उसे राज्यपाल सीवी आनंद बोस की तरफ से भेजा गया था और उसके पास विधानसभा में जाने की अनुमति है। शुरूआत में यह माना गया कि वह मानसिक रूप से अस्थिर है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, पूर्व क्रिकेटर तिवारी पश्चिम बंगाल सरकार में खेल मंत्री हैं।

मीडेया के अनुसार पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3.39 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में चाय बागानों पर कृषि आयकर को दो साल के लिए माफ करने और युवा उद्यमियों को ऋृण सुविधा देने का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि उद्योग की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी।

## गुंडों की सरकार चला रहे नीतिश कुमार : सुधाकर सिंह

**पटना।** राजद विधायक और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधकर कहा कि वह गुंडों की सरकार चला रहे हैं। सिंह ने कहा, नीतीश ने एक सक्षम आईपीएस अधिकारी को डीजीपी के रूप में चुना है, लेकिन राज्य में बलात्कार, हत्या, लूट, स्नैचिंग और अन्य अपराध बेरोकटोक जारी हैं। बिहार में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और नीतीश कुमार की सरकार चल रही है। सिंह ने आरोप लगाया, एक कैबिनेट मंत्री के रूप में नीतीश के साथ मेरा अनुभव सबसे खराब रहा है। उनकी सरकार केवल नौकरशाहों, भ्रष्ट और गुंडों के लिए है। उनकी सरकार में किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, नीतीश पिछले दरवाजे से सरकार चलाते हैं। वह अपने दम पर चुनाव जीतने में सक्षम नहीं हैं। वह अन्य दलों की मदद से राजनीति करते हैं।

## सपा नेता मौर्य का आरोप, मेरी हत्या की साजिश रची जा रही



**लखनऊ।** श्रीरामचरितमानस को लेकर विवादित बयान देने के बाद से सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सुर्खियों में हैं। गुरुवार को फिर से मौर्य ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मेरी हत्या की साजिश हो रही है लेकिन भाजपा सरकार इस लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ हिंसक बयान दिए जा रहे हैं। कोई मेरा सिर काटने के लिए 21 लाख, तब कोई 51 लाख की सुपारी दे रहा है, तब जीभ काटने के लिए कोई 5 लाख, तब 11 लाख की सुपारी दे रहा है। कोई हाथ काटने के लिए कोई नाक काटने के लिए कोई कान काटने के लिए सुपारी दे रहा है।

मौर्य ने कहा है कि बयान देते हुए लोगों की फोटो भी है। लेकिन उसके बावजूद सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसका मतलब यही है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश के सरकार मेरी हत्या की साजिश करने वाले लोगों के साथ शामिल है। भाजपा सरकार मेरी हत्या कराना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि कुछ साधु के वेश में आतंकी और अपराधी हैं।

## निक्की का हुआ अंतिम संस्कार, पिता ने कहा, आरोपी को फांसी दें

**झज्जर।** दूसरी युवती से शादी को लेकर हुए विवाद के बाद निर्दयी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को गला घोंटकर मार डाला और शव अपने ढाबे के फ्रिज में छुपा दिया, उसका अंतिम संस्कार हरियाणा के झज्जर जिले के उसके पैतृक गांव में हुआ। अंतिम संस्कार उसके पिता सुनील यादव और छोटे भाई शुभम ने किया। यह वीभत्स घटना श्रद्धा वाकर हत्याकांड जैसी है। पश्चिमी दिल्ली में किराए के मकान में रह रही निक्की की गला घोंटकर हत्या मित्रांव गांव निवासी साहिल गहलोत ने कर दी थी। अपने माता-पिता द्वारा पसंद की गई लड़की से शादी करने से कुछ घंटे पहले मोबाइल चार्जिंग केबल से प्रेमिका का गला घोंट दिया। साहिल निक्की के शव लगभग 36 किमी दूर अपने ढाबे तक ले गया, जहां उसने शव को एक रेफ्रिजरेटर में भरकर शादी करने चला गया। निक्की के अंतिम संस्कार के बाद दुखी पिता ने आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग कर कहा कि परिवार को उसके रिश्ते के बारे में पता नहीं था। पुलिस के मुताबिक, 10 फरवरी को सूचना मिली थी कि साहिल नामक व्यक्ति ने प्रेमिका की हत्या कर उसी दिन दूसरी लड़की से शादी कर ली। गहलोत को पुलिस ने कैर गांव चौराहे पर पकड़ा था। पुलिस ने कहा, लगातार पूछताछ पर साहिल ने खुलासा किया कि 9-10 फरवरी की दरम्यानी रात में उसने अपनी प्रेमिका निक्की की हत्या कर उसके शव को एक खाली प्लॉट में बने अपने ढाबे के रेफ्रिजरेटर में रख दिया था।

गहलोत ने खुलासा किया कि 2018 में वह निक्की से एक कोचिंग सेंटर में मिला था, जहां वह एसएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जाता था। आरोपी ने इस रिश्ते की जानकारी अपने घर वालों को नहीं दी थी। उसका परिवार उस पर किसी और लड़की से शादी करने का दबाव बना रहा था और आखिरकार दिसंबर 2022 में आरोपी की सगाई और दूसरी लड़की से 10 फरवरी को शादी तय हो गई।

## राहुल की राह पर उनके चचेरे भाई भाजपा सांसद वरुण गांधी

**अपनी किताब द इंडियन मैट्रोपोलिस को लेकर सुर्खियों में**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी लगातार यह कहते रहे हैं कि उनकी भारत जोड़ो यात्रा का मकसद राजनीतिक नहीं रहा है। इसके अलावा वह राजनीतिक संघर्ष की बजाय वैचारिक लड़ाई की बात करते रहे हैं। आरएसएस और भाजपा की विचारधारा पर वह खुलकर हमलावार दिखाते हैं। यही नहीं अब उनके चचेरे भाई और भाजपा सांसद वरुण गांधी भी राजनीति से इतर दूसरे मुद्दों पर सक्रिय दिख रहे हैं। वरुण गांधी ने दरअसल इ इंडियन मैट्रोपोलिस नाम से एक किताब लिखी है, जिसकी वरुण गांधी अक्सर चर्चा करते हैं। इस किताब का जिक्र वह साथी सांसदों से भी कर रहे हैं, उनका कहना है कि ज्यादातर लोगों ने उनकी कोशिश को सराहा है।

इस पुस्तक में वरुण गांधी ने भारत में शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर, गरीबों की स्थिति और रोजगार के मुद्दों को उठाया है। इसके अलावा उन्होंने शहरों में अत्यधिक महंगाई के चलते चंद दिनों की बेरोजगारी में भी गरीब लोगों के न टिक पाने का मुद्दा भी उठाया है। किताब के जरिए वरुण गांधी कहते हैं कि हमारे शासकों ने शहरी व्यवस्था को सुखमय बनाने पर ध्यान ही नहीं दिया। बेसिक सुविधाओं को भी अभाव दिखता है, जैसे कूड़े के निपटान की व्यवस्था कमजोर है और पैदल चलने के लिए भी सही रास्तों की कमी नजर आती है। सबसे अहम सवाल उनका शहरों में जीवन की गुणवत्ता को लेकर है।

वरुण सवाल उठाते हैं कि हमारी शहरी व्यवस्था ऐसी है, कि कोरोना से निपटने के लिए लॉकडाउन की जरूरत पड़ी तब लोग यहां चंद दिन भी रुक नहीं सके। किसी भी हाल में उन्हें पलायन करना पड़ गया। वह कहते हैं, मैंने शहरों में रहने वाले हजारों लोगों से बात की थी, जो कोरोना के संकट से उबर रहे थे। इस दौरान हमें यह समझ आया कि शहरों में जिंदगी चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों ने कहा कि हमें यहां यात्रा करने में बहुत मुश्किल आती है। यहां तक कि डेली नौकरी पर पहुंचना और लौटना भी एक चैलेंज है। इसके अलावा बहुत से लोगों ने नौकरी मिलने में बड़े संकट की बात कही।

## अपने ही देश को क्यों बदनाम कर रहे होः अदनान सामी

**मुंबई।** बीबीसी के दफ्तरों पर इनकम टैक्स के छापे देशभर में चर्चा का विषय रहे। सोशल मीडिया पर इस न्यूज ने काफी बज क्रिएट किया और पाकिस्तानी मूल के भारतीय सिंगर अदनान सामी भी इस विवाद में कूद पड़े। अदनान की पोस्ट से सोशल मीडिया पर एक नई बहस शुरू हो गई जिसके बाद लोगों ने सिंगर को जमकर ट्रोल किया। ट्विटर पर ये सारा विवाद तब शुरू हुआ जब अदनान सामी ने बीबीसी पर आईटी छापे को लेकर पत्रकार निधि राजदान की पोस्ट पर कमेंट किया। आकाश बनर्जी ने अदनान सामी को पाकिस्तानी फौजी ब्रेट कहा और उन्हें सलाह दी कि उन्हें इस देश का आभारी रहना चाहिए, जिससे एक नागरिक के तौर पर उन्हें शरण और नागरिकता दी। इस पर अदनान ने कहा कि मैं तो शुक्रगुजार हूं, समस्या यह है कि आप जैसे लोग अपने ही देश को बदनाम करने में एक पल की देरी नहीं करते हैं। अदनान सामी का ट्वीट से ट्विटरवॉर में कई लोग कूद पड़े हैं और उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र है तो यहां हम अपनी सरकार से सवाल कर सकते हैं। अदनान ने जवाब दिया कि हां, तो अपने देश तक ही ये चर्चा सिमित रखें न, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने अपनी पैंट क्यों उतार रहे हैं? क्या ब्रिटेन में विपक्ष दूरदर्शन को अपनी ही सरकार को बदनाम करने के लिए शामिल करता है? हमें इस ब्राउन साहिब को रोकने की जरूरत है।

मोहम्मद जुबैर ने अदनान सामी के एक पुराने ट्वीट का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी प्रतिभा बीबीसी द्वारा खोजी गई थी। अदनान ने इस पर जवाब दिया कि ये 1976 में हुआ था। वह एक अलग समय था और उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था और वह भी 2023 में और नहीं, इसने मेरी भारतीय नागरिकता में कोई भूमिका नहीं निभाई। आप निश्चित रूप से सही बनने की कोशिश कर रहे हैं, तो आप पहले थोड़े बड़े हो जाओ।

## त्रिपुरा में 81 प्रतिशत मतदान

**अगरतला।** त्रिपुरा की 60 विधानसभा सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग अब खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक 81 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि ये डेटा अभी अपडेट हो सकता है। चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। इससे पहले 2018 में त्रिपुरा में 90 प्रतिशत मतदान हुआ था और सरकार भाजपा ने बनाई थी। इस बार राज्य में कुल 3,337 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सिंगल फेज में हुए चुनाव में राज्य की 28.13 लाख जनता ने 259 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। यह चुनाव 2023 का पहला चुनाव है। उधर, भाजपा-कांग्रेस को ट्विटर पर वोटिंग अपील करना भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने दोनों दलों को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस भेजा है। भाजपा महासचिव दिलीप सैकिया को भी इस मामले में नोटिस भेजा गया है।

## संक्षेप

### आगामी महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर मेले का किया गया निरीक्षण व पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**थरवई।** आगामी महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर डीसी पी गंगानगर अभिषेक अग्रवाल व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव, प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी द्वारा आगामी लगने वाले मेले को लेकर पांडेश्वर नाथ धाम पड़िला मेला क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया गया। उसी क्रम में पर्व को लेकर स्थानीय थाना थरवई में पीस कमेटी की बैठक भी की गई। जिसमें मेले से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई। आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु अव्यवस्था उत्पन्न ना हो भीड़ को किस प्रकार से नियंत्रित किया जाए चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन को मेला परिसर से कितनी दूर पर रोका जाए एवं दूसरे संपर्क मार्ग से उन्हें अपने गंतव्य तक जाने दिया जाए। किसी को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो जिसके लिए पुलिस बल को किन - किन स्थानों पर नियुक्ति की जाए चोर - उच्चक्को द्वारा मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले व किसी भी प्रकार की अभद्रता ना हो जिसके लिए मंदिर के अंदर सीसीटीवी की व्यवस्था एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी टीम की व्यवस्था सुचारू रूप से करने पर चर्चा हुई दुकानदारों द्वारा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले इसके लिए भी भ्रमण कर दुकानदारों से कुछ बिंदुओं पर राय लिया गया एवं उनसे मेले को सकुशल संपन्न हेतु कराने में सहयोग के लिए कहा गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी से सहयोग के अपेक्षा करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग हेतु कहा तीन दिनों तक चलने वाला यह महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र का ऐतिहासिक मेला किस प्रकार सकुशल संपन्न हो आदि पर बिंदुवार जानकारी ली गई। जिसमें पीस कमेटी बैठक में प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, सोहराब अहमद मौके पर ही ग्राम प्रधान राजन तिवारी, राम अचल यादव, महेंद्र गिरी साथ ही देवेंद्र गिरि, अनुराग गिरि राजेश आदि कई लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार घर में घुसी दबकर महिला की मौत

**हादसा**

**नाराज ग्रामीणों ने कार मालिक, चालक को पीटकर पेड़ से बांधा, डीएम को बुलाने की जिद पर अड़े**


कार चालक को पेड़ से बांधकर पिटाई करते ग्रामीण

**करछना।** प्रयागराज कमिश्नरेट के यमुनानगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। करछना थाना क्षेत्र के अरई भस्मा गांव के सामने से गुजर रही कार अनियंत्रित होकर एक कच्चे मकान में घुस गई। जिसमें मकान की कच्ची दीवार तो ढह गई ही, एक महिला की मौत भी हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने कार चालक समेत दो लोगो को पकड़कर वही पेड़ में बांध दिया और पिटाई कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि कार मालिक और चालक दारू पिए थे। जब तक डीएम मौके पर नही आ जाते तब तक दोनो को छोड़ा नहीं जाएगा। गांव में हंगामा मचा हुआ है। सूचना के घंटों बाद पहुंची करछना पुलिस ग्रामीणों को समझाने में जुटीर ही।

करछना थाना क्षेत्र के अरई भस्मा गांव की दीपा पटेल (35) पुत्री राजकरन पटेल की शादी मांडा में हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। ससुराल में अनबन के कारण पिछले आठ साल से अपने मायके में रह रही है। उसके तीन बच्चे हैं। वह माता-पिता के साथ रहकर अपना गुजारा करती थी। 16 फरवरी को दोपहर में वह गाय भैंस को हैंडपंप से पानी भरकर पिला रही थी। उसी समय करछना से अरई की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर दीपा पटेल के कच्चे मकान की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। उसी समय दीपा पानी भरी बाल्टी लेकर निकल रही थी। कार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कार मालिक रमाकांत निवासी गोती, औद्योगिक क्षेत्र और चालक सुभाष यादव निवासी लालापुर बराव, करछना को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनो को वहीं नीम के पेड़ में रस्सी से बांध दिया। उसके बाद पिटाई की गई। मृतका के चचेरे भाई इंद्रजीत पटेल ने बताया कि जब तक जिलाधिकारी प्रयागराज मौके पर नही आ जाते तब तक न तो लाश पोस्टमार्टम हाउस भेजा जाएगा न ही दोनों को छोड़ा जाएगा। गांव वाले मृतका के बच्चो को मुआवजा दिया जाने और आरोपियों पर शख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## शिव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने की बैठक

**मेजा।** विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी नगर पंचायत सिरसा के श्रीनाथ बाबा मंदिर से महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर शिव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा सज धज कर श्री नाथ बाबा मंदिर से निकलकर समूचे बाजार में भ्रमण करेगी, तत्पश्चात नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर में पहुंचकर शिव विवाह आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

शिव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील किया है। बैठक में मुख्य रूप से संस्थापक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष राम कृष्ण जायसवाल, विनोद केसरी, वैभव जायसवाल, सुरेंद्र सेठ, अभिषेक अग्रवाल, रमेश जी, सुरेश केसरी, अंकित केसरी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे 45 जोड़े


विवाहित जोड़ों को उपहार भेंट करते विधायक गुरु प्रसाद मौर्य

**होलागढ़।** ब्लाक क्षेत्र के मिलन गार्डेन में गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आयोजन में 45 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने नव दम्पति को सुखमय जीवन का आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार गरीब परिवार की बेटी का विवाह हेतु प्रोत्साहन राशि के साथ विवाह भी करा रही है। सभी जोड़ो को विवाह सामग्री के साथ प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। दंपती में प्रमुख रूप से सुरेखा सतेंद्र, संतरा रवीन्द्र, रीना उदय सिंह, राधा पवन कुमार, ममता अजीत आदि रहे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता संजय द्विवेदी, त्रिभुवन सिंह, अनिल मिश्र, शिव शंकर मिश्र, एडीओ पंचायत द्वारिका पटेल, अवधेश पटेल, प्रधान संदीप निर्मल, राकेश पांडेय, रवीन्द्र कुमार, लव कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन एडीओ सहकारिता विजेंद्र मिश्र ने किया।

# अटल श्रमिक आवासीय विद्यालय में गुणवत्ता विहीन कार्य देखकर डीएम का चढ़ा पारा

**निरीक्षण**

**कार्य से असंतुष्ट डीएम ने एई से स्पष्टीकरण और जेई का वेतन रोकने के दिये निर्देश**

**कोरांव।** श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए निमार्णाधीन अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय का गुरुवार को जिलाधिकारी संजय खत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भवन कक्षों मेस भोजनालय कक्ष तथा भवन की सामग्री एवम निर्माण कार्य को बड़ी बारीकी से देखा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों तथा ठिकेदार की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब देख जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। भविष्य में साइड ठिकेदार को कोई की कार्य न मिले इस निमित्त भी संबंधित अफसरों को निदेर्शीत किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एक्शियन को तत्काल निर्माण कार्य की सामग्री का सैंपल ले कर लैब से जांच किए जाने का आदेश दिया।

डीएम ने बताया की श्रम मंत्री अनिल राजभर के निरीक्षण में भी मिली खामियों चेतावनियों के बावजूद उक्त निर्माण कार्य मे कार्य दाई संस्था को समझ में नहीं आया इस लिए कार्यवाही जरूरी है। पीडब्ल्यूडी के ए ई को मामले में स्पष्टीकरण तथा जे ई का वेतन रोकने का निर्देश दिया। डीएम के साथ एफएलसी प्रयागराज राजेश मिश्रा, डीडीओ प्रयागराज एसडीएम कोराव शुभम यादव, बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार, इंस्पेक्टर कोराव धीरेंद्र सिंह, श्रम इंस्पेक्टर अवनीश त्रिपाठी, प्रकाश शंखवार आदि अधिकारी मौजूद रहे।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**डीएम ने बेलहट और बेलवानिया गोशाला का किया निरीक्षण**

डीएम ने आवासीय श्रमिक विद्यालय का निर्माण कार्य देखने के बाद बेलहट एवम बेलवनिया गांव में बनी गौशाला देखने पहुचे। पशुओं को मानक के अनुरूप चारा ना देने की अव्यवस्था देख उन्होंने जताई नाराजगी। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह को चेतावनी दी।

# पीडब्लूडी के सड़क पर वर्षों के लगे पत्थर, राहगीर हो रहे चुटहिल

**समस्या**

**लकीर की फकीर पीट रही सड़क विभाग, जिम्मेदार मस्त, ग्रामीण त्रस्त**

**लालापुर।** क्षेत्र के इछौरा तिराहा से नागनपुर जाने वाली सड़क पर कई वर्षों के लगे पत्थर 50 मीटर इछौरा के नजदीक 50 मीटर पर पूरे पत्थर उखड़ गए हैं। इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन आज तक विभाग इस सड़क के पत्थर की जगह काली सड़क नही करवाया जिसका खामियाजा आने जाने वाले लोग भुगत रहे हैं। ज्यादातर स्कूली बच्चे चुटहिल हो रहे है। आज भी पुरानी पद्धति पर लकीर की फकीर पीट रही सड़क विभाग। सड़क से पत्थर उखड़ कर बाहर हो गए हैं इस पर दो पहिया तो दूर साइकिल लेकर निकलना मुश्किल है। गांव के गोपाल पाण्डेय प्रधान प्रतिनिधि, रामभवन मिश्र, मुन्ना पाण्डेय, दादू तिवारी, भंडारी भारतीया आदि ग्रामीणों ने मांग किया है कि लोकनिर्माण विभाग पत्थर की जगह गिट्टी बिछाकर काली सड़क बनवाए।


अपनी हालत बयां करती सड़क

# गंगा महासभा प्रयागराज की जिला कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन


बैठक में शामिल लोग

**नैनी।** गंगा महासभा प्रयागराज के तत्वावधान में गंगा भक्तों की आवश्यक बैठक मदन वाटिका बंधारोड देवरख में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे एवं संचालन गजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उक्त अवसर पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का चयन कर उन्हें नई जिम्मेदारियां दी गई।

पुनर्गठित कार्यकारिणी के मार्गदर्शक मंडल में महन्त राम रतन दास जी फलाहारी बाबा एवं महन्त अवधेश महाराज चक्र माधव के साथ ही अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांण्डेय, उपाध्यक्ष नीलेश्वर प्रसाद मिश्रा व सरदार परमजीत सिंह, महामंत्री शक्ति कृष्ण त्रिपाठी व महामंत्री (संगठन) गजेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री देवेंद्र कुमार शर्मा व संजीव गुप्ता, मंत्री (संगठन) प्रवीण तिवारी, प्रचार मंत्री आशुतोष मिश्रा तथा आमंत्रित सदस्य के रूप में पत्रकार नरेंद्र श्रीवास्तव का चयन हुआ। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को गंगा भक्तो ने शुभकामनाओं सहित बधाई दी गयी। बधाई देने वालों मे सर्वश्री बद्री प्रसाद मिश्र, सुनील गिरी, राकेश गुप्ता, विकास दुबे, विनोद शंकर तिवारी, कोमल पाठक, मीना जायसवाल, ब्रिजेन्द्र पाठक, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह सोलंकी, धीरेन्द्र चौधरी, सरदार परविन्दर सिंह आदि शामिल रहे।

**कुकर फटने से चाट विक्रेता एवं उसका भाई झुलसे**

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर निवासी मोहित केसरवानी चाट की दुकान लगाता है। बताते हैं, कि गुरुवार की शाम को तकरीबन चार बजे वह चाट के लिए कुकर में मटर उबाल रहा था। उसी दौरान वह तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर मोहित एवं उसका भाई मनोज झुलस गए। आनन फानन में इलाज के लिए दोनों को अस्पताल भिजवाया गया।

## 108 दिव्यांगों को मिली ट्राइसाइकिल

**बारा।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गुरुवार को दिव्यांगों को सहायक उपकरण व ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।विकास खंड शंकरगढ़ और जसरा के कुल 108 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल और 2 दिव्यांगों को 2 स्मार्ट केन प्रदान की गई। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन विकास खण्ड जसरा व शंकरगढ़ में किया गया। शिविर में विधायक बारा डॉ वाचस्पति द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। विकास खण्ड जसरा में 36 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व 2 स्मार्ट केन एवं विकास खण्ड शंकरगढ में 72 ट्राईसाइकिल का वितरण कर कुल 110 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी, विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, कुलदीप सिंह, व अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनाया गया सेठ आनंदराम जयपुरिया नैनी का द्वितीय स्थापना दिवस

**नैनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल नैनी, प्रयागराज में गुरूवार को विद्यालय का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल नैनी को एजुकेशनल वर्ल्ड द्वारा प्रथम स्थान दिया गया जिसको दिनांक 16 फरवरी को विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर हेड ऑफिस से आए हुए रुद्रांश शुक्ला जी द्वारा एजुकेशनल वर्ल्ड का सर्टिफिकेट डायरेक्टर सुशील तिवारी जी को दिया गया और विद्यालय को अच्छे कार्य करने हेतु पूरे जयपुरिया ग्रुप की तरफ से बधाई दी गई। प्रबंधक डॉ अजय कुमार एवं एडिशनल डॉ सुशील तिवारी ने गणेश प्रतिमा एवं सरस्वती मां के चरणों में पुष्प अर्पित किया, कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रों के साथ प्रारंभ किया गया। प्राचार्या प्रवीण रिजवी ने शिक्षा के क्षेत्र में सेठ आनंदराम जयपुरिया को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने की बात की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की उपप्राचार्या शालिनी श्रीवास्तव, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी गण विद्यमान थे।


डायरेक्टर सुशील तिवारी को एजुकेशनल वर्ल्ड का सर्टिफिकेट देते रुद्रांश शुक्ला

**कुएं में लगा समरर्सिबल चोरी,दी तहरीर**

**उरुवा।** कुएं में लगा 1 एचपी का समरसेबल अज्ञात चोरों ने रात के समय चोरी कर लिया। सुबह होने पर पीड़ित को जब पानी की आवश्यकता होने पर समरसेबल चलाने गया तो वह नदारद रहा। पीड़ित ने कुएं के आस पास काफी खोजबीन की लेकिन गायब समरर्सिबल का पता नहीं चला। थक हार कर पीड़ित व्यक्ति ने थाने जाकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। मेजा थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी त्रिलोकी सिंह ने अपने कुएं में 1 एचपी का समरसेबल लगा रखा था। बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने कुएं से उक्त समरसेबल को चोरी कर लिया।

## फुटेश्वर धाम सारीपट्टी में महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर तैयारियां पूरी

**बहरिया।** विकास खण्ड बहरिया के सारीपट्टी, करनाईपुर गांव में फुटेश्वर धाम (फुटहवा महादेव) के नाम से प्राचीन मन्दिर स्थिति है। इस धाम में महाशिरात्रि पर भव्य मेला लगता है। यहां पर दूर-दराज से लोग भगवान शिव जी के दर्शन करने के लिये आते है । तथा इस पर्व पर लोग अपनी मान्यता के अनुसार निशान भी चढ़ाते है। भक्त जनों को कोई समस्या न हो इस लिये उक्त धाम में प्रशासन की भी भूमिका अहम होती है । फुटेश्वर धाम में आये हुये लोग मेले का भी लुफ्त उठाते हैं । आस-पास के समस्त सम्मानित लोंगो एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मेले को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाता है।

## विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी वैज्ञानिक सोच की झलक


बच्चों द्वारा बनायी रंगोली

**नैनी।** आरआरबी ग्रुप के कानवेंट स्कूल पीडीए कालोनी और पब्लिक स्कूल बलापुर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कानूनगो सुष्मिता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में पेरिस कॉप, वाटर बबल, वाटर प्यूरीफायर, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी, कूलर, वैक्यूम क्लीनर, रॉकेट लांचर, मानव हृदय, प्लयूशन कंट्रोल, हाइड्रोलिक चेयर, वायोगैस प्लांट, ग्रीन हाउस इफेक्ट, ग्लोबल वार्मिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वायु ऊर्जा, मानव जीवन में विज्ञान का महत्व, एलपीजी गैस बनाना आदि मॉडलों को प्रस्तुत किया गया। अवलोकन के दौरान बच्चों ने अतिथियों को माडल के विषय में विस्तृत जानकारी भी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के वैज्ञानिक सोच की झलक दिखी। इसका श्रेय यहां के शिक्षकों को जाता है, जो अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। उन्होंने बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुलेखा मिश्रा, अनु महरोत्रा एवं प्रबंधक पिंकेश मिश्रा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामचरितमानस व्याख्यान संग रामायण कान्क्लेव का समापन

**लालगोपालगंज।** पौराणिक स्थल श्रृंगवेरपुर धाम स्थित पर्यटन विभाग और सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रामायण कान्क्लेव का समापन रामचरितमानस ग्रन्थ के व्याख्यान के साथ किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के अलावा रामायण मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

रामायण कान्क्लेव के समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके साथ आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में दूर दराज से आए कवियों शायरों और कवित्रियों ने कविताएं प्रस्तुत किए। अधिकांश कवियों ने रामचरित मानस की चौपाइयों पर आधारित रचनाएं पढ़ी। मुख्य अतिथि एसडीएम सोरांव डा. कंचन, खंड विकास अधिकारी प्रवीण आनंद, रामायण मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. बालकृष्ण पांडेय, महामंत्री उमेश द्विवेदी, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी रामनरेश पाल आदि विद्वानों ने अपने विचार रखे। संचालन डा. आभा श्रीवास्तव ने किया। आभार क्षेत्र पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने जताया। इस अवसर पर शैलेंद्र मधुर, पियूष मिश्रा, अमित द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।


रामायण कान्क्लेव के समापन समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए

## विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची संयुक्त निदेशक

**करछना।** विकासखंड करछना की सबसे छोटी गांव पंचायत रैपुरा में बुधवार को पहुंची संयुक्त निदेशक पंचायती राज प्रवीणा ने विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान गांव में बनाए गए पंचायत भवन में मौजूद ग्रामीणों से भी उन्होंने कराए गए विकास कार्यों के बाबत पूछताछ की। कई जगह मौके पर पहुंचकर उन्होंने स्वयं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गांव में मानक के अनुरूप समय से कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए संयुक्त निदेशक ने सराहना भी की। उनके साथ रहे डीडी पंचायत राज जयदीप त्रिपाठी ने भी विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गांव के लोगों से वार्ता की। दौरान मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ग्राम सचिव और प्रधान सहित गांव के लोग भी मौजूद रहे।


उत्तर मध्य रेलवे G20

निविदा सूचना सं.11120222023 दिनांक- 13.02.2023

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 15.03.2023 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं । कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | निविदा नं. | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (₹) | बयाने की रकम (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 337 | सहायक मण्डल इंजीनियर / उत्तर मध्य रेलवे/नैनी के अधीन [illegible] में सुधार और ट्रॉली रिफ्यूज की मरम्मत का कार्य । | ₹ 1,96,76,343/- | ₹ 248400/ |
| 2 | 338 | वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/प्रथम/प्रयागराज के सेक्शन में आर- 260 [illegible] एवं [illegible] उपकरणों के आपूर्ति का कार्य । | ₹ 1,18,53,706.58 | ₹ 209300/- |
| 3 | 339 | सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/मिर्जापुर के अधीन कुम्भमेला 2025 से सम्बन्धित [illegible]/कर्मचारियों के लिए विश्रामालय के विस्तार और आवास के सुधार का कार्य । | ₹ 1,14,56,085.81 | ₹ 207300/- |

कार्य समापन की अवधिः क्र.सं.1 और 2 के लिए : 12 माह, क्र.सं.3 के लिए : 10 माह

निविदा खुलने की तिथि : क्र.सं.1 से 3 लिए : 15.03.2023

सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः क्र.सं.1 के लिए: अर्थ वर्क इन फारमेशन, क्र.सं. 2 के लिए: थर्मिट वेल्डिंग, क्र.सं.3 के लिए: कोई सिविल इन्जीनियरिंग कार्य

नोटः 1. [illegible] 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। 255/23 (ADM)



श्री यथार्थ आईएएस द्वारा निःशुल्क सेमिनार का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथिगण

# प्रयागराज

## मौसम

अधिकतम : 27.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

### जल संचयन पर निबंध लेखन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ प्रयागराज के तत्वधान में प्रदेश अध्यक्षासुलोचना मौर्य के निर्देशन में रविवार को अलग-अलग विद्यालयों में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल संचय हेतु विकसित हो रहे अमृत सरोवर की महत्ता / बालिका शिक्षा एवं उसकी महत्ता विषय पर निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसमे काफी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया, तथा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक चित्रकारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विषय को रंगों व लेखनी के माध्यम से उकेरा।

## प्रेम प्रसंग में छात्र को मारी गोली

**फाफामऊ।** प्रयागराज कमिश्नरेट के गंगानगर क्षेत्र में कोचिंग से लौट रहे 11वीं के छात्र को गोली मार दी गई। प्रेम-प्रसंग के चक्कर में साथ में पढ़ने वाले दो साथियों समेत 3 लड़को ने तमंचे से गोली मारी। उसे गंभीर अवस्था में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गंगानगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव निवासी छगन लाल साहू चाय की दुकान चलाते है। उनका बेटा मनीष कुमार साहू शांतिपुरम स्थित एक स्कूल में 11वीं का छात्र है। उसके साथ 2 लड़के पढ़ते थे। इस बार वह दोनों दूसरे स्कूल में पढ़ने लगे थे। परिजनों के मुताबिक रोज की तरह 16 फरवरी को सुबह साइकिल से कोचिंग गया था। वहां से 1.30 बजे वह छूटा तो साइकिल से ही घर लौट रहा था। शांतिपुरम में शिवगंगा विद्या मंदिर स्कूल के पास पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार 3 लड़कों ने उसे रोक करके गाली गलौज करने लगे। मनीष ने विरोध किया तो



गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती छात्र

उनमें से एक लड़के ने तमंचा निकाल करके उसे गोली मार दी। मनीष के पेट में गोली लगी है। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग उधर दौड़े लेकिन बाइक सवार 3 लड़के मौके से भाग गए। मनीष वहीं लहूलुहान होकर गिर गया। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर फाफामऊ थाना प्रभारी आशीष सिंह मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में



सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

भर्ती कराया। उसके बाद घरवालों को खबर दी गई। छात्र की हालत स्थिर बताई जा रही है। थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि छात्र ने हमला करने वाले दो लड़कों का नाम बता दिया है। तीसरे को नहीं पहचानता है। उसके मोबाइल से व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम चैटिंग, मैसेज, फोटो और वीडियो मिले हैं। जो प्रेम-प्रसंग की तरफ इशारा कर रहे हैं। लड़की उनके क्लास में पढ़ने वाली है। जिसे मनीष और हमलावर युवक दोनों अपना मानते हैं। इसी बात को लेकर दोनों में पिछले कई महीने से तना-तनी चल रही है। फिलहाल हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। अभी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### मासूम की मौत के मामले में पुलिस की हीला हवाली

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के मवैया गांव में दो दिन पूर्व संदिग्ध हालत में एक साढ़े 4 वर्षीय बालिका की कुएं से संदिग्ध हालात में शव बरामद हुआ था। बताया जाता है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि बताई जा रही है। वहीं मृतका के पिता संजय कुमार यादव पुलिस को तहरीर देने में एड़ी चोटी का दम लगाए हुए हैं, लेकिन पुलिस तहरीर न लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट रूप से ना आने और आला अफसरों के यहां होने की बात कहकर पल्ला झाड़ने में लगी हुई है। अभी तक पीड़ित को पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक नहीं दी गई है। सवाल उठता है कि आखिरकार पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल करने में कतरा क्यों रही है। आखिरकार वह बच्ची रात के जाड़े के सन्नाटे में क्या अकेले अपनी मां के पास सो रही क्या वह कुएं के पास पहुंच सकती है। कुएं की ऊंचाई से वह छलांग लगाने में असमर्थ हो सकती है। घर के बाहर स्वांग के ना कोई आवाज करना। जबकि सूचना मिलने पर 112 नंबर पुलिस जब मौके पर पहुंची थी तो, सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो बाहर मौजूद स्वांग लगातार आवाज करने में जुटे हुए थे। जिस कमरे में कृष्णा और पवन सो रहे थे देर रात लगभग 1:00 बजे उनके दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली थी। उन दोनों की की मां ने आवाज मिलने पर कुंडी को खोला था।

## कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चार वाहन शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली पुलिस ने चार शातिर वाहन चोर को बृहस्पतिवार गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। कोतवाली पुलिस कई दिनों से चोरों पर अपनी पैनी नजर रख रही थी। कोतवाली पुलिस क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के साथ मिलकर मोटर वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ दिया। सटीक सूचना मिलते ही मौके पहुंची टीम जीआईसी स्कूल व रेलवे क्रासिंग के मध्य फ्लाईओवर के नीचे से मुखबिर की सूचना पर चार वाहन चोरो को धरदबोचा। पकड़े गए चोर अलग जगह के रहने वाले है। जिनका नाम तरुण निषाद पुत्र अवधेश निषाद उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज 19 वर्ष अभिषेक पासी पुत्र दीपचन्द पासी उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज प्रयागराज 19 वर्ष रवि पाल पुत्र ननका पाल प्रेमनगर थाना कैण्ट प्रयोगराज 21 वर्ष अब्दुल शेख उर्फ हुसैन पुत्र खुद्दूस शेख मालदा टाउन थाना मानिकचन्द जिला मालदा (प0 बंगाल) हाल पता हड्डी गोदाम थाना करेली 28 वर्ष प्रयागराज में रहता है। शातिर वाहन चोर गैंग के कब्जे से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी, 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर,4000 रु0 नकद व 06 अवैध देशी बम बरामद हुआ। पुलिस की कड़ी पूछताछ में चोरो ने बताया पूरा सच कैसे करते थे चोरी,पुलिस के अनुसार चोरी करने वाला गैंग योजना बनाकर अलग-अलग जनपदों में भीड़भाड़ वाले इलाके में मोटरसाइकिल की रेकी करते थे कोई व्यक्ति जैसे ही मोटरसाइकिल खड़ी मार्किट के अन्दर जाता व सामान लेने जाता उस व्यक्ति का पीछा करते थे आस-पास चोरों की टीम मोटर साइकिल पार्क करने वाले व्यक्ति के पास मंडराती थी। मौका पाकर चोर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो जाते थे और नंबर प्लेट बदल देते थे ताकि उसकी पहचान न हो सके। इस बड़ी सफलता में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुदित राय,एसआई आकाश सचान, एसआई संजय गुप्ता व क्राइम ब्रांच की टीम कृष्ण कुमार सरोज, सरोज सिंह,अनुराग यादव, मनोज कुमार, सुनील यादव ने अहम भूमिका निभाई।


## संक्षेप

### साल भर किए गए समाज सेवा का मातृ स्नेह फाउंडेशन ने की समीक्षा



**प्रयागराज।** गुरुवार को मातृ स्नेह फाउंडेशन प्रशासनिक कार्यालय जॉर्ज टाउन में विगत एक वर्ष के सभी सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई ' जिसमें फाउंडेशन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए वर्ष भर के सेवा कार्यों की गहन समीक्षा की गई ' खास करके गरीब, अनाथ तथा बेसहारा बच्चों के शिक्षा एवं संस्कार, पर्यावरण जागरूकता तथा चिकित्सा के संबंध में मेडिकल कैंप सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई ' इस वर्ष 13 मेडिकल कैंप तथा 129 गरीब और अनाथ बच्चों के स्कूल की फीस एवं कॉपी किताब, 6 कुष्ठ रोगियों की पूरी देखभाल एवं उनका इलाज, शिक्षक दिवस के अवसर पर अनेक शिक्षकों का वृहत स्तर पर सम्मान, अनेक स्कूलों में वाटर कूलर उपलब्ध कराना तथा पर्यावरण जागरूकता जैसे कार्यों क्षेत्र में फाउंडेशन की एक नई पहचान है ' इसके साथ साथ आने वाले वर्ष में फाउंडेशन की कार्यकारिणी तथा सभी सेवाओं के एक नई रूपरेखा तैयार की गई ' अपने उद्बोधन में फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संरक्षक श्री नागेंद्र सिंह ने बताया की विगत अनेकों वर्षों से फाउंडेशन ने पवित्र सेवा भावना से जो समाज की सेवा की है उससे फाउंडेशन की एक अलग पहचान बनी है ।तथा उपेक्षित और वंचित गरीब वर्ग को पूरा पूरा लाभ मिला है ' उन्होंने पूरे मनोबल के साथ सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को सेवा कार्य में जुटे रहने का संदेश दिया ।तथा इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया '

### मंत्री दानिश अली का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को अल्पसंख्यक कल्याण मोहकमे के मंत्री अली जनाब दानिश आजाद अंसारी सहाब के इलाहाबाद के प्रथम आगमन पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला सहयोंजक फरीद साबरी और उनकी पूरी टीम ने बाढ़ चढ़ कर इस्तकबाल और खैर मकदम क्या और मान्य मंत्री जी को शाल बुके और अबुल कलम जी की तस्वीर भेट की और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मान्य मुख्यमंत्री जी का शुक्रिया अदा कर्ता हू आपने मुस्लिम समाज का खयाल करते हुए उनको आगे बढ़ाने का काम क्या इसके लिए पसमांदा समाज आपका शुक्रिया अदा कर्ता हैमुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला सहयोंजक फरीद साबरी, सुहैल अहमद सिद्दिकी, असजद मसीह, हाफि ज जुलफिकार, युवा सहयोंजक वकीम अहमद, युवा सह सहयोंजक मोहम्मद अहसन (अजहर ), इख्लाक हुसैन, परियां वरणं मोहम्मद मामून,हाजी मो अशफाक,अमन खान, आदि लोग मौजूद रहें!

### दिल्ली के कारोबारी द्वारा पत्रकार के साथ ठगी

**नैनी।** नैनी थानाक्षेत्र के एडीए कालोनी निवासी एक हिंदी दैनिक पत्रकार के साथ बीते एक माह पूर्व दिल्ली के एक कारोबारी द्वारा 7500/- रुपए ठगी कर ली गई। मिली जानकारी के अनुसार एडीए कालोनी निवासी राजीव कुमार वर्मा एक हिंदी दैनिक के पत्रकार है बीते दिवस उन्होंने पेपर प्लेट (डिस्पोजल प्लेट मसीन लगवाया और व्यवसाय का प्रयास किया। उसी समय पहाड़ गंज दिल्ली के कारोबारी श्याम कुमार से ऑन लाइन संपर्क हुआ उन्होंने ६३२४स्त्र के मध्यम से पेपर सीट का रेट भेजा। उनकी दुकान की जानकारी भी पहाड़ गंज से मिली कि वहा दुकान है। इसके बाद 10000 पेपर शीट की कीमत 15000/- में से 7500/- रुपए 04जनवरी 2023 को गूगल पे के माध्यम से भेज दिए गए। इसके बाद से उक्त कारोबारी द्वारा ठगी की कोशिश शुरू की गई। उसी समय से कारोबारी श्याम कुमार सीट भेजने का आश्वासन देता रहा इस बीच उसने पहले ट्रांसपोर्ट से सीट भेजने की बात कही और फर्जी बिल्टी भी भेज दी। हफ्तों सीट पहुंचने का इंतजार किया गया उसके बाद कारोबारी ने ट्रेन से सीट भेजने की बात कहा। कई बार कहने पर उसने पुन बिल्टी भेजी इस बार किसी दलाल के माध्यम से सीट भेजने की जानकारी दी गई। इस बार भी धोखा ही मिला। इसके बाद से बराबर कारोबारी फोन के माध्यम से और wÔtsup के माध्यम से बार बार 7500/- वापस करने का आश्वासन दिया जाता रहा परंतु यह शायद उसके ठगी का तरीका है। अंततः पत्रकार राजीव कुमार वर्मा ने साथी पत्रकारों के साथ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर ठग कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ एवम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर ऐसे ठग कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस ठग की वजह से तीन माह में ही शुरू किया गया व्यवसाय बंद करना पड़ा और भारी नुकसान हुआ इससे पत्रकार को आर्थिक एवम मानसिक नुकसान पहुंचा।

### मऊआइमा में सामूहिक विवाह में 64 जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक दूजे के बंधन में बंधे

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 63 हिन्दू जोडों ने सात फेरे लिए ।और एक मुस्लिम जोडा को मौलाना ने निकाह पढाया। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के हजारो लोग मौजूद थे। मऊआइमा विकास खंड परिसर में गुरूवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें पंडित बबलू दुबे ने मैक से 63 जोडों का मंत्र उच्चारण के साथ सात फेरे दिलवा कर शादी करायी। तथा मौलाना कारी रहमतुल्लाह ने एक मुस्लिम जोडे का निकाह पढाया। जिसमें नगर पंचायत मऊआइमा के आधा दर्जन जोडों ने भी शादी रचाई। इस अवसर पर कन्या को कपडे,चांदी का पायल ,बिछिया आदि के अलावा कन्या को पैंतीस हजार का चेक कुल 51 हजार रुपये प्रती जोडा खर्च किया गया। इस सामूहिक विवाह में खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुवेर्दी ,ब्लाक प्रमुख अफसरून निशां ,पत्नी इम्तियाज समी ,ग्राम प्रधान और बीडीसी, सुभाष यादव ,इम्तियाज समी ,एंव एडीओ पंचायत प्रेम चंद्र आदि रहे।

## संतों ने जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महराज के ब्रह्मलीन होने पर जताया शोक

**शोक**

कहा कि वह सनातन धर्म के संरक्षण पर दें रहे थे जोर

पंजाब में बढ़ते आतंकवाद पर लगाया था सख्ती से अंकुश



**प्रयागराज।** जूना अखाड़ा के जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महाराज के आज ब्रह्मलीन होने पर संत और महात्माओं में शोक की लहर है। सभी ने ब्रह्मलीन जगदगुरु स्वामी पंचानंद गिरी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह सनातन धर्म के स्तंभ थे। उन्होंने सनातन धर्म को संरक्षण देते हुए एक नई दिशा दिया था। संत / महात्माओं ने कहा कि पंजाब में बढ़ते हुए आतंकवाद के दौरान उन्होंने आतंकवादियों से कई बार लोहा लिया था। उन पर कई बार आतंकवादियों ने जानलेवा हमला किया था लेकिन उन्होंने आतंकवादियों को मजबूती से मुकाबला किया और उनको परास्त किया। जगदगुरु पंचानंद महराज के ब्रह्मलीन होने पर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज चरखी दादरी आश्रम हरियाणा, किन्नर अखाडा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महाराज, उत्तर प्रदेश किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंदगिरी, वृंदावन के सिद्ध पीठ बंसीवट के पीठाधीश्वर स्वामी जयरामदास महाराज, बंसीवट सिद्ध पीठ के युवा संत स्वामी बृजनंदन दास महाराज बंसी बाबा (सतुआ बाबा), महामंडलेश्वर स्वामी राघव दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामतीर्थ दास महाराज, चित्रकूट की मानस प्रवक्ता राधिका वैष्णव, डॉ राधाचार्या जी, स्वामी अमृत दास महाराज सहित प्रमुख संत / महात्माओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया था। सभी ने एक स्वर में कहा कि उन्होंने सनातन धर्म को सदैव संरक्षण दिया और लोगों को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने के लिए बराबर प्रेरित करते रहे। वह देश ही नहीं विदेश में भी सनातन धर्म की धर्म ध्वजा को फहराया था।

## श्री यथार्थ आईएएस द्वारा निःशुल्क सेमिनार का आयोजन

**प्रयागराज।** सिविल लाइन क्षेत्र में गुरुवार को सिविल सेवा की तैयारी कराने वाली संस्था श्री यथार्थ आई ए एस के तरफ से प्रयाग संगीत समिति में देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक अवध ओझा सर द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में 4500 से अधिक सिविल सेवा प्रतियोगी छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में अवध ओझा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । तत्पश्चात श्री यथार्थ आईएएस के निदेशक धर्मेंद्र कुमार जी ने बुके एवम शाल पहना कर स्वागत किया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अवध ओझा जी ने कहा कि कुछ बनने के लिए कुछ बनना पड़ता है , ये प्रयागराज की भूमि सृजन की भूमि है और आगे अपने उद्बोधन में यह बताया कि छात्रों को द्वंद का शिकार होने पर तैयारी नही हो पाती अतः द्वंद या भय को अपने ऊपर ना हावी होने दें पहले पढ़ो फिर उसे समझो इस रणनीति से आपकी तैयारी आसान हो जाएगी

और आपको इससे सफलता मिलेगी । और एक सिविल सेवक के ऊपर अपने देश और समाज की जिम्मेदारी होती है अतः आपका जिम्मेदार होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी अगले 6 दिन श्री यथार्थ आईएएस में छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए सर ने बताया कि कम समय में सफलता कैसे प्राप्त करे



छात्रों को मार्गदर्शन देते अवध ओझा सर

का जवाब दिया कि पढ़ाई में शुरू के 3 महीने बहुत ही मायने रखते हैं शुरू के 3 महीने में सीखने की प्रक्रिया को अपनाए ऐसी गलती करने पर आपको सफलता प्राप्त में अड़चन होगी और साथ ही साथ अपना नोट्स अपने से बनाना चाहिए और अपनी तैयारी करें। विषयो का चयन अपने से करें जिससे आपको पढ़ने में मजा आयेगा और तभी आपको सफलता प्राप्त होगी।

संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर धर्मेन्द्र जायसवाल जी ने बताया कि छात्रों को दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने की आवश्यकता नही है क्यों की दिल्ली जैसी सुविधा प्रयागराज के विद्यार्थियों को अवध ओझा सर के मार्गदर्शन में भारत के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक एवम शिक्षक दिल्ली से आधे फीस में सम्पूर्ण सुविधाओ के साथ प्रारंभ किया जा रहा है । श्री यथार्थ आईएएस का उद्देश्य है कि छात्रों को गुणवत्तापरक बेहतर मार्गदर्शन अवध ओझा सर द्वारा आन लाइन / आफ लाइन जैसी सुविधा के साथ अन्य समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराया जाय।

साथ ही धर्मेंद्र जी ने बताया कि श्री यथार्थ आईएएस में अगले 6 दिनो तक अवध ओझा जी अपना मार्गदर्शन देंगे सुबह और शाम 2 क्लास चलेंगी । क्लास में प्रवेश से पूर्व संस्थान से संपर्क करके अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें रजिस्ट्रेशन के उपरांत ही क्लास रूम में प्रवेश दिया जायेगा। संस्थान में आज 17 फरवरी से बैच प्रारंभ होंगे। जिसमे यूपीएससी/ सीएसई हेतु एवम इतिहास विषय के ऑप्शनल बैच अवध ओझा सर द्वारा किया जायेगा।

## आठ साल पहले पुलिस कस्टडी से फरार मुल्जिम गुजरात से गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल से आठ साल पहले फरार हुए मुल्जिम को एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को गुजरात के सूरत शहर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवराज कोरी ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया था। इसी मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आठ साल पहले उसे नैनी जेल से एसआरएन हास्पिटल इलाज के लिए लाया गया था। यहां पुलिस वालों को गच्चा देकर वह भाग निकला था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर प्रयागराज लाने की कार्रवाई की जा रही है।फैजाबाद के कुमारगंज दत्तीपुर निवासी युवराज की शादी सुल्तानपुर के हलियापुर की रोशनी के साथ हुई थी। नौ सितंबर 2010 को दोनों में झगड़ा हुआ। मायके जाने की जिद थामे बैठी रोशनी को युवराज ने कुल्हाड़ी से काट दिया था। 10 सितंबर को युवराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दी। युवराज को नैनी जेल में बंद किया गया था। 27 दिसंबर 2015 को पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे एसआरएन लाया गया। दो सिपाहियों को देखरेख के लिए लगाया गया था। सिपाहियों को गच्चा देकर 28 दिसंबर को युवराज भाग निकला। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि मुखबिरों ने कुछ दिन पहले युवराज के बारे में बताया था कि वह गुजरात के सूरत शहर में रह रहा है। टीम वहां पहुंची और बृहस्पतिवार को सिद्ध कुटीर कार मेला के पास से युवराज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवराज ने बताया कि हाईकोर्ट से जमानत अपील खारिज होने के बाद वह निराश हो गया था। उसे लगने लगा था, अब उसे जेल में ही पूरी उम्र बितानी पड़ेगी।इसी कारण जेल से भागने का मन बना लिया। नैनी जेल में काफी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। इस कारण वह सफल नहीं हो पाया। बाद में उसने अस्पताल से भागने का प्लान बनाया। उसे पेट दर्द का बहाना बनाया। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान मौका देखकर वह भाग निकला। वह सीधा गुजरात गया और अपनी बहन के घर पर रहने लगा। यहीं पर उसने मध्य प्रदेश की पूजा से दूसरी शादी भी कर ली थी। युवराज को आज ही कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया गया। ट्रांजिट रिमांड पर उसे प्रयागराज लाया जाएगा।

## गुरु के बगैर कल्याण सम्भव नही है : अंकुश जी महराज

### एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने कथा व्यास का लिया आशीर्वाद

**कथा**

गुरु मान लेना पर्याप्त नहीं होगा गुरु की मानने से कल्याण होगा : अंकुश जी महराज



कथा के यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल व धर्म प्रकाश शुक्ल परिवारसहित कथा पीठ की आरती करते हुए

**मेजा।** बगैर गुरु के किसी का कल्याण नहीं हो सकता है और गुरु शिष्य की मयार्दा होनी चाहिए उक्त बातें माण्डा विकास खण्ड के ऊँचडीह में रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव पुराण कथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथा व्यास श्री अंकुश जी महराज ने शिव भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा । उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य के मध्य अभिमान रहेगा तब भी कल्याण नहीं होगा । उन्होंने बताया कि रावण ने शंकर जी को गुरु बनाया था उनके सामने अपने शीश काटकर अर्पित कर देता था लेकिन जब रावण को शंकर जी को प्रणाम करना होता था तो वह झुकता नहीं था वह कैलाश पर्वत को उठा लेता था तो गुरु और शिष्य के मध्य अहंकार रूपी कैलाश पर्वत नहीं होना चाहिए । गुरु मान लेना पर्याप्त नहीं होता गुरु की मानने से कल्याण होगा । उन्होंने कहा अगर गुरु बनाने पर भी हमारा कल्याण नहीं हो रहा है तो हमारे शिष्यत्व में कमी है । इसी प्रकार से कथा व्यास श्री अंकुश जी महाराज ने शिव की महिमा के तमाम प्रसंगों पर विस्तार से कथा कही ।

कथा का शुभारम्भ से पूर्व यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल सपत्नीक,आयोजक धर्मप्रसकाश शुक्ल(महादेव) सपत्नीक व धनंजय शुक्ल परिवार सहित कथा पीठ की आरती पूजन किया । गुरुवार को एसीपी मेजा विमल कुमार मिश्र, अधिवक्ता अभिषेक कुमार मिश्र ने श्री अंकुश जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

### प्रथम पूज्य गणेश जी का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

भक्तों ने श्री गणेश जी के मनोहर रूप का किया दर्शन

**मेजा।** शिव कथा के दौरान बड़े ही धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया न श्री गणेश जी के जन्म दिन के अवसर पर भक्त गण खूब नाचे गए,उत्सव मनाया गया ,यजमान परिवार ने पूजन आरती किया । श्री अंकुश जी महाराज में श्री गणेश जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेशजी की पूजा के बिना कोई भी पूजा पूरी नहीं मानी जाती. इन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है, जो अपने भक्तों के सारे विघ्नों या संकटों को दूर करते हैं. सभी नए, शुभ या मंगल कार्यों की शुरूआत गणेश जी की पूजा-आराधना से ही होती है, इसीलिए इन्हें प्रथम पूज्य कहा जाता है. भगवान



श्री गणेश जी की पूजा करते धर्मप्रसकाश शुक्ल व परिवार के लोग

गणेशजी बुद्धि और ज्ञान के देवता हैं, इसलिए विद्या आरंभ करने से पहले मां सरस्वती जी के साथ उनका भी ध्यान किया जाता है. जैसे तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की पहली चौपाई में मां सरस्वती और गणेश जी की ही वंदना की है । श्री गणेशजी अपने उपासकों पर जल्द प्रसन्न होकर उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं और इनका एक नाम 'मंगलमूर्ति' है । गणेशजी की पूजा-आराधना की विधि भी सरल है और वे श्रद्धा से की गई थोड़ी सी ही पूजा से प्रसन्न हो जाते हैं ।

## संक्षेप

### दोआबा के 16 गांवों में चौपाल आज

**कौशाम्बी।** दोआबा के सभी आठ विकास खंड क्षेत्र की दो-दो गांवों में आज यानी शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।
मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने बताया कि चायल ब्लॉक के जलालपुर शाना एवं उमरपुर नीवां, नेवादा के मुस्तफाबाद, जलालपुर भर्ती, मूरतगंज के आदमपुर नादिरअली, पंसौर, सरसवां के शिवरा, बैरमपुर, मंझनपुर के अम्बावां पूरब, मिजार्पुर उर्फ खोजवापुर, कौशाम्बी के मंहगूपुर, कायमपुर, सिराथू के मोहम्मदपुरवारी, तुलसीपुर तथा कड़ा अलावलपुर टिकरी एवं ताजमल्लहन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### वाहन में मवेशियों को लाद रहे चोरों को खदेड़ा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव में बुधवार रात मवेशियों को वाहन में लाद रहे चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ लिया। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर चोरों को पकड़ने का काफी प्रयास किया। पर, चोर फरार हो गए। मवेशी मालिक ने थाने में तहरीर दी। कसेंदा गांव निवासी कामता प्रसाद यादव किसान हैं। उन्होंने मवेशी भी पाल रखे हैं। वह अपने मवेशियों को गांव से बाहर गोशाला में बांधते हैं। बुधवार रात वह गोशाला में ही मवेशियों के पास सो रहे थे। इसी दौरान रात में पिकअप और कार लेकर आधा दर्जन चोर वहां पहुंचे। चोर कामता की भैंस पिकअप में लाद रहे थे। इसी दौरान कामता की नींद खुल गई। कामता के शोर मचाने पर लोगों को आते देख चोर दोनों वाहन लेकर फरार हो गए।

### अलग-अलग जगह से चार भैंस चोरी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के गांजा गांव निवासी उमेश कुमार मजदूरी करता है। उसने मवेशी पाल रखे हैं। वह अपने मवेशियों को घर के बाहर बांधता है। बुधवार रात दरवाजे पर बंधी भैंस को चोरों ने पार कर दिया। सुबह मवेशी को नदारद देख उसके होश उड़ गए। उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। वहीं चरवा थाने के काजू गांव निवासी राम आसरे की भी दो भैंस घर के बाहर से चोरों ने पार कर दी। उसने भी सुबह थाने में चोरी की तहरीर दी। इसके अलावा सराय अकिल थाने के कोटिया गांव निवासी चरन अपने मवेशियों को बरामदे में बांधकर कमरे में सोने चला गया। इसी दौरान चोरों ने उसकी भी भैंस पार कर दी। उसने भी थाने में घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डीएम, एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

## बोर्ड परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के डीएम, एसपी ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत यू0पी0बोर्ड परीक्षा-2023 के पहले दिन गुरुवार को जिला कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा, रियाज इण्टर कॉलेज उखैया खास, करारी इण्टर कॉलेज एवं जे0एस0 इण्टर कॉलेज भैला गुवारा परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर विस्तृत जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकलविहिन सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कक्ष, स्ट्रॉग रूम एवं परीक्षा कक्ष के अवलोकन के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारियां को परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकलविहिन सम्पन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 शासन एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रॉग रूम की ड्यूटी 24 घण्टे पूरी मुस्तेदी के साथ किया जाय।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक



निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कक्ष में परीक्षार्थियों की फुटेज देखते हुए

## मां-बेटे के साथ बदमाशों ने तमंचे की नोक पर की लूटपाट

**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के भीखपुर मेंडवारा गांव के समीप बुधवार रात निमंत्रण से वापस लौट रहे मां-बेटे के साथ बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूटपाट की। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चरवा थाने के फरीदपुर गांव निवासी बलजीत पुत्र रामसुंदर किसानी करता है। बुधवार को अपनी मां राम कन्या देवी के साथ गौसपुर कटहुला गांव स्थित चक पर अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से गया था। वापस लौटते समय भीखपुर मेंडवारा गांव के समीप बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की नोक पर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने बलजीत की कनपटी पर तमंचा सटाकर पांच सौ रुपया नकद मोबाइल फोन और बाइक लूट ली। इसके बाद बदमाशों ने मां राम कन्या की गर्दन पर चाकू रखकर बारह सौ रुपया नकद और लगभग एक लाख रुपए के पहने हुए सोने.चांदी के जेवरात उतरवा लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। चीख पुकार मचाने के बाद मौके पर जुटे लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। परए वह रफूचक्कर हो गए। पीड़ित मां-बेटे ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई।

### करंट लगने से किशोरी झुलसी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट के हिनौता गांव की सुनैना देवी पुत्री राकेश कुमार गुरुवार सुबह घर पर कपड़ा प्रेस कर रही थी। तभी तार कटा होने के कारण करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति चिंताजनक है।

# लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## आरोपी एम्बुलेंस चालक मो० आरिफ को मुठभेड़ में पुलिस ने दोनो पैरों में मारी गोली

**कौशाम्बी।** लव जिहाद के मामले में पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में बड़ी कारर्रवाई की है। पश्चिम शरीरा पुलिस ने धर्मांतरण नहीं करने एवं घर में नमाज नहीं पढ़ने पर लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाले आरोपी एम्बुलेंस चालक मो० आरिफ को मुठभेड़ में गोली मारी है। दोनों पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मंझनपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी आज रात में कौशाम्बी छोड़कर यमुना के रास्ते नाव द्वारा चित्रकूट जनपद भागने की फिराक में था। मृतक चंदा सिंह पति की मौत के बाद अपनी दो बेटियों को आरोपी आरिफ के साथ तीन वर्षो से लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। करोड़ों की संपत्ति की मालकिन चंदा सिंह कुछ दिनों से मिजार्पुर में आरोपी के साथ रहती थी। जबकि आरिफ बच्चों को पैतृक गांव में छोड़ दिया था। आरोप है कि धर्मांतरण नही करने और नमाज नहीं पढ़ने के विरोध में आरिफ ने मिजार्पुर में ही चंदा सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

महेवाघाट थाना क्षेत्र के मिरदहन का पुरवा निवासी मो० आरिफ पुत्र हुसैन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस ड्राइवर है। लगभग चार साल पहले आरिफ की मऊ जनपद के स्वास्थ्य विभाग में एम्बुलेंस चालक के पद पर तैनाती हुई थी। वहीं पर उसकी मुलाकात करोडों की संपत्ति की मालिक चंदा सिंह उम्र ३५ वर्ष से मुलाकात हुई थी। पति की मौत के बाद वह अपनी दो बेटियों सृष्टि उम्र १४ वर्ष एवं बरखा सिंह उम्र आठ वर्ष के बाद तनहा जीवन व्यतीत कर रही थी। जैसे ही उसकी मुलाकात तारीख से हुई तो मानो उसकी जिंदगी में आशा की नई किरण जग गई। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई लेकिन आरिफ की नजर चंदा पर नहीं बल्कि उसके करोड़ों की संपत्ति पर थी। चंदा ने बिरादरी एवं धर्म की परवाह किए बगैर आरिफ के साथ जीने मरने के लिए तैयार हो गई। लगभग तीन साल पहले वह अपने दोनों बेटियों के साथ आरिफ के पैतृक गांव रहने के लिए आ गई। आरोप है कि आरिफ ने धीरे-धीरे उसकी ज्यादातर संपत्तियों को बेचवा दिया और उसकी रकम को हथिया लिया। जब ज्यादातर संपत्ति आरिफ ने अपने नाम कर ली तो फिर चंदा को रास्ते से हटाने की योजना भी बनाने लगा। योजना के तहत उसने चंदा पर धर्म परिवर्तन करने का एवं नमाज पढ़ने का दबाव भी बनाने लगा। चंदा के विरोध करने पर आरिफ उसकी पिटाई भी करने लगा। चंदा को अपने साथ लेकर मिजार्पुर चला गया। जहां पर १३ फरवरी को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद चुपचाप शव अपने गांव मिरदहन का पूरा लेकर आ गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी आरिफ घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया आज रात को मुखबिर से सूचना मिली कि आरिफ कौशाम्बी छोड़कर यमुना के रास्ते नाव द्वारा चित्रकूट भागने की फिराक में है। पुलिस ने पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पभोषा यमुना घाट किनारे आरिफ को घेर लिया। आरिफ ने पुलिस को आता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में आरिफ के दोनों पैरों में गोली लग गई। घायल अवस्था में आरिफ को इलाज के लिए मंझनपुर के जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना पश्चिमसरीरा में एक अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें जबरिया धर्मांतरण कराने और उसके विरोध करने पर एक युवती की निर्मम तरीके से हत्या की गई थी। इस संबंध में जो उसका मुख्य अभियुक्त आरिफ है। उसकी गिरफ्तारी के लिए आज पुलिस टीम गई हुई थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने पुलिस टीम पर हमला किया था। फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी हुई है। उसे जिला अस्पताल लाया गया है और इसमें जो भी नियमानुसार अग्रिम काररवाई है वह हम लोग कर रहे हैं।



पुलिस मुठभेड़ में घायल अपराधी को ले जाती पुलिस

# अपराधियों की धरपकड़ के लिए गयी पुलिस पर पथराव

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए बुधवार की रात्रि मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के थोंन गांव पहुंची जहां ग्रामीणों ने आधी रात को पुलिस टीम को गांव में देख कर ईट पत्थर से पथराव कर दिया जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए पुलिस टीम ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और आईपीसी की धारा 7 क्रिमनल ला एक्ट 307 353 332 427 सहित विभिन्न में गंभीर धाराओं में 21 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार छह आरोपियों को जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाल पुलिस चौकी अझुवा इंचार्ज उपनिरीक्षक सैनी और सात सिपाहियों के साथ पुलिस टीम बुधवार की रात्रि मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र के थोंन गांव में अपराधियों की धरपकड़ के लिए गयी थे आधी रात को गांव में पुलिस टीम को देखकर ग्रामीणों ने ईट पत्थर चला दिया जिससे कई सिपाही घायल हो गए पुलिस टीम ने ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित ग्रामीण नहीं माने पुलिस ने मौके से शैलेंद्र कुमार सतीश मौर्या द्वारिका प्रसाद एकलाख अहमद लवलेश मौर्या अमित कुमार रैदास को गिरफ्तार कर लिया है सैनी पुलिस ने 21 नामजद ग्रामीण और कई अन्य अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 7 क्रिमनल ला एक्ट 307 353 427 432 सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार 6 आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## शराब के नशे में भिड़े घराती जमकर हुई मारपीट

**कौशाम्बी।** कोखराज के मूरतगंज बाजार में स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार की रात शराब के नशे में घराती भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ। किसी भी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। मूरतगंज बाजार में स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार को प्रयागराज से बारात आई थी। द्वारचार की रस्म पूरी होने के बाद जयमाल हुआ। बारातियों ने खाना खाया। घराती खाली हुए तो उन्होंने महफिल सजा ली। शराब के नशे में घराती किसी बात को लेकर एक दूसरे को गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते बात इस कदर बिगड़ी कि लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। कुर्सी, मेज पलट दी गई। एक दूसरे को गेस्ट हाउस के अंदर पीटा गया। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस के आने पर मामला शांत हुआ। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

## दो सगे भाइयों समेत तीन को छह-छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** मामूली बात पर प्राणघातक हमला करने के बाद इलाज के दौरान मौत होने के मामले की सुनवाई के दौरान एडीजे प्रथम ने दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को छह छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और तीनों आरोपियों पर दस दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न अदा करने पर दो 2 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी मामला कौशांबी थाना क्षेत्र के पहाड़िया अशरफ पुर गांव का है। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के पहाड़िया अशरफ पुर गांव की भगवंती देवी के पति ने गांव के राजेंद्र पुत्र अनिल कुमार वा राजू पुत्र रामदीन और मोहन पुत्र रामदीन को पेड़ से आम तोड़ने से मना किया था जिस पर राजेंद्र राजू और मोहन ने भगवंती के पति पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था इलाज के दौरान भगवंती के पति की मौत हो गई थी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनांक 15 मार्च 2013 को मुकदमा अपराध संख्या 53 साल 13 दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा था मुकदमे की सुनवाई के दौरान एडीजे प्रथम ने दोनों सगे भाइयों समेत तीनों आरोपियों को छह छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है आरोपियों पर दस दस हजार रुपए का अदालत ने जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न अदा करने पर दो दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## कब्जे की शिकायत पर प्रधान को मिल रही धमकी

**कौशाम्बी।** चायल ब्लॉक के दरियापुर गांव में स्थित तालाब पर गांव के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इससे विकास कार्य बाधित है। ग्राम प्रधान शुभम सिंह ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। जांच शुरू हुई तो ग्रामीण खफा हो गए। अवैध कब्जा करने वाले लोगों ने ग्राम प्रधान को धमकी देना शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से की। मामले में डीएम ने अधिकारियों को कार्रवाई कराने का निर्देश जारी किया है।

## छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष की सजा

**कौशांबी।** नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने के आरोपी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय एडीजे 7 पाक्सो एक्ट ने आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और आरोपी पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड ना अदा करने पर 2 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गडरिया का पुरवा कोरिया गांव में नाबालिग बालिका से छेड़खानी के मामले में सैनी कोतवाली पुलिस ने दिनांक 15 सितंबर 2015 को मुकदमा अपराध संख्या 671 सन 2015 दर्ज कर आरोपी दिनेश कुमार सोनकर पुत्र राम प्रसाद सोनकर निवासी गडरिया का पुरवा कोरियो सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था छेड़खानी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए एडीजे 7 पास्को एक्ट ने आरोपी दिनेश कुमार सोनकर को छेड़खानी का दोषी पाया और आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड ना अदा करने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

### खेत गए किसान पर सांड़ ने किया हमला

**कौशाम्बी।** करारी के मुकीमपुर गांव का सोहनलाल किसानी करता है। गुरुवार सुबह वह खेतों की ओर गया था। वहां सांड़ ने उसके ऊपर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को मंझनपुर के निजी अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

### बंदरों ने दौड़ाया, छत से गिरकर महिला घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के बेनीराम कटरा गांव की सुरेखा देवी पत्नी संतोष कुमार गुरुवार सुबह कपड़ा फैलाने के लिए छत पर गई थी। तभी अचानक बंदरों का झुंड आ गया और उसे दौड़ा लिया। बंदरों से बचने के लिए सुरेखा भागने लगी और छत से नीचे गिर गई। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने लगाया कैंप

**कौशाम्बी।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने गुरुवार को सिराथू ब्लॉक के समीप शिविर लगाया। शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि मिलावटी सामान की बिक्री न करें। लोग अपने उत्पाद को कैसे बेचेंगे, इसकी जानकारी दी गई। दवा आदि की बिक्री की जानकारी दी। इस मौके पर प्रतिष्ठानों का पंजीकरण कर उनका लाइसेंस बनाया गया। अभी पांच कैंप और जनपद के विभिन्न स्थलों पर लगाए जाएंगे और शिविर के माध्यम से लोगों को जागरू किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाबउद्दीन सिद्दीकी, खाद्य सहायक अनिल एवं विजय शंकर मौजूद रहे।

### सातों के जंगल में घायल हिरण का बच्चा मिला

**कौशाम्बी।** गंगा किनारे सातों गांव के जंगल में हिरण का बच्चा घायल हालत में गुरुवार को मिला। वन विभाग के कर्मचारी राम सिंह यादव को इसकी सूचना दी गई। वह मौके पर पहुंचे। जानकारी होने पर गंगा गोमती सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनय पांडेय पहुंचे। घायल हिरण के बच्चे का इलाज किया। लोगों ने बताया कि प्रतापगढ़ क्षेत्र से अक्सर हिरण व अन्य जंगली जानवर आ जाते हैं। हिरण के बच्चे को वन विभाग की टीम ने अपने पास रख लिया है। वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि स्वस्थ होने के बाद हिरण के बच्चे को जंगल में छोड़ा जाएगा।

# एसबीडी स्कूल एंड कॉलेज में दूसरे दिन एनुअल फंक्शन का डीपीआरओ ने किया शुभारंभ

**कौशाम्बी।** जनपद कौशांबी के तिल्हापुर मोड़ स्थित स्वामी भगवान दास स्कूल एंड कॉलेज में दूसरे दिन के एनुअल फंक्शन में डीपीआरओ ने पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही बच्चों के द्वारा लगाई गई साइंस प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

तिल्हापुर मोड़ स्थित स्वामी भगवान दास स्कूल एंड कॉलेज में हो रहे एनुअल फंक्शन में आज दूसरे दिन डीपीआरओ कौशांबी बाल गोविंद श्रीवास्तव ने पहुंचकर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर फीता काटते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विद्यालय के मैनेजर ब्लॉक प्रमुख नेवादा प्रतिनिधि संदीप मिश्रा एवं प्रेसिपल डॉक्टर विंध्यवशिनी शुक्ला ने आए हुए मुख्य अतिथि को बुके व अंग वस्त्र एवं बैच देकर सम्मानित किया वहीं साइंस प्रदर्शनी में कक्षा 2 के बच्चें विमा पांडे एवं अनुराग साहू ने मॉडल ऑफ सोलर बनाया एवं कक्षा 3 की छात्रा प्रियांशी ने घना जंगल, एवं कक्षा 4 की छात्र मानवी वा आकृति ने मॉडल ऑफ ट्रांसपोर्ट बनाया, कक्षा 5 की छात्र वैष्णवी ने मॉडल ऑफ पलूशन एवं कक्षा 6 की छात्र अंजली पांडे,अश्विवा परवीन ने स्वच्छ भारत अभियान का दृश्य एवं कक्षा 7 की छात्र इसिता वा कीर्ति ने इनवॉर्मेंटल कॉन्सर्स एंड इसु, सोलर पावर एरिगेशन सिस्टम बनाया साथ ही कक्षा 8 के छात्र अनुज यादव वा पायल वर्मा ने मिलकर वाटर एनर्जी चेंज इंटू इलेक्ट्रिकल एनर्जी की प्रदर्शनी बनाया वही डीपीआरओ ने एक एक करके सभी के प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और बच्चों से मुलाकात कर लगाई गई प्रदर्शनी के बिसय में जानकारी भी ली। साथ ही निरीक्षण के दौरान बच्चों के उज्ज्वल भविश्य की कामना की। वहीं इसके बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा खोखो एवं 200 मीटर दौड़ का भी अयोजन किया गया जिसमे डीपीआरओ ने बच्चों के इस उत्साह को देखते ही खुस हो गए। इसके बाद मैनेजर वा प्रेंसीपल ने बताया की अब विद्यालय में बच्चों को 9 और 11 की भी शिक्षा सीबीएसएसी बोर्ड की मान्यता के साथ मिलेगी। वहीं आज भी कार्यक्रम का संचालन प्रिया पांडे ने किया। वही इस मौके पर मौजुद रहे विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप मिश्रा, एकेडमिक हेड श्रीमति प्रीति श्रीवास्तवा, एलिजा खान,दीपा कुशवाहा, सुप्रिया शर्मा, अशी पांडे, आरती मिश्रा, रेनू तिवारी,रोहित पांडे, विवेक मिश्रा स्पोर्ट कोच ( ब्लैक बेल्ट होल्डर ) एवं आशीष मिश्रा, प्रेंसिपल डिग्री कोलेज वेद प्रकाश पांडे एवं अन्य सिच्छक उपस्थित रहे।



बच्चों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पट्टी अब्दुल रऊफ गांव के समीप बुधवार को बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला ने देर रात दम तोड़ दिया। उसे मंझनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करारी के सैदनपुर गांव की हिरनी देवी (56) गृहणी थी। बुधवार को वह लकड़ी बीनकर पैदल ही घर जा रही थी। पट्टी अब्दुल रऊफ गांव के समीप पीछे से आए बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आई थीं। उसे मंझनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां देर रात सांस थम गईं। घटना के बाद से पीड़ित परिवारीजनों की रो-रोकर हालत खराब है। मृतका के बेटे सुनील कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मुकदमे के एक वांछित को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के खेंमसरी गांव निवासी विपिन सरोज पुत्र बफीर्लाल सरोज किशोरी के अपहरण के मुकदमें का वांछित था। मुखबिर की सूचना पर दरोगा जावेद खान ने गुरूवार की सुबह तिनमोहनिया के पास से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

### दुर्घटना में महिला घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की टक्कर से दुर्घटना मे महिला गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। बाबागंज के भरतपुर निवासिनी पूनम पाण्डेय 25 लालगंज के अमावां बाजार मे क्लीनिक का संचालन करती हैं। गुरूवार की सुबह वह भरतपुर से अमावां पहुंची। करीब साढे नौ बजे क्लीनिक के सामने स्कूटी मोडते समय अचानक लालगंज की ओर से आ रही बाइक ने स्कूटी मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पूनम को गंभीर चोटें आ गयी। स्थानीय लोगों ने आननफानन मे घायल महिला को लालगंज ट्रामा सेंटर उपचार के लिए ले आये।

# परीक्षा केंद्रों पर सचल दस्तों की रही पैनी नजर


परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी व प्रवेश पत्र देखता सचल दस्ता


प्रवेश पत्र दिखाती परीक्षार्थी

**प्रतापगढ़।** प्रशासन व विभाग के सचल दस्ते गुरुवार से प्रारंभ हुई यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए शासन कटिबद्ध है। प्रशासन व विभाग के सचल दस्ते लगातार परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर बनाए रहे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की गेट पर कड़ी तलाशी ली गई। परीक्षार्थी लाइन में लग कर तलाशी देते रहे। परीक्षा केंद्रों पर सख्ती को देखते हुए कुछ परीक्षार्थियों में घबराहट की स्थिति देखी गई। प्रतापगढ़ जिले में इस बार परीक्षा के लिए कुल 218 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर इंटर के 63,320 व हाईस्कूल के 62,028 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से कड़े इंतजाम किए गए हैं।जिला प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए केंद्रों पर 5 जोनल व 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। है। कैमरा व वॉइस रिकॉर्डर के माध्यम से परीक्षा की सुचिता पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से जिले के परीक्षा केंद्रों की निगरानी हो रही है। इसके अलावा लखनऊ में बैठे अफसर भी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। इस बार हाईस्कूल में 62 हजार 28 तथा इंटरमीडिएट में 63 हजार 320 परीक्षार्थियों के नामांकन हुआ है।जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार बोर्ड परीक्षा सकुशल संचालित हो रही है। दो दर्जन संवेदनशील केंद्र चिह्नित किये गये हैं। इन केंद्रों पर विशेष नजर रखी जायेगी। वहीं, एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आदिगंगा सई व गंगासागर से जल भरकर बाबा को अर्पित करेंगे शिवभक्त

**महाशिवरात्रि**

**बाबा घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने मे मशक्कत कर रहा प्रशासन**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के सुविधाजनक प्रबन्धो को लेकर गुरूवार को भी प्रशासनिक मशक्कत धाम मे तेजी से दिखी। महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पहले बाबा धाम मे बडी संख्या मे श्रद्धालु रैनबसेरा किया करते है। श्रद्धालुओं के रैनबसेरा को देखते हुए पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तैयारियो मे जुटी है वहीं महोत्सव आयोजन समिति की ओर से भी श्रद्धालुओं के पेयजल प्रबन्धो आदि पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालु आदिगंगा सई नदी तथा गंगासागर से भी जल भरकर बाबा का जलाभिषेक करेंगे। सई नदी तट पर एहतियातन खतरे के निशान के समीप बैरियर लगेगा, वहीं गंगा सागर मे श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त जल भी प्रवहमान दिखेगा। परिक्रमा मार्ग को भी चाक चैबंद किया जा रहा है। लालगंज से बाबा धाम के हाइवे की दोनो पटरियों पर भी लोक निर्माण विभाग को मरम्मत का कार्य शुरू करते देखा गया। एकता महोत्सव मे इस बार कई प्रदेश की सांस्कृतिक झांकियो के साथ चोटी के कलाकारो का भी जलवा बिखरेगा। इसे देखते हुए सांस्कृतिक रंगमंच की भी साजसज्जा आकर्षक बनायी जा रही है। पैदल यात्री सेतु के बाबा धाम के तटवर्ती छोर पर रंग बिरंगा फव्वारा भी इस बार श्रद्धालुओं के लिए ग्लैमर मे होगा। बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी लगातार यहां हो रही तैयारियो का अपडेट लेने मे लगे हुए हैं। सांसद प्रमोद तिवारी के निर्देश पर मेला संयोजक एवं प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी आयोजन समिति के कार्यकताओं के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने मे मशगूल दिखे। सांसद प्रमोद तिवारी आज महोत्सव की पहली शाम सत्रह फरवरी को बाबा धाम पहुंचेगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा बाबा धाम मे शुरू कराया गया यह महोत्सव उनकी सालाना कार्ययोजनाओं का ड्रीम हुआ करती है। वहीं महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर बाबा धाम मे संत महात्माओ का भी जमघट शुरू हो गया है। बाबा धाम मे तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर जलनिगम तथा स्वास्थ्य एवं पुलिस के साथ आयोजन समिति अपने अपने प्रबन्धों को सुनिश्चित करने के लिए गुरूवार से दिन रात एक करती भी देखी जा रही है। महाशिवरात्रि के दिन लालगंज में बड़े वाहनो का रूट डायवर्जन भी होगा। वहीं महोत्सव को देखते हुए लालगंज से बाबा घुइसरनाथ धाम तक आज शुक्रवार से रविवार तक अण्डे मछली तथा मांस आदि की दुकानों को प्रतिबंधित भी किया गया है। बाबा धाम में श्रद्धालुओं की महाशिवरात्रि पर अधिकता की संभावना को लेकर प्रशासन लालगंज से बाबा धाम के बीच डभियार तथा सई पार देउम चैराहे पर आज शनिवार की रात से बैरियर के जरिए बड़े वाहनो का प्रवेश वर्जित करने की भी कार्ययोजना के मंथन में दिखा। महाशिवरात्रि एवं राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर शनिवार से बाबा धाम मे पुलिस व पीएसी का भी कड़ा पहरा नजर आयेगा। सीसी कैमरे की निगरानी के बीच सांगीपुर, लालगंज, उदयपुर, संग्रामगढ़, लीलापुर थानों की फोर्स के साथ पीएसी के साथ जलपुलिस, टैज्फिक पुलिस, फायर सर्विस की भी अतिरिक्त तैनाती की गयी है। मुख्य मंदिर मे महाशिवरात्रि के दिन बाबा के दर्शन के लिए महिला श्रद्धालुओं की अलग पंक्ति के लिए भी मंदिर गेट से प्रबन्ध किया जाएगा।

## बंद घर से चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवर चुराए

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के जोत का पुरवा गांव में मेडिकल स्टोर संचालक के ताला लगे घर से नकदी समेत लगभग चार लाख की चोरी हो गयी है। गृह स्वामी परिवार सहित गांव से बाहर बारात गए हुए थे। वापस आने पर जब घर का हाल देखा तो होश उड़ गए। गृह स्वामी के अनुसार घर में रखा दस हजार कैश और चार लाख के जेवर चोर ले उड़े हैं। पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।हेशगंज थाना क्षेत्र के जोत का पुरवा झींगुर निवासी अशोक कुमार पांडे आजाद नगर मार्केट में मेडिकल स्टोर और टेंट हाउस का संचालन करते है। 15 फरवरी की रात परिवार सहित अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गए हुए थे। उनके मकान का ताला बंद था। बुधवार रात ही 3 बजे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। चैनल खोल कर अंदर पहुंचे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और बक्से खुले हुए थे। अशोक पांडे के अनुसार घर में रखा 10 हजार रुपये की नकदी और चार लाख रुपये के जेवर चोरी चले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस घटना की तहकीकात करने में जुटी हुई है।

# विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटककर की आत्महत्या


मौके पर जुटी भीड़ व पूंछताछ करती पुलिस

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सांगीपुर थाना क्षेत्र के शुकुलपुर निवासी दीपक कनौजिया की पत्नी सपना 30 गुरूवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने कमरे में पंखे के सहारे साडी के फंदे से झूल गयी। सपना के काफी देर तक कमरे से न निकलने पर उसकी सास गुडडी देवी घर के अंदर गयी और दरवाजे के सुराख से बहू को फंदे पर झूलता देख आवाक रह गयी। सास की चीखपुकार पर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। परिजन आननफानन में उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये जहां चिकित्सकों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। सपना की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और वह अपने पीछे तीन वर्षीया पुत्री लाडो को निराश्रित छोड गयी है। मृतका का पति अजमेर में मजदूरी किया करता है। इधर एक माह से वह घर पर रह रहा है। सपना की मौत को लेकर दबीजुबान से अनबन की भी चर्चा देखी सुनी गयी। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षार्थी के स्थान पर दबोचा गया मुन्ना भाई, हड़कंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन प्रशासन की नकल रोकने की व्यवस्था तार तार हो उठी दिखी। लालगंज तहसील के सांगीपुर के एक विद्यालय मे परीक्षार्थी की जगह मुन्ना भाई गिरफ्त मे आ गये। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ सांगीपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सांगीपुर के सर्वोदय इण्टर कालेज मे गुरूवार की पहली पॉली मे हिन्दी विषय की परीक्षा थी। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो कक्ष संख्या आठ में परीक्षार्थी की जगह दूसरे को परीक्षा देते देख माथा पकड़ लिया। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक की नाराजगी से परीक्षा केंद्र मे हड़कंप मच गया। कक्ष संख्या आठ मे पडोसी जिले अमेठी के मुंशीगंज कटरा महरानीदीन निवासी अनवर अली के पुत्र नसीम हाशमी की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा थी। नसीम की जगह जालसाजी कर उसी के गांव का उमा रमण पुत्र रामस्वरूप यादव परीक्षा दे रहा था। एडीआईओएस ने यह देख कक्ष निरीक्षक आशुतोष सिंह को फटकार लगायी। दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले आरोपी के खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर उसके खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी व सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपी को दर्ज मुकदमें मे जेल भेजा जाएगा। वहीं पहले ही दिन परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरे को परीक्षा मे शामिल होने की घटना से अन्य केन्द्रों पर भी हड़कंप का माहौल देखा गया। वहीं पहले ही दिन बोर्ड परीक्षा में जालसाजी का भाण्डा फूटने से परीक्षा मे प्रवेश पत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केन्द्रों मे भी शातिराने प्रयासो की लोगों मे चर्चा का माहौल गर्म दिखा।

# शिविर में मरीजों का हुआ इलाज, दी गयी दवाईयां


शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**प्रतापगढ़।** लालगंज ब्लाक के पूरे नोती संतनगर रैठे में गुरूवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जुकाम से पीडित मरीजों की संख्या अधिक रही। शिवगंगा जीवजन्तु कल्याण सेवाश्रम की तरफ से लगाए गए शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। जिले से आयी डा0 अरूण सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों को विभिन्न संक्रामक रोगों के लक्षण व बचाव के बारे मे जानकारियां दी। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरण किया गया। शिविर के संयोजन स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होने मौसम में बदलाव को देखते हुए खांसी व जुकाम तथा बुखार के लक्षण मिलने पर लोगों से तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराने का सुझाव दिया। इस मौके पर मोनू तिवारी, गोलू यादव, भूपेन्द्र पाण्डेय, अजय शुक्ला, धीरेन्द्र तिवारी, रोहित यादव, वरूण, नीलम, लक्ष्मी तिवारी, तारा देवी आदि मौजूद रहे।

## सुल्तानपुर यार्ड में मालगाड़ी हादसे से आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित

**प्रतापगढ़।** सुल्तानपुर रेलवे यार्ड में मालगाड़ी हादसे का असर प्रतापगढ़ में भी दिखाई दिया। गुरुवार को मुंबई से अयोध्या जा रही साकेत एक्सप्रेस को खुंडौर स्टेशन से वापस बुला लिया गया। उसे रूट परिवर्तित करके भेजा गया। वहीं अयोध्या साइड से आने वाली सरयू एक्सप्रेस और उधर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें आई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह तड़के सुल्तानपुर यार्ड में दो मालगाड़ी एकही लाइन पर आमने सामने आने से हादसे का शिकार हो गई। इसका असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ा। मनकापुर से प्रयागराज संगम वाया प्रतापगढ़ होकर जाने वाली सरयू एक्सप्रेस और प्रयागराज संगम से अयोध्या तरफ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया। हादसे की जानकारी होने पर सुल्तानपुर पहुंच रही सरयू एक्सप्रेस को बीच रास्ते में खुंडौर स्टेशन से वापस किया गया। रेल दुर्घटना से यात्रा पर निकालने वाले यात्री परेशान हो गए। ट्रेन दुबारा प्रतापगढ़ आई। उसे जंघई जफराबाद होते हुए भेजा गया। सरयू एक्सप्रेस और पैसेंजर रद्द होने से उसकी प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को परेशानी हुई। बता दें कि दोनो ही ट्रेनों से नौकरी पेशा वाले काफी पैसेंजर डेली आते जाते है। एसएस शमीम ने बताया कि हादसे की वजह से आधा दर्जन ट्रेनें रूट परिवर्तित होकर इधर से गई। सरयू और पैसेंजर रद्द रही। साकेत खुंडौर से वापस हुई।

## आज रामपुर खास आयेंगे प्रमोद व मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को रामपुर खास के संयुक्त दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं चार बजे कन्धई का पुरवा ननौती तथा सायं छः बजे बाबा घुइसरनाथ धाम मे राष्ट्रीय एकता महोत्सव के प्रथम दिवस पर आयोजित समारोह मे शामिल होगें। इधर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना सायं सात बजे बोधी सिंह का पुरवा तथा इसके बाद बछवल एवं रायपुर तियांई व खजुरी में विविध कार्यक्रमों मे शामिल होगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# पत्नी का हत्यारा भेजा गया जेल


पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ के किंधौली गांव में 9 फरवरी की रात महिला की गला काटकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। हालांकि थाने लाए जाने के दौरान उसने पूरी तरह चुप्पी साधे रखी। पुलिस के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया। किंधौली गांव में ससुराल में रहने वाले विनोद कुमार मिश्र ने बांके से पत्नी द्रोपती की हत्या करने के बाद आत्महत्या के प्रयास में अपने हाथ की नस काट ली थी। ससुर ने उसके दो बेटों में एक को जमीन का बैनामा कर दिया था। इससे वह नाराज चल रहा था। पत्नी के शव के पास बेहोशी की हालत में मिले विनोद को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। ससुर ने उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। हत्यारोपी के ठीक होते ही पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया।

# होली फेस्टिवल पर प्रतापगढ़ के यात्रियों को तीन नई ट्रेनों की सौगात

**प्रतापगढ़ से गुजरेंगी फेस्टिवल ट्रेनें**



**प्रतापगढ़।** रेलवे ने होली पर सफर आसान कर दिया है। उसने होली फेस्टिवल के नाम से कई ट्रेनें चलाई हैं। जिसमें तीन गाड़ियों की सुविधा प्रतापगढ़ वासियों को मिलेगी।

होली पर ट्रेनों में जगह नहीं है। ट्रेनें फुल हो गई है। ऐसे में यात्रियों को भीड़भाड़ से बचने और उन्हें कोई दिक्कत न हो और सफर आसान हो जाए इसके लिए रेलवे से प्रतापगढ़ को भी फेस्टिवल ट्रेनों की सुविधा मिली है। सूत्रों के अनुसार 04530 भटिंडा, बनारस 6,9 और 13 मार्च को लखनऊ से चलकर प्रतापगढ़ होते हुए बनारस जायेगी। ट्रेन दोपहर दो बजकर पचास मिनट पर प्रतापगढ़ पहुंचेगी दो मिनट का स्टॉपेज होगा। 04052 आनंदबिहार टर्मिनल 4,6,11,13 मार्च को दोपहर बारह पचास पर प्रतापगढ पहुंचेगी। दस मिनट स्टॉपेज रहेगा। 04060 आनंद बिहार से जयनगर 4,8, और 11 मार्च को प्रतापगढ़ होकर जायेगी। रात में बारह बजकर बीस मिनट पर आएगी और पांच मिनट बाद छूट जायेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि फेस्टिवल ट्रेनों को चलाया जा गया है।

# एयरफोर्स में 254 छात्र हुए सफल, खुशी की लहर


सफल छात्रों माला पहनाकर किया गया स्वागत

**प्रतापगढ़।** कैडेट्स प्वाइंट डिफेंस अकादमी प्रयागराज के 254 छात्रों को वायुसेना की एक्स और वाई ग्रुप की परीक्षा में सफलता मिली है। संस्थान ने अधिक संख्या में छात्रों को सफलता दिलाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। वायु सेना की परीक्षा का परिणाम जारी होने पर छात्र खुशी से झूम उठे। गोपाल, मोहित सिंह, कसीम, योगेश, रिशांक शुक्ला, राहुल पारीक, शिवम सिंह, शनि कुमार को एक्स ग्रुप में सफलता मिली है। जबकि वाई ग्रुप में अमन शर्मा,योगेश और राज ने सफलता अर्जित की है। संस्थान के निदेशक जितेंद्र शर्मा, शिक्षक विशाल यादव, भूपेंद्र सोलंकी, अभिषेक त्रिपाठी, राजदीप भारत, मारुति नंदन सिंह, समीर सिंघानिया, सुधाकर सिंह, आर.एस., एसएन खान ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। संस्थान में फेज 2 के लिए नया बैच निःशुल्क शुरू कर दिया गया है।

## जनसंपादकीय

# भारत और तुर्की के ताल्लुकात

**प्रभात कुमार रॉय**



गहन गंभीर और विशानकारी संकट वस्तुतः किस तरह से किसी मुल्क का मिजाज बदलकर रख देते हैं, इसका वर्तमान में इसतथ्य का ज्वलंत उदाहरण तुर्की राष्ट्र है, जोकि आजकल बेपनाह तबाही की भीषण त्रासदी से गुजर रहा है. अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के समर्थन में निरंतर प्रतिबद्ध तौर पर खड़ा होने वाला तुर्की आजकल भारत को अपना गहरा और निकट दोस्त करार दे रहा है. 7.8 तीव्रता का अत्यंत विनाशकारी कहर लिए भूकंप के भीषणतम झटकों ने तुर्की के दक्षिण पूर्वी इलाकों को पूर्णतः तहस नहस कर डाला है. तकरीबन नौ करोड़ आबादी वाले राष्ट्र तुर्की को पश्चिम और पूरब के मध्य एक भौगौलिक औक सांस्कृतिक पुल करार दिया जाता है. रशिया की तरह से ही तुर्की भी एक यूरोप और एशिया में फैला हुआ यूरेशियन राष्ट्र है. तुर्की के अभूतपूर्व संकट के इस दर्दनाक वक्त में भारत ने तुर्की की शत्रुतापूर्ण कूटनीति को पूर्णतः विस्मृत करके अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ तुर्की की मदद प्रारम्भ की है. यहां तक कि विनाशकारी भूकंप के पश्चात जब पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की की यात्रा करने का ऐलान किया तो तुर्की ने उनको अगवानी प्रदान करने से स्पष्ट इंकार कर दिया. ऐसा प्रतीत होता है कि विनाशकारी संकट के इस विकट काल में भारत और तुर्की के कूटनीतिक संबंध एक नए संवेदनशील दौर में पहुंच गए हैं, जहाँ कि परस्पर संबंधों की वर्षो पुरानी कूटनीतिक कटुता यकीनन प्रखर मधुरता में परिवर्तित हो जाएगी. रुबेला वायरस का हवाला देकर भारत का गेहूं वापस लौटाने वाला तुर्की भीषण संकट के इन दुर्भाग्यपूर्ण लम्हों में भारत की भरपूर इमदाद हासिल कर रहा है।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से सदैव ओतप्रोत रहा, भारत वस्तुतः विश्वपटल पर कदापि किसी मुल्क को अपना स्थाई दुश्मन करार नहीं देता है. मुखतलिफ मुल्कों के मध्य उत्पन्न विवादों को सौहार्दपूर्ण तौर पर परस्पर बातचीत द्वारा निपटाने का भारत सदैव हिमायती रहा है. चीन और पाकिस्तान से साथ अपने विवादों को सुलझाने के लिए भारत द्वारा सदैव कूटनीतिक वार्ताएं प्रारम्भ करने की पहल अंजाम दी है. आजादी प्राप्त करने के तत्पश्चात भारत और तुर्की के मध्य कूटनीतिक संबंधों का शानदार आगाज हुआ. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.नेहरु वस्तुतः मुसलिम बाहुल्य वाले मुस्तफा कमाल पाशा के तुर्की राष्ट्र की प्रगतिशालता और धर्मनिरपेक्षता के बहुत प्रशसंक थे. पं. नेहरु दिलो जान से चाहते थे कि तुर्की विश्वपटल पर गुटनिरपेक्षता प्रबल पक्षधर बने. किंतु तुर्की के लीडरों ने कोल्ड वॉर के दौर में अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि में शामिल करने का फैसला लिया. तुर्की ने कुछ वर्ष बाद में पाकिस्तान के साथ सैंटों सैन्य संधि का सदस्य बनने का भी निर्णय लिया. इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में पाकिस्तान के साथ तुर्की की निकटता बढ़ती गई और भारत से दूरियाँ बनती चली गई. इंदिरा गाँधी के शासन काल में वर्ष 1974 तुर्की ने जब साइप्रस के एक भाग पर सैन्य शक्ति द्वार आधिपत्य स्थापित किया. साइप्रस के तत्कालीन राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारिओस, जोकि गुटनिरपेक्ष आंदोलन के महत्वपूर्ण लीडर भी थे, उनके पक्ष में और तुर्की की सैन्य आक्रमकता के विरुद्ध इंदिरा गाँधी ने खड़े होने का निर्णय लिया. इस कारणवश भी भारत और तुर्की परस्पर विरोधी खेमों में खड़े हो गए थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में वर्ष 2017-18 में राष्ट्रपति एदोर्गान ने भारत का दौरा इस उम्मीद पर अंजाम दिया था कि भारत थोरियम से परमाणु बिजली के उत्पादन की तकनीक तुर्की को उपलब्ध करा देगा, किंतु राष्ट्रपति एदोर्गान की यह उम्मीद कदापि पूरी नहीं हो सकी.

कश्मीर विवाद पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान का सदैव सैन्य समर्थन करने वाले तुर्की ने पाक को सदैव ही आर्थिक और सैन्य सहायता फराहम की है. तुर्की का धर्मनिरपेक्ष चरित्र वर्ष 2002 में इस्लाम का परचम लहराने वाले राष्ट्रपति एदोर्गान के सत्तानशीन होने के तत्पश्चात बुनियादी तौर पर परिवर्तित होने लगा. तुर्की के उस्मानी ऑटोमन साम्राज्य के गौरवशाली अतीत से प्रेरित और पोषित राष्ट्रपति एदोर्गान विगत दो दशक से वस्तुतः तुर्की को इस्लामिक दुनिया का लीडर बनाने पर आमादा रहे हैं. अतः इस्लामिक दुनिया के परम्परागत लीडर रहे सऊदी अरब से साथ तुर्की का वैमनस्य बाकायदा बरकरार बना हुआ है. वर्ष 2017 में राष्ट्रपति एदोर्गान की हुकूमत का सैन्य तख्ता पलट की नाकाम कोशिश अंजाम दी गई. इस सैन्य तख्तापलट के प्रयास के पीछे एक उदारवादी मुसलिम विद्वान दार्शनिक फैहतुल्ला गुलान नामक शख्सियत की प्रेरणा बताई गई. अमेरिका में निवास कर रहे फैहतुल्ला गुलान को लेकर तुर्की और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक तनाव कायम बना रहा है. इस सैन्य वारदात के तत्पश्चात राष्ट्रपति एदोर्गान द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों का जबरदस्त दमन आरम्भ कर दिया. नॉटो सैन्य संधि के चालीस देशों के विपरीत जाकर नॉटो संगठन के सदस्य राष्ट्र तुर्की ने यूक्रेन युद्ध के दौर में रुस के साथ अपने संबंध को प्रगाढ़ किया है और रुस के साथ तुर्की ने ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संधियां अंजाम दी है. तुर्की द्वारा अमेरिका के विरुद्ध जाकर रुस से एंटी मिसाइल सिस्टम-एस 400 हासिल किया गया है. इस तरह से तुर्की ने यूरोपीय यूनियन से एकदम पृथक विदेशनीति का अनुसरण किया है.

भविष्य में तुर्की के साथ भारत के ताल्लुकात यकीनन सुधर सकते है, क्योंकि तबाही के भीषण संकट के दौर में भारत विगत काल की कूटनीतिक कटुताओं को पूरी तरह से भुलाकर तुर्की की इमदाद करने वालों में अग्रणी देश रहा है और अत्यंत भावुकता के साथ तुर्की ने इस तथ्य को स्वीकारा है. कश्मीर विवाद पर इस्लामिक देशों के संगठन द्वारा ओआईसी ने सऊदी अरब की कयादत में पाकिस्तान की हिमायत बंद कर देने के पश्चात पाक लीडरॉन को अंतरराष्ट्रीय तौर पर मुसलिम मुल्कों में अभी तक केवल तुर्की के राष्ट्रपति एदोर्गान का ही कूटनीतिक सहारा शेष बचा हुआ था. ऐसा प्रतीत होता है कि भारत, तुर्की और रशिया के मध्य स्थापित होती जा रही प्रबल प्रगाढ़ता के कारण विश्वपटल पर पाकिस्तान अत्यंत अलग थलग पड़ता जा रहा है. पाकिस्तान का अनेक दशक तक प्रबल हिमायती रहा अमेरिका पहले ही पाकिस्तान से अपना दामन छुड़ा चुका है. अब तो पाकिस्तान को केवल चीन का सहारा शेष रह गया है, जोकि पाकिस्तान की डूबती हुई नैया को बचा सकता है. यह तो आने वाला भविष्य ही तय कर पाएगा कि भारत और तुर्की के ताल्लुकात किस शिखर को स्पर्श कर सकेंगे किंतु यह तथ्य निश्चित है कि विगत कूटनीतिक कटुताओं को दोनों देश अवश्य ही तिलांजलि दे देंगे और दोस्ती की राह पर आगे चल निकलेंगे.

**(लेखक नेशनल सिक्योरिटी एडवाईजरी कॉऊँसिल के पूर्व सदस्य हैं)**

# सुचेता : दृढ़, लेकिन दयामयी नेत्री

## स्मरण

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



यदि आपसे भिन्न-भिन्न प्रकार के तीन-चार प्रश्न पूछे जाएं और उनके उत्तर समान हों तो निश्चित ही आप सुखद विस्मय से भर उठेंगे। क्या आप जानते हैं कि वह कौन साहसी स्त्री थी, जिसने नोआखाली के दंगों ममें जान हथेली पर रखकर शांति और सद्भाव की स्थापना में भाग लिया था? वह कौन थी, जिसने स्वतंत्रता की पावन वेला में संसद में पं. नेहरू के ऐतिहासिक 'ट्रिस्ट आफ डेस्टिनी' भाषण के पूर्व 'वंदेमातरम' गाया था? वह कौन नेत्री थी, जिसे स्वतंत्र भारत में किसी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव मिला था? वह कौन मुख्यमंत्री थीं, जिसने आजाद भारत की शास्त्रीय कर्मचारियों की दो माह से अधिक चली हड़ताल का निर्भीकतापूर्वक सामना किया था और उनकी मांगे ठुकरा दी थीं?

प्रश्न चार हैं, लेकिन उत्तर एक ही है : सुचेता कृपलानी। प्रश्नों के सन्दर्भ और भी हो सकते हैं, लेकिन सुचेता कृपलानी नामक शख्सियत को जानने-बूझने के मान से ये चार सन्दर्भ एकबारगी पर्याप्त हैं और उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करते हैं। उनके व्यक्तित्व के साथ एक और केन्द्रीय सन्दर्भ जुड़ा हुआ है रागात्मकता का। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महात्मा गांधी के अनन्य अनुगामी आचार्य कृपलानी से प्रेम किया और विवाह भी। महात्मा गांधी इस विवाह के सर्वथा विरुद्ध थे। उन्हें डर था कि घरेलू जीवन के मोह में कहीं उनका राष्ट्रीयता कार्यकर्ता खो न जाएष उन्होंने सुचेता को सलाह दी कि उसे किसी और से विवाह कर लेना चाहिए। प्रसिद्ध जीवनी लेखक आरएम लाला के शब्दों में कहें तो 'इस निर्लज्ज सुझाव पर उनकी ओर घूमीं और उन्हें दो-टूक शब्दों में बतला दिया कि उनका प्रस्ताव गलत, अन्यायपूर्ण और अनैतिक था।'

सुचेता के लिए परिस्थितियां काफी विषम थीं। कृपलानी की बहन भी भाई के विवाह के पक्ष में न थी। सुचेता की मां भी रजामंद न थीं। वह अपनी बेटी की लिए सुरक्षा और आराम की जिंदगी चाहती थीं, जिनकी उम्मीद उन्हें कृपलानी से न थी। सरोजनी नायडू ने कभी कृपलानी को 'औरों से अलग किस्म का आवारा कहा था। सुचेता को यह आवारा पसंद आ गया था। जो हठी नेता था और ओजस्वी वक्ता। सुचेता और कृपलानी की खुशकिस्मती कि जमनालाल बजाज ने प्रेमी युगल की भावनाएं बापू के सम्मुख रखी। बापू सहमत हुए, लेकिन कहा कि वह आशीर्वाद नहीं देंगे । बस 'प्रार्थना' करेंगे। दोनों के लिए बापू की प्रार्थना ही पर्याप्त और कीमती थी। शादी हुई। सुचेता ने आचरण से पति के परिजनों का दिल जीत लिया। वे जब भी आती, परिवार के लिए तोहफे लातीं। कृपलानी कांग्रेस के महासचिव थे। स्वराज भवन में रहते थे। सामान ज्यादा न था। सुचेता ने इस सामान में बनारस से लाकर बर्तन-भांड़े जोड़े। वह पाककला में अधिक दक्ष न थी। कृपलानी इसमें उनसे बीसे थे। उन्होंने मित्रों से कहा भी थे कि भोजन बनाने में कुछ खास नहीं थी। उन्होंने उनकी बोलने की तर्ज तक अपनाई और जीवन शैली भी , लेकिन उन्होंने जल्द ही अपनी शैली विकसित कर ली। आचार्य ने न तो कभी उन्हें दबाकर रखा। न अपने विचार थोपे और और न 'कमांड' किया। आचार्य सुचेता की खूबियों से वाकिफ थे। उन्होंने कहा- "मैं चाहता था कि सुचेता अपनी शैली विकसित करें और उस पर चले।

यह आचार्य सुचेता की खूबियों से वाकिफ थे। उन्होंने कहा-'मैं चाहता था कि सुचेता अपनी शैली विकसित करें और उस पर चले।'

यह आचार्य की उदारवृत्ति का ही परिणाम था कि सन् 1952 में कांग्रेस से विमुख होने के पांच साल बाद सुचेता कांग्रेस में लौट आईं। सन् 1963 से सन् 1967 तक देश के सबसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रहीं। विचारधारा ने पति-पत्नी के रिश्तों ने कभी प्रभावित नहीं किया। उनका प्रेम राजनीतिक मतभेदों से कही व्यापक, गहरा और वजनी था। अलग-अळग बैंचों पर बैठकर भी वह एख दूजे के लिए बने रहे। दिल्ली में सर्वोदय एन्क्लेव में वे अपने मेहमानों को आमंत्रित करते तो प्रसन्नवदन सामान्य कद-काठी की सुचेता बैठक में चाय लेकर आती। ऐसे ही अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में वह स्वयं जाकर देखती कि अतिथियों का कमरा ठीक से तैयार है या नहीं? दिनभर की व्यस्तता के बाद भी रात में दोबारा उठकर वह यह सुनिश्चित करती थी कि आराम से है या नहीं और यदि बीमार हैं तो उन्होंने समय पर दवाइयां ले ली हैं अथवा नहीं?

तो ऐसी थी सुचेता। विवाह पूर्व सुचेता मजूमदार। जन्म 25 जून, सन् 1908 को तब के पंजाब के अंबाला शहर में बंगाली ब्राह्मण परिवार में। शासकीय चिकित्सक होने से पिता का हर दो-तीन साल में तबादला होता था। लिहाजा प्रारंभिक शिक्षा शिमला के लोरेटो कॉन्वेंट और दिल्ली के क्वीनमेरी समेत कई स्कूलों में हुई। उन्होंने बकलम खुद लिखा - 'मैं काली, कुंद जेहन और दुखदायी सीमा तक शर्मिली थी।' लोरेटो में उनकी शिक्षक श्रीमती राय ने उन्हें इस ग्रंथि से उबारा, फलतः उनमें आत्मविश्वास जागा और वह सलज्ज से साहसिक युवती में बदल गयी।वह अध्ययन में रुचि लेने लगी। कड़ी मेहनत रंग लाई। पिता ब्रह्मसमाजी थे। सरकारी मुलाजिम होने से मुक्ति-संग्राम में भाग तो नहीं ले सकते थे, किन्तु मुक्तिकामी होने से आजादी की लड़ाई में बच्चों की शिरकत के हिमायती थे। बहरहाल, जब वह दिल्ली में क्वीन मेरी स्कूल में एक ऐसी घटना घटी, जिससे वह ताजिंदगी शर्मिंदा रही। हुआ यह कि छात्राओं को प्रिस आफ वेल्स के स्वागत हेतु आने को कहा गया। कांग्रेस ने युवराज की यात्रा के बॉयकॉट का आह्वान करवा रखा था। स्वागतार्थ कतार में खड़े होने से सुचेता और सुलेखा में विरक्ति थी, किन्तु इनकार का साहस न था। दोनों बहनें चंपत होकर कुदसिया बाग के समीप झाड़ी की ओट में तबतक दुबकी रहीं, जब तक की सारा मजमा गुजर न गया। तदंतर मजूमदार बहनें टोली में शामिल होकर स्कूल लौट तो आयीं, किन्तु उनकी आंतरात्मा को शर्मिंदगी से मुक्ति न मिली। उन्हें कायरता सालती रही और खुद पर गुस्सा भी आया, मगर इस घटना का मनोवैज्ञानिक असर यह हुआ कि उन्होंने मतिभ्रम और कायरता से मुक्ति पा ली और इस कदर दिलेर हुईं कि महात्मा गांधी तक की अवज्ञा कर सकें।

छात्र जीवन में एक और घटना घटी। लाहौर में किनेर्ड कॉलेज में बाइबल के अध्यापक ने हिन्दुत्व पर कतिपय अपमानजनक टिप्पणियां कीं। मर्माहत बहनों ने घर आकर पिता को बताया तो क्षुब्ध पिता ने सुचेता और सुलेखा को सत्य और धर्म के पाठ पढ़ाये। पिता वैसे भी दोनों बेटियों को जालियांवाला बाग के लोमहर्षक किस्से सुनाया करते थे, जिनसे दोनों बहनों के हृदय अंग्रेजों के प्रति रोष से सुलगते रहते थे और वे अपना क्रोध एंग्लो इंडियन बच्चों पर उतारती थीं। दोनों बहनों ने अगले दिन कॉलेज में अध्यापक के समक्ष श्रीमद्भगवद्गीता के उद्धरणों सेहित ऐसी खरी-खरी सुनाई कि अध्यापक ने आइंदा हिन्दुत्व पर कुछ भी कहने से तौबा कर ली।

सुचेता ने इंद्रप्रस्थ कॉलेज और पंजाब विश्वविद्यालय से अध्ययन और इतिहास में अव्वल आकर स्वर्णपदक प्राप्त करने के बाद पहले तो लाहौर में एक स्कूल में काम किया और फिर बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय मे अध्यापक हो गयीं। उनकी एमए की परीक्षा से कुछ पहले ही उनके पिता का देहांत हो गया। सन् 1934 में बिहार में भूकंप की त्रासदी ने उन्हें झकझोर दिया। उन्होंने दीनता और विनाश के मर्मान्तिक दृश्य देखे। एक कालकोठरीनुमा झोपड़े में नीम अंधेरे में भीख मांगने तक में असमर्थ नग्न असहाय स्त्री को देख उनकी आत्मा चीत्कार कर उठी। सुचता ने उसे साड़ी ओढ़ायी और भूकंप पीड़ितों की सेवा में जुट गयी।

सन् 40 के दशक में उन्हें कांग्रेस के विदेश विभाग का प्रभार दिया गया। उन्होंने बम्बई में भूमिगत प्रसारण केन्द्र में हाथ बंटाया। दिन पुरजोखिम और उत्तेजना से भरे थे। वारंट जारी हुआ तो उन्होंने ट्रेन में ही खादी त्याग महिला सहयात्री की साड़ी पहन खुफिया पुलिस को चकमा दिया। साहस ऐसा कि पूछिये मत। सन् 1943 में पूना के आगाखां महल



में कैद महात्मा गांधी के उपवास की सूचना मिली तो उद्विग्नता में बम्बई के गृहसचिव के दफ्तर में जा धमकीं। गृहसचिव एचवीआर आयंगर दंग रह गये और उन्होंने गवर्नर से सुचेता की अर्जी मानने की दरख्वास्त की। सुचेता बापू से मिली। बम्बई का पुलिस कमिश्नर जो उन्हें गिरफ्तार करने को बेचैन था, गवर्नर के आदेश कि मुलाकात के बाद चौबीस घंटों तक सुचेता का पीछा न किया जाए, हाथ मलता रह गया। ऐसा था अंग्रेजों का कूटनीतिक खेल।

स्वाधीनता की वेला आई तो बंगाल और बिहार सांप्रदायिक उन्माद में घिर गये। नोआखाली में स्थिति बिकट थी। बापू की यात्रा का पथ प्रशस्त करने कृपलानी दंपत्ति नोआखाली गये। सुचेता ने आपात-स्थिति का सामना करने के लिए कुछ संखिया खरीद कर चोरी से पास रख लिया था। दिल्ली लौटने पर कृपलानी दंपत्ति ने स्वयं को शरणार्थियों की सेवा-सुश्रुषा और इंतजामात में झोंक दिया। इस बीच कृपलानी दंपत्ति संविधान-सभा के लिए चुने गये। सन् 40 के दशक के परवर्ती दशक में सुचेता, अरुणा असफ अली और उषा मेहता का नाम साहसिक कार्यों से घर-घर में पहुंच गया था। सुचेता को सन् 1940 में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की स्थापना का भी श्रेय प्राप्त है। सन् 52 में चुनाव पूर्व कृपलानी दंपत्ति ने अपनी पार्टी का गठन किया। सुचेता नई दिल्ली से सांसद चुनी गयीं। सन् 57 में वह वहीं से कांग्रेस की टिकट पर जीतीं। सन् 1967 में वह गोंडा से जीतकर संसद में पहुंची। इस बीच वह कानपुर से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए तुनी गयीं। तीन साल मंत्री रहने के बाद वह सन् 63 से सन् 67 तक उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में सरकारी कर्मचारियों की 62 दिनी हड़ताल हुई। सुचेता ने उनकी एक न मानी। सन् 1901 से 1963 तक उत्तरप्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग अपरिवर्तित रहा था। सुचेता के काल में उसमें 25 प्रतिशत वृद्धि हुई।

सुचेता दृढ़ लेकिन दयामयी स्त्री थीं। उनमें परदुख कातरता थी। फलस्वरूप लोगबाग अभावों और मुसीबतों की झूठी-सच्ची कहानियां गढ़कर उनसे मदद ले जाते थे। सुचेता और आचार्य ने डेढ़ लाख रुपयों से लोकसेवा हेतु ट्रस्ट की स्थापना की। सन् 71 में वह फैजाबाद से लोकसभा का चुनाव हार गयीं और उन्होंने राजनीति को अलविदा कह दिया। अब पति-पत्नी वैचारिक रूप से एकजुट थे। वह कलाओं की संरक्षिका थीं। कभी-कभी फिल्में भी देखती थीं। रवीन्द्र संगीत उन्हें प्रिय था और गायन एकमात्र मनोविनोद। उनके द्वार जरूरतमंदों के लिए सदा खुले रहे, लेकिन सेवा और संघर्ष को समर्पित इस नेत्री के हृदय के कपाट 1 दिसंबर, सन् 1974 को सदा के लिए बंद हो गये।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

आचार्य की उदारवृत्ति का ही परिणाम था कि सन् 1952 में कांग्रेस से विमुख होने के पांच साल बाद सुचेता कांग्रेस में लौट आईं। सन् 1963 से सन् 1967 तक देश के सबसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रहीं। विचारधारा ने पति-पत्नी के रिश्तों ने कभी प्रभावित नहीं किया। उनका प्रेम राजनीतिक मतभेदों से कही व्यापक, गहरा और वजनी था। अलग-अळग बैंचों पर बैठकर भी वह एख दूजे के लिए बने रहे। दिल्ली में सर्वोदय एन्क्लेव में वे अपने मेहमानों को आमंत्रित करते तो प्रसन्नवदन सामान्य कद-काठी की सुचेता बैठक में चाय लेकर आती। ऐसे ही अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में वह स्वयं जाकर देखती कि अतिथियों का कमरा ठीक से तैयार है या नहीं? दिनभर की व्यस्तता के बाद भी रात में दोबारा उठकर वह यह सुनिश्चित करती थी कि आराम से है या नहीं और यदि बीमार हैं तो उन्होंने समय पर दवाइयां ले ली हैं अथवा नहीं?

# पाक में हिन्दू-भारत विरोधी नेता संकट में क्यों

## प्रसंगवश

**आर.के. सिन्हा**



पाकिस्तान में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा सकता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।

शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं।

फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया । दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षा मंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गए थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है।

शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि ह्लहम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है।ह्व उनका एक वीडियों वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पु?खे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगाएं तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है।

शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो ह्लपाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे।ह्व गौर कीजिए कि ये सब मंत्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से ही आते हैं। पाकिस्तान के इसी प्रान्त में भारत के खिलाफ सर्वाधिक दुश्मनी का माहौल रहता है। देश के बंटवारे के वक्त पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में ही सबसे अधिक खून खराबा हुआ था। शेख राशिद के खुद के शहर रावलपिंडी में मई, 1947 में ही जमकर हिन्दुओं और सिखों का कत्लेआम हुआ था। यहां के हिन्दू और सिख खासे सम्पन्न हुआ करते थे। वह आग आगे चलकर पंजाब के दूसरे बहुत से शहरों तक में फैल गई थी। फिलहाल उन जख्मों को फिर से हरा करने का वक्त नहीं है। लेकिन, इनकी भड़काऊ बयानबाजी के पीछे गंभीर मंशा लगती है। पिछले दिनों चौहान से पुलिस के कुछ अफसर हिकारत से बात कर रहे थे जब वे लाहौर में इमरान खान के घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान को सुनिश्चित करना होगा ताकि उसके नेता भारत या हिन्दू धर्म को लेकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। दोनों देशों के संबंधों में सुधार न होने के पीछे एक बड़ा कारण शेख राशिद, फवाद चौधरी तथा चौहान जैसे नेता ही रहे हैं। ये कुछ बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। इनकी जुबान पर ताला लगना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया । दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार।

## व्यंग्य

# विवाह में बीमार मेहमान, खीर में कंकर समान



**हरि जोशी**

'इस उम्र में आप ने क्यों कष्ट किया ?' विवाह मंडप के द्वार पर अतिथियों का स्वागत कर रहे मेजबान ने आये हुए अतिशय बुजुर्ग अतिथि से पूछा

'आपने लिखा था न, उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें , सो आ गये।' कुछ रूककर वरिष्ठ सज्जन बोले, 'अरे भाई आपको कहीं न कहीं लगा होगा कि मेरी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ने वाली है , फिर आप यदि नहीं बुलाते तो हम क्यों आते ?'

(स्वगत ) हमसे गलती हो गई , अगली बार इस बात का ध्यान रखेंगे । चलिए आ गए हैं तो आप कुर्सी पर विराजमान हो जाइए

मन ही मन मेजबान सोच रहे थे , इन्हें किसने आमंत्रण पत्र भिजवा दिया ।भविष्य में किसी अस्सी पार को नहीं बुलाना है ।इन्हें विवाह का निमंत्रण किसने भेज दिया ?अब ऐसे बुजुर्ग आ जाएँ तो शादी के मंडप या हाल की चिंता करें कि इनकी चाल की ? ये गिर पड़ें या लुढ़क जाएँ तो सब काम छोड़कर इन्हें संभालो ।

यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि दादा के साथ कोई युवा पुत्र या पौत्र साथ में आयेगा ही क्योंकि यदि आगंतुक दादा खांसते , लंगडाते,छड़ी टेकते आ भी गए तो भी मामला बड़ा रिस्की है , क्या पता वह चल कर आयें और उन्हें लिटा कर ले जाना पड़े ? विवाह में लड़के नाचते हैं , कहीं बुड्ढे बाबा भी जो अपने जमाने के आकर्षक नचैया रहे हैं यदि नाचने खड़े हो गए तो पहली बात तो यह कि उन्हें कोई रोक नहीं सकता ,उम्र का लिहाज करना पड़ेगा , दूसरे यह कि कहीं गिर पड़े तो तुरंत स्ट्रेचर की व्यवस्था करो ।अस्पताल पहुँचाओ । ऊपर से ताना यह कि उस विवाह में गए थे , बीमार हो गए याने गलती आप की नहीं विवाह की , और उसके आयोजक की । किसी भी विवाह या आनंद के उत्सव में कार्यक्रम के सर्वेसर्वा सदस्यों का ध्यान परिवार के वरिष्ठतम सदस्यों पर टिका रहता है क्योंकि वही लोग खीर में कंकर सिद्ध हो सकते हैं ।'

विवाह समारोहों या अंत्येष्टि कार्यक्रमों में स्वतःही उम्र के अनुसार प्रतिभागियों का विभाजन होने लगा है। विवाह में युवकों की संख्या अपार होती है जबकि अंत्येष्टि कार्यक्रमों में वृद्धों की ।विवाह में सोच एक मात्र यह होता है कि 'तू मेरी बारात में नाचेगा तो मैं तेरी बारात में नृत्य करूंगा।' हो सकता है ,उत्साह में कोई ऐसा फड़कता नृत्य कर डालूँ कि कुछ दिन में अपनी भी पक्की हो जाये ?

मरणोपरांत श्मशान स्थल तक वृद्ध लोग अधिक संख्या में सम्मिलित होते हैं । वे इस आशा से सम्मिलित होते हैं कि वे यदि नहीं सम्मिलित होंगे तो उनकी अंतिम यात्रा में कौन फटकेगा ?अलबत्ता लकड़ी लाने ,लकड़ियों के बीच घास जमाने , राल फेंक ने , आग लगाने ,दो चार कर्मठ युवक अवश्य रहते हैं ?वैसे कहीं भी आग लगाना हो , युवक सबसे आगे रहते ही हैं ? बुजुर्ग लोग क्या लगायेंगे उन्हें तो खुद ही निकट भविष्य में अपने लिए वह दिखाई देती है ।वृद्ध लोगों को उम्मीद बनी रहती है किआज वे सम्मिलत होंगे तो वक्त आने पर उनके लिए सामने वाले भी खड़े हो जायेंगे । फिर रिटायरमेंट के बाद इतना पुण्य भी न कमायें ?खाली बैठे हुए हैं कहीं सम्मिलित होने का अवसर तो मिलता है ? जैसे ही किसीकी अंतिम यात्रा में जाने का अवसर मिलता है वे नहीं चूकते।

एक दूल्हे की माँ तो बड़ी खिन्न थी, 'ससुरे को आज ही बिस्तर पकड़ना था ? कल तक चलता फिरता था आज पलंग पकड़ लिया। बुड्ढा दो दिन रुक नहीं सकता था ? इतनी अच्छी लड़की हम ढूंढ कर बेटे के लिए लाये हैं शायद उसे सहन नहीं हुआ ? डॉक्टर को बुलाया है यदि उसने घोषित कर दिया कि दाजी टें बोल गया तो हम क्या करेंगे ? इस बात का हल्ला हो ही जाना है , उसके बाद क्या रंग में भंग नहीं हो जायेगा ?कुछ लोग सही तर्क ढूंढ लेंगे, 'जब पोते का विवाह संपन्न हो रहा था , तब ही वर के पिता को स्वर्ग सिधारने की सूझी। निकला न पूरा खुड्याल ? हाँ घाघ लोग बात को ताड़ ही जाते हैं ।

पतिदेव ने हिकमत बताई 'यदि डॉक्टर कहता है कि पिताजी लुढ़कने वाले ही हैं या लुढ़क चुके हैं तो उन्हें अस्पताल में एडमिट करा देंगे। ऐसे कष्टपूर्ण काल में वेंटीलेटर भगवान की तरह होता है। वेंटीलेटर पर डाल देंगे और शोर कर देंगे अभी हालत में सुधार दिखाई दे रहा है या कल तक बुड्ढे बाबा उठ खड़े होंगे ।उन्होंने पहले भी कई बार मौत को चकमा दिया है ।एक बार फिर देंगे। यह भी उड़ा देंगे कोई उन्हें डिस्टर्ब न करे , उन्हें विश्राम करने दें ।

इस तरह बुड्ढे बाबा तो स्वर्ग सिधार चुके हैं इस बात की जानकारी घर के निकटतम सदस्यों को है लेकिन वे सच्ची बात किसीको बता नहीं रहे हैं ।विवाह का कार्यक्रम निपट जायेगे तब ही आधिकारिक रूप से बाबा को मृत घोषित किया जायेगा।

**(३/३२ छत्रसाल नगर ,फेस-२ , जे के रोड , भोपाल- ४६२०२२ म.प्र)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# जिले में शुरू हुई हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षाएं

**यूपी**

### प्रथम पाली में 3151 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

### एडीएम व एसपी सिटी ने संयुक्त रूप से किया केद्रों का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** गुरुवार से जिले में हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। वही प्रथम पाली में हाई स्कूल के पंजीकृत 42191 छात्रों में से 39040 छात्रों ने परीक्षा दी। 3151 छात्र अनुपस्थित रहे। वही इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा में 2901 छात्र अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा उम्दा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान नकल की बात तो दूर परिंदा भी पर नहीं मार पाया। गुरूवार से प्रारंभ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति के साथ भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने एस जुबली इंटर, आदर्श इंटर, कॉलेज जीआईसी एवं जीआईसी में बनाए गए जनपद कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की सामान्य हिंदी की परीक्षा थी। जिसमें 2901 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



सीसी कैमरे का जायजा लेते एडीएम व एसपी सिटी

### हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में कुल 2520 में 179 छात्र छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**हलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल विषय हिंदी प्रथम पाली में गुरुवार को विकास खंड में कुल 2520 पंजीकृत छात्र छात्राओं में 179 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट चक्रमण करते हुए परीक्षा केंद्रों पर पंहुचकर परीक्षा का जायजा लिया है। पंवारी कला स्थित शिव प्रताप सिंह इंटरमीडिएट कालेज के केंद्राध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 407 छात्र छात्राओं में 31 छात्र छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रही। जबकि सरहरा स्थित मदर टेरेसा इंटर कालेज परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष सरिता देवी ने बताया कि कुल 173 छात्र छात्राओं में से 23 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रही। भटवारी स्थित जगधारी प्रसाद स्मारक इंटर कालेज के केंद्राध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि हाईस्कूल प्रथम पाली हिंदी की परीक्षा में 390 छात्र छात्राओं में से 28 छात्र छात्राएं रही। अनुपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट बीडीओ कुलदीप कुमार ने परीक्षा केंद्र पर पंहुचकर परीक्षा का जायजा लिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक हलिया संजीव कुमार सिंह व थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण करते रहे।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया परीक्षा केद्रों का निरीक्षण



**लालगंज।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नकल विहीन परीक्षा कराए जाने को लेकर परीक्षा के प्रथम दिन तहसील क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का जोनल मजिस्ट्रेट आईएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराएं। कहा कि परीक्षा में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लालगंज तहसील क्षेत्र के चौधरी राम हरख सिंह इंटर कॉलेज बरगड़ा व तिलाव व देवरहा बाबा इंटर कॉलेज दुबार कलां में स्थित विद्यालयों पर गुरुवार को सुबह जोनल मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया गया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दें। वहीं पर जोनल मजिस्ट्रेट ने कहा कि नकल विहीन परीक्षा में ढिलाई न बरती जाए। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाएगा। तलाशी के बाद ही छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया जाए।

# पत्रकार के घर पहुंचीं केन्द्रीय मंत्री



परिजनों के साथ वार्तालाप करती अनुप्रिया पटेल

जनसंदेश न्यूज

**जिगना।** मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल गुरुवार को जनसंदेश टाइम्स के पत्रकार विभूति भूषण सिंह उर्फ बबलू सिंह के पिता स्वर्गीय जीत बहादुर सिंह का 31 जनवरी दिन मंगलवार को निधन हो गया था।

शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बढ़ाने के लिए उनके गांव भतड़ा पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय जीत बहादुर सिंह की पत्नी श्यामकली राठौर का हाल-चाल लिया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, जिलाध्यक्ष राम लोटन बिंद, संजय सिंह गहरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजीत मोदनवाल, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश दुब, गोवर्धन सिंह पटेल, दया शंकर पांडेय, जय सिंह, रोहित मोदनवाल, संदीप प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर किया विचार विमर्श

**मीरजापुर।** श्री रामलीला कमेटी बरिया घाट के तत्वावधान में श्री पंचमुखी महादेव मंदिर के सत्संग हाल में गुरुवार को महादेव मंदिर सेवा समिति का बैठक आयोजित हुआ। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर का सजावट महादेव जी का श्रृंगार एवं विराट शिव बारात की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें कार्यक्रम के संयोजक मंदिर के पुजारी विपिन कुमार ने कहा कि 18 फरवरी को शिवरात्रि के दिन महादेव जी का श्रृंगार शाम 4 बजे एवं विराट शिव बारात शाम 5 बजे निकाला जाएगा, जो पंचमुखी मंदिर से बघेल की गली, खजांची का चौराहा, गिरधर का चौराहा, बदली कटरा, डंकीनगंज चौराहा पर लगाया जाएगा। इस अवसर पर अक्षयवर नाथ केसरवानी, रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुराग जायसवाल, राजेश गुप्ता, संगीता मिश्रा, सौरभ अग्रहरी, विकास गुप्ता, मनोहर लाल, नंदलाल मोदनवाल, कृष्णानंद मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# देर रात एसपी ने किया पुलिस महकमे में भारी फेरबदल

**इधर से उधर**

### 39 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बुधवार की देर रात 39 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में भारी फेरबदल किया है। फेरबदल के क्रम में निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना लालगंज, निरीक्षक इरफान अली थाना लालगंज को निरीक्षक अपराध थाना चुनार, उपनिरीक्षक शिवजी सिंह यादव को थाना लालगंज से थाना चुनार, उप निरीक्षक राम नारायण शुक्ला को थाना पडरी से थाना लालगंज, उपनिरीक्षक चंद्रिका सिंह यादव को थाना लालगंज से थाना जमालपुर, उपनिरीक्षक श्याम धर सिंह चुनार से लालगंज, उपनिरीक्षक मोहम्मद एजाज खान लालगंज से अहरौरा, उपनिरीक्षक श्यामलाल को अहरौरा से हलियां, उप निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव हलिया से अहरौरा, उप निरीक्षक शिवानंद यादव लालगंज से पड़री, उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा पडरी से हलिया, उपनिरीक्षक रामबचन यादव जिगना से कछवा, उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव हलिया से पडरी, उपनिरीक्षक कोमल सिंह यादव जिगना से कोतवाली देहात, उप निरीक्षक रामबली यादव हलिया से कछवा, उपनिरीक्षक हरिकेश राम कछवां से हलिया, उपनिरीक्षक सरफुद्दीन खां थाना हलिया से कोतवाली देहात, उपनिरीक्षक संजय कुमार चील्ह से हलिया, उपनिरीक्षक रामबचन सिंह यादव हलिया से चील्ह, उप निरीक्षक कमलेश यादव ड्रमंड गंज से राजगढ़, उपनिरीक्षक प्रभु नाथ शर्मा राजगढ़ से ड्रमंडगंज ,उपनिरीक्षक रविशंकर राय जमालपुर से लालगंज, जय जय राम कोतवाली देहात से जिगना, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार अहरौरा से लालगंज, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार राय कोतवाली शहर से अदलहाट,उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह अदलहट से न्यायालय सुरक्षा, उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह जिगना से चुनार, उप निरीक्षक राजेंद्र राम कछवां से जिगना, उप निरीक्षक बाली मौर्य कोतवाली देहात से हलिया, उपनिरीक्षक लल्लन यादव चौकी प्रभारी मतवार से थाना चुनार, उपनिरीक्षक रवि प्रकाश चुनार से चौकी प्रभारी मतवार, उप निरीक्षक सदानंद सिंह चौकी प्रभारी गुरुसंडी कोतवाली देहात से चौकी प्रभारी लालगंज, उपनिरीक्षक धनंजय सिंह चौकी प्रभारी लहंग पुर से चौकी प्रभारी गुरुसंडी, उप निरीक्षक विनोद कुमार राय चौकी प्रभारी मंडी समिति से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना मड़िहान, उप निरीक्षक विष्णु प्रभा सिंह को मीडिया सेल से चौकी प्रभारी मंडी समिति, उपनिरीक्षक परमात्मा यादव को थाना क्षेत्र चील्ह से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना अदलहाट ,उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को अपराध शाखा से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना चील्ह नियुक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संबंधित थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक को उनके नए नवनियुक्त स्थान के लिए तत्काल रवाना करने का आदेश दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने पड़री थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**जायजा**

### बैरक में गन्दगी देख भड़के एसपी सिटी

### होली के पर्व को मद्देनजर रखते हुए मादक पदार्थों की बिक्री पर कसें नकेल

जनसंदेश न्यूज



पड़री थाने का निरीक्षण करते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने बृहस्पतिवार को पड़री थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाना क्षेत्र में मन्दिर, मस्जिद, होटल, पेट्रोल पंप आदि की जानकारी प्राप्त किया।

होली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए थानाध्यक्ष को क्षेत्र में गस्त तेज कराने, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री कदापि न हो इसके लिए प्रभारी थानाध्यक्ष को शख्त हिदायत दिया। साथ ही साथ पुलिस, उपनिरीक्षक आदि की बीट बुक का अवलोकन करते हुए क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी न मिले इसके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के समस्त अभिलेखों मालखाना, महिला डेक्स एवं मेस का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उसमें सुधार लाने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस बैरक का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी सिटी ने गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। एसपी सिटी ने थानाध्यक्ष से कहा कि दोबारा जांच में इस प्रकार की खामियां मिलती है तो हम किसी को बक्सेंगे नही। वार्षिक मुआयना में अपर पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख को देखते हुए पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 950 मरीजों का किया गया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द में स्थित गंगा देवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ रामनगर वाराणसी द्वारा 950 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक डॉ दिलीप कुमार गुप्ता, एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर वाराणसी ने बताया कि गंगा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 950 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सामान्य रोग, हड्डी रोग, शुगर की जांच, नसों संबंधी परीक्षण किया गया। इसके पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ डॉ डी के गुप्ता बाल रोग विशेषज्ञ ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस मौके पर डॉ बबीता गुप्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ ओ पी सिंह ऑर्थो रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर प्रशांत जनरल फिजिशियन, डॉक्टर अभिषेक ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर रामराज गुप्त सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# सरकार अपने वादे पर अटल : विधायक

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 190 जोड़ों की कराई गई शादी



सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय के मैदान में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा गणेश मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समाजकल्याण बिभाग द्वारा संचालित योजना तहत 190 जोड़े बृहस्पतिवार को एक दूसरे के हो गए, जिसमें चार जोड़े मुस्लिम धर्म के भी थे, जिनके निकाह मौलवी हाफिज वकारी व मौलवी वाजिद अली द्वारा रजिस्टर इकरार किया गया। हिन्दू रीतिरिवाज से सनातन धर्म के अनुरूप शेष 186 जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मान कर विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच हुआ। विधायक ने सभी नवयुगल जोड़ो को अपने हांथ से बिछिया, पायल चांदी का साड़ी व डेली यूज की साड़ियां मय पेटीकोट, पिछौरी, स्टील के बर्तनों में प्रेशर कूकर, थाली, चम्मच, कटोरी, गिलास, जग, भगौना को बॉक्स में रखवा कर वितरण किया। समाजकल्याण अधिकारी ने बताया कि 122 जोड़े पटेहरा व 68 जोड़े राजगढ़ ब्लाक से सामूहिक विवाह में पहुंचे थे जिन्हें निर्धारित सामान के साथ खाते में 35 हजार मिल जाएंगे। संचालन बृजमोहन ने किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल व एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, पीडी अनय मिश्र, समाज कल्याण अधिकारी गिरीशचंद्र दूबे, बीडीओ द्वय पटेहरा शरद कुमार सिंह, राजगढ़ रमाकांत राम, नवोदय प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी, एडीओ श्रीकृष्ण उपाध्याय, सुरेंद्र विंद, अनुज कुमार पटेल, राजेश गौतम प्रधानों में अभिषेक सिंह, पवन कुमार, राजेश पटेल, चन्द्रबली यादव, महेन्द्र कुमार आदि ने भी गवाही की।

### 35 महिलाओं ने करायी नसबंदी

**जमालपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को नसबंदी कैंप का आयोजन चुनार से आए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.बैजनाथ यादव की देखरेख में किया गया। कैंप मे 37 महिलाओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें वही 2 महिलाएं नसबंदी कराने के योग्य नही पाई गई।

# विवाह के पूर्व शिव को भस्म, गौरा को लगी हल्दी



बूढ़े नाथ मंदिर पर भस्माभिषेक करते भक्त

**आस्था**

### बाबा बूढ़ेनाथ का भस्माभिषेक

### माता गौरी का भक्तों ने अर्चन कर की निभायी रस्म

### झूमकर नाचे भक्त

**मीरजापुर।** नगर के मध्य बूढ़ेनाथ मंदिर में विराजमान देवो के देव महादेव का शिवरात्रि महोत्सव के तहत भस्माभिषेक किया गया। माता गौरी को हल्दी और कुंकुम लगाया गया। इस मौके पर भक्ति में सराबोर भक्तों ने नृत्य किया। 9 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन अलग अलग शिव को प्रिय सामग्री से अभिषेक किया जा रहा है। मंदिर के महंत डा. योगानंद गिरी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से ही महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। 18 फरवरी को बाबा का भव्य पालकी यात्रा निकाली बूढ़ेनाथ मंदिर से निकलेगी। जिसमें जूना अखाड़ा के नागा साधु एवं संत के साथ विभिन्न झाँकियाँ शामिल होंगी। पालकी यात्रा में लाखों की संख्या में पुरुष और महिला भक्त शामिल होते हैं। नगर के राजाधिराज के रूप में प्रसिद्ध श्रीबूढ़ेनाथ महादेव मन्दिर में वेद मंत्रों के साथ देवाधिदेव महादेव का पूजन आचार्य पं. नितिन अवस्थी के निर्देशन में किया गया । मंदिर के महन्त डॉ. योगानन्द गिरि ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव में इस बार शिव के साथ माता गौरी की भी पालकी यात्रा में शामिल होगी। बाबा बूढ़ेनाथ का 16 को इत्र एवं 17 को जलाभिषेक किया जायेगा। माता पार्वती का 16 फरवरी को भी हल्दी व कुमकुम से अर्चन किया जायेगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने का डीएम ने दिया निर्देश

**तैयारी**

### जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को जारी किया आदेश

**मीरजापुर।** आगामी शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्त/ कावरियों द्वारा हरिद्वार (उत्तराखण्ड) सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से गंगा आदि पवित्र नदियों का जल भरकर समूहों में जनपद के विभिन्न शिव मन्दिरों में जलाभिषेक हेतु गन्तव्य को जाते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर विगत वर्षों में जनपद में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनायें नहीं घटित हुई है फिर भी वर्तमान आतंकवादी गतिविधियों के आलोक में असामाजिक तत्वों द्वारा कुत्सित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उक्त त्यौहार के अवसर पर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनायें कारित किये जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जारी एक आदेश में कहा है कि पर्व के शांतिपूर्ण सम्पादन हेतु संवेदनशील स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा विशेष सर्तकता आवश्यक होगी, ऐसे स्थलों पर जहाँ अधिक संख्या में लोग एकत्र होते हैं, वहाँ पर भी विशेष सर्तकता तथा ऐसे स्थानों पर संभावित घटनाओं का पूवार्नुमान लगाया जाय व किसी घटना के घटित होने पर तत्परता से प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि मेला/स्नान के दौरान नदियों के तटों पर विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किये जायें, जिससे भगदड़ आदि की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके। संवेदनशील/साम्प्रदायिक एवं कन्टेन मेन्ट जोन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। पर्व के अवसर पर सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील स्थान/ धार्मिक स्थल पर यथावश्यक व्यवस्थायें चेकिंग कराई जाए। सघन जाँच एवं तलाशी की व्यवस्था के लिए स्वान-दल, आतंकवादी निरोधक दस्ता एवं बम निरोधक दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात कदापि बाधित न हो। बैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कराई जाए। मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाए।

## संक्षेप

### 31 मार्च तक जनपद में लागू रहेगी धारा 144



**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल ने अपने एक आदेश के तहत जनपद में जनपद में धरना, प्रदर्शन, सभा, हाईस्कूल इण्टरमीडियट की परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, महाशिवरात्रि पर्व, होली पर्व, चैत्र नवरात्र एवं राम नवमी आदि के दृष्टिगत धारा-144 लगा दी गयी हैं। अपर जिलामजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कतिपय अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत जनपद मे सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये तत्कालिक प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 लगा दिया गया है। यह आदेश जनपद मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र मे आगामी 15 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश मे वर्णित प्रतिबन्धों की अवहेलना पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव



**इमिलियां चट्टी।** अहरौरा थाना अंतर्गत इमिलिया चट्टी चौकी क्षेत्र के अतरौली खुर्द, डाक बंगला नहर में एक व्यक्ति की शव मिली है जिस के बाएं हाथ पर सूरजभान लिखा हुआ है, पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त की जा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार की सुबह अतरौली नहर में एक युवक की शव मिली। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय फोर्स के साथ, ग्रामीणों के मदद से युवक की शव को नहर से बाहर निकलवाकर, शिनाख्त करने में जुट गई। पुलिस ने बताया कि हल्का काला शर्ट, सफेद गंजी, हरा रंग की लोअर पहना हुआ है और मृत युवक के बाएं हाथ पर सूरजभान लिखा हुआ है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुट गई। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नही हो पाई।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के पहाड़ा रेलवे स्टेशन के पास तोसवां गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे गुरुवार को एक युवक के शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कोशिश में जुट गई। लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार पहाड़ा व डगमगपुर स्टेशन के बीच तोसवां गांव के पास ग्रामीणों ने एक युवक के क्षत-विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक किनारे शव के होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हो गई होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी पड़री अजय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे ट्रैक किनारे एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बीमारी के दौरान कोटेदार की हुई मौत

**जमालपुर।** क्षेत्र के घसरौड़ी घनश्यामपुर गांव निवासी सरकारी राशन दुकान के संचालक पप्पू यादव 49 वर्ष बुधवार की देर रात मौत हो गई जो पिछले कई महीने से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत की जानकारी पर कोटेदार संघ में शोक की लहर दौड़ गयी। दो मिनट का मौन रखकर गतआत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना किया। उनकी मौत की जानकारी होने पर कोटेदार संघ के ब्लाक अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, त्रिभुवन सिंह, चंदा देवी, बाबूलाल गुप्ता, मन्नी देवी, देवदास यादव, गुलाब मौर्य, ओमप्रकाश यादव, भगवानदास गुप्ता, बिहारीलाल ईत्यादि ने शोक व्यक्त किया है।

### युवक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** सिंगरौली जनपद के गढवा गांव निवासी जयप्रकाश ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पुत्री के जेठ के खिलाफ मारपीट गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए पीएचसी हलिया भेज दिया है। दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की सुबह पुत्री को बुलाने के लिए उसके ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव आया था कि पुत्री के विदाई की बात करने लगा कि उसी समय पुत्री का जेठ राकेश कुमार गुप्ता गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा, जिससे मुझे चोटे आई है। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मारपीट करने सहित गाली गलौज का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र निवसिनी एक महिला द्वारा 15 फरवरी को एक नामजद के विरूद्ध नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर चुनार थाना पर सम्बंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जिसके आधार पर चुनार थाना निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी रामकेवल पुत्र जगदीश निवासी कदवा भण्डाल, धुरकी गढ़वा, झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। थाना चुनार पर पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली कटरा उपनिरीक्षक विनय कुमार राय चौकी प्रभारी मण्डी समिति मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर मोटरसाइकिल चोरों आशीष कुमार पुत्र रामदास सोनकर निवासी डिगुंर पट्टी थाना चील्ह व प्रमोद कुमार सोनकर पुत्र बिरजू सोनकर निवासी दलापट्टी थाना चील्ह को गिरफ्तार किया। बरामद मोटरसाइकिल के चोरी होने के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। जहां नियमानुसार अग्रिम करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।

### सकुशल संम्पन्न हुई परीक्षा

**जमालपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा का शुभारंभ गुरूवार की सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिंदी विषय से हुआ जिसमें कुल 57 बच्चे अनुपस्थिति रहे, जिसमे मठना इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए नामांकित 452 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 424 ने परीक्षा दिया एवं 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्रीमती देवकली इंटर कांलेज जमालपुर परीक्षा केंद्र पर नामांकित 561 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 541 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जिसमें 20 परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा छोड़ दी। 16 कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। मनउर इंटर कांलेज में प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी बिषय के लिए नामांकित 281 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नही दिया। आठ कमरों में छात्रों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रो पर केंद्र व्यवस्थापक शांति पूर्ण परीक्षा कराने के लिये व्यवस्था में लगे रहे। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस कर्मियों को भी लगाया गया था जो लगातार चक्रमण करतें रहे।

### मंत्री ने जनसंपर्क कार्यालय पर लगाया जनता दरबार

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल ने गुरुवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जिसपर कैबिनेट में मंत्री श्री पटेल ने आए हुए सभी जनता जनार्दन की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

### आशा कार्यकर्त्रियों को वितरण किया स्मार्टफोन

**जमालपुर।** आशा कार्यकत्रियों के कार्य को सुगम बनाने के लिए गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.राजन सिंह ने 159 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया। स्मार्टफोन मिलने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन मिल जाने के बाद कार्य करने में आशा बहनों को आसानी होगी। गर्भवती महिला, टीकाकरण, सुगर आदि की सूचना इस स्मार्टफोन के माध्यम से आनलाइन भरी जा सकेगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनुज कुमार वर्मा, सच्चिदानंद, श्रवण कुमार पांडेय सहित तमाम आशा कार्यकर्ती मौजूद रही।

### प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा संगिनियों का गृह आधारित नवजात शिशुओं की देखभाल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले से टेक्निकल सपोर्ट यूनिट से आए प्रशिक्षक दुर्गेश कुमार मिश्रा और अर्चना पटेल ने आशा संगिनियो को घर पर शिशुओं की देखभाल के बारे में बारीकी से जानकारी देकर प्रशिक्षित करते हुए देखभाल सावधानी पूर्वक किये जाने के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान 11 आशा संगिनी उपस्थित रही।

## चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्बोरान और यासुताका

चेन्नई। अमेरिका के निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान ने यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूनार्मेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल के एकल मुकाबले में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चुन सीन सेंग को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में जापान के यासुताका उचियामा ने भी डालीबोर स्वर्सिना को 6-1, 6-7 (10), 6-4 से क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी ने क्वालीफायर जेम्स मैककेबे को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं युगल में भारत के सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद की जोड़ी ने यू सिओ सू और क्रिस्टोफर रुंगकट पर जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। वहीं रामकुमार रामनाथन और विष्णु वर्धन की जोड़ी को कोरिया के जी सुंग नाम और मिन क्यू सोंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मुकाबले में जीवन नेदुनचेजियान और श्रीराम बालाजी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने फ्रेडरिक फरेरा सिल्वा और डी अल्बोरान को 6-4,7-5 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी।



न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट में हैरी ब्रुक अर्धशतक लगाने के बाद उत्साहित होते हुए।

## महिला टी20 विश्वकप : पाकिस्तान की मुनीबा ने लगाया शानदार शतक

**केपटाउन।** पाकिस्तान की युवा सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने दक्षिण अफ्रीका में जारी आईसीसी महिला टी20 विश्वकप में शानदार शतक लगाकर एक अहम उपलब्ध्रि अपने नाम दर्ज की है। मुनीबा ने ग्रुप बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ 68 गेंदों में ही 102 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वह पाक की ओर से टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

मुनीबा के शतक से पाकिस्तान की टीम ने पांच विकेट पर 165 रन बनाये। इसके बाद नाशरा संधू की घातक गेंदबाजी से आयरलैंड की टीम 95 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार पाक टीम को 70 रनों से शानदार जीत मिली। पाक की ओर से नाशरा ने 18 रन देकर 4 विकेट लिए।

वहीं आयरलैंड की ओर से ओरला प्रेंडरगैस्ट और आइमर रिचर्डसन ने काफी प्रयास किये पर वे दोनो अपनी टीम की हार नहीं टाल पायीं। सलामी बल्लेबाज मुनीबा ने आक्रामक बल्लेबाजी कर विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। उसने पहले विकेट के लिए जावेरिया खान के साथ 44 रन बनाये। इसमें से 33 रन अकेले मुनीबा ने बनाए। जावेरिया के आउट होने के बाद कप्तान बिस्माह मारूफ ने मुनीबा का साथ दिया।

मुनीबा ने एक छोर से आक्रमण रुरु कर दिया। वहीं दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मारुफ के बाद निदा भी पेवेलियन लौट गयीं। 48वें ओवरे में मुनीबा ने अपना शतक पूरा किया। यह पाक की किसी खिलाड़ी का पहला और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में छठा शतक था। मुनीबा पारी की अंतिम गेंद पर लिआह पॉल शिकार बनी।



माउंट मैनुगई में न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच में जैक क्राउले आउट होने के बाद पेवेलियन लौटते हुए।

## पृथ्वी शॉ के साथ सेल्फी लेने को लेकर विवाद के बाद कार पर हमला

**मुंबई।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की कार पर हमले का एक मामला सामने आया है। टीम इंडिया से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ अपने एक दोस्त की कार में बैठे थे तभी सेल्फी की मांग नहीं मानने के कारण उनपर यह हमला हुआ। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। कार पर हमले के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पृथ्वी के दोस्त द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार बेसबॉल के डंडों से यह हमला किया। आरोपियों ने कार का पीछा किया और पैसे नहीं देने पर झूठा केस करने की धमकी भी दी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पृथ्वी सांताक्रूज के एक पांच सितारा होटल में डिनर के लिए गए थे। तभी अज्ञात आरोपी उनके पास आया और सेल्फी लेने की मांग करने लगा। शॉ ने दो लोगों के साथ सेल्फी ली भी, लेकिन वही ग्रुप लौट आया और अन्य लोगों के सेल्फी लेने को कहा। जब पृथ्वी ने मना कर दिया कि वह दोस्तों के साथ खाना खाने आए हैं और किसी को परेशान नहीं करना चाहते। इस मामले की शिकायत होटल के मैनेजर से भी की गयी।

तब मैनेजर ने आरोपियों को होटल से बाजर जाने को कहा। इसके बाद जब पृथ्वी और उनका दोस्त खाना खाने के बाद होटल से बाहर निकले तो होटल के बाहर कुछ लोग बेसबॉल के डंडे लेकर खड़े थे। एक आरोपी ने कार का एक शीशा तोड़ दिया। उस समय पृथ्वी कार में थे। शिकायतकर्ता ने कहा कि शॉ कार में थे, और हम कोई विवाद नहीं चाहते थे। इसलिए हमने पृथ्वी शॉ को दूसरी कार से भेज दिया। इसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की गयी।

# दूसरे टेस्ट में जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से यहां शुरू होगा। भारतीय टीम इस मैच में जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को बढ़ना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच को जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। पहले मैच में भारतीय टीम ने एक पारी और 132 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं दूसरे ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम भी पहले टेस्ट की हार से उबर कर इस मैच में उतरेगी। वहीं अगर आंकडों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में हावी रहेगी।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के पिछले चार साल के भारत दौरों पर नजर डाली जाए तो उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा है। गत 14 साल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें उसे केवल एक मैच में जीत मिली। वह भी साल 2016-17 में उसे पुणे टेस्ट में जीत मिली थी। उसके बाद से ही उसे भारत में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। साल 2008-9 से लेकर 2017-18 के बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम भारतीय धरती पर लगातार चार टेस्ट सीरीज हारी है।

भारतीय टीम की चिंता सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का खराब फार्म है। वह पहले टेस्ट में रन नहीं बना पाये थे। इसके बाद भी भारतीय टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलेंगे। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ दें तो अन्य बल्लेबाज शुरूआती टेस्ट में रन नहीं बना पाये। ऐसे में अन्य बल्लेबाजों को भी दूसरे टेस्ट में रन बनाने होंगे। ।

राहुल के अलावा विराट कोहली भी पहले टेस्ट में नाकाम रहे थे। इसलिये कोहली इस बार नाथन लियोन और टॉड मर्फी का कैस सामना करते हैं यह देखना होगा। राहुल इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उनकी जगह खतरे में पड़ जाएगी। राहुल 46 टेस्ट करियर में मिले इतने सारे मौकों का फायदा नहीं उठा सके हैं और उनका औसत भी 34 से कम का रहा है। गेंदबाजी की बात करें तो रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले मैच में बल्लेबाजी में विफल रही थी। अब देखना है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर टीम में रहते हैं या नहीं। इस मैच में बल्लेबाज ट्रेसिस हैड को भी शामिल किया जा सकता है। वार्नर के अलावा अन्य बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये थे। उसे ये टेस्ट जीतना है तो रन बनाने होंगे। जब तक टीम अच्छी बल्लेबाजी नहीं करेगी तब तक गेंदबाज कुछ नहीं कर सकेंगे। फिरोजशाह कोटला की पिच पर जब नमी सूख जायेगी तो यह पिच निर्जीव हो जायेगी। ऐसे में गेंदबाजों को शायद ही सहायता मिले।

नागपुर में ऑस्ट्रेलियाई टीम को समेटने का काम अक्षर पटेल और जडेजा की जोड़ी ने किया था। कोटला की पिच जामथा की तुलना में थोड़ी धीमी हो सकती है जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रक्षात्मक होने के साथ बीच में आक्रामकता भी दिखानी होगी। वहीं अय्यर ने पीठ के निचले हिस्से में चोट के बाद अपना रिहैब पूरा कर लिया है और मौजूदा टीम प्रबंधन के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होने से पहले अच्छा प्रदर्शन कर रहा था तो उसे अंतिम एकादश में अपनी जगह वापस मिल जाएगी। बल्कि द्रविड़ ने कहा था, ह्यह्यअगर अय्यर पांच दिवसीय टेस्ट का कार्यभार संभाल लेते हैं तो वह टीम में शामिल हो सकते हैं।

वहीं सूर्यकुमार यादव के मामले में अय्यर की जगह शामिल करने से कहीं ज्यादा भारत उन्हें मध्य क्रम में खिलाना चाहता है क्योंकि कोना भरत अच्छे विकेटकीपर हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।

मैदान में एक तरफ छोटी बाउंड्री है ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कप्तान पैट कमिंस नाथन लियोन को गेंदबाजी कराने में सतर्क रहेंगे क्योंकि लेग साइड की बाउंड्री मुश्किल से 60 मीटर होगी। ऑस्ट्रेलियई टीम मैट कुहनेमैन के रूप में एक अतिरिक्त बाएं हाथ का स्पिनर लाने के बाद यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या आस्ट्रेलिया तीन स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है या नहीं। मिचेल स्टार्क अगर फिट होते हैं तो स्कॉट बोलैंड की जगह शामिल किये जा सकते हैं।

दोनों टीमें:

भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), रविचंद्रन अश्विन, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, विराट कोहली, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल, उमेश यादव सूर्यकुमार यादव

ऑस्ट्रेलियाई टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैथ्यू कुहनमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, लांस मौरिस, टॉड मर्फी, मैट रेनेशॉ, मिचेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर।

## चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्बोरान और यासुताका

**चेन्नई।** अमेरिका के निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान ने यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूनार्मेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल के एकल मुकाबले में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चुन सीन सेंग को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में जापान के यासुताका उचियामा ने भी डालीबोर स्वर्सिना को 6-1, 6-7 (10), 6-4 से क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी ने क्वालीफायर जेम्स मैककेबे को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं युगल में भारत के सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद की जोड़ी ने यू सिओ सू और क्रिस्टोफर रुंगकट पर जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। वहीं रामकुमार रामनाथन और विष्णु वर्धन की जोड़ी को कोरिया के जी सुंग नाम और मिन क्यू सोंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा।



दोहा में अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गौफ फोरहैंड शॉट लगाती हुई।

## अय्यर फिट हुए तो ही वापसी करेंगे : द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी तभी होगी जब वह पूरे पांच दिनों तक टेस्ट मैच खेलने की हालत में होंगे। अय्यर गत माह श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में लगी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। वह पिछले एक माह से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ठीक होने की प्रक्रिया (रिहैबिलिटेशन) से गुजर रहे हैं।

चोटिल होने के कारण ही उन्हें इस श्रृंखला के पहले टेस्ट के लिए भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। उनके स्थान पर आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अंतिम एकादश में जगह मिली थी। कोच द्रविड़ ने कहा कि अगर अय्यर फिट होते हैं तो उन्हें पिछले प्रदर्शन के आधार पर ही टीम में जगह मिल जाएगी। उन्होंने कहा, ह्यह्यकिसी का चोट से उबरकर वापसी करना हमेशा से ही अच्छा रहता है। हम फिटनेस के आधार पर किसी खिलाड़ी को बाहर करना पसंद नहीं करते हैं और यह टीम के लिए भी अच्छा नहीं होता है। इस मामले में हम अभ्यास सत्र के बाद ही अंतिम फैसला करेंगे। द्रविड़ और टीम का चिकित्सा दल दूसरे और आखिरी ट्रेनिंग सत्र के बाद अय्यर की मैच फिटनेस देखेगा।

कोच ने कहा, उसने कुछ अभ्यास किया है। हम दूसरी बार फिर से इसका आकलन करेंगे और देखेंगे कि वह कैसा महसूस कर रहा हैं। अगर वह इसके लिए तैयार होगा तो टीम में उसे जगह मिलेगी। गौरतब है कि अय्यर ने एक माह से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है और बिना किसी अभ्यास मैच के सीधे टेस्ट मैच में उतरना उनके लिए नुकसानदेह भी हो सकता है।

द्रविड़ ने हालांकि कहा कि टीम में शामिल किसी खिलाड़ी की जगह शामिल होने वाले खिलाड़ी ने अगर शतक लगाया हो या पांच विकेट लिए हो तब भी चोट से वापसी पर उसे अंतिम एकादश में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी चोट के कारण बाहर होते हैं उनके योगदान को देखते हुए फिट होने पर अवसर दिया जाता है।

## पुजारा ने पिछले एक दशक में कई अहम पारियां खेलीं : द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना 100वें टेस्ट मैच खेलेंगे। द्रविड के अनुसार पिछले एक दशक में पुजारा ने इस लंबे प्रारूप में कई अहम पारियों खेली हैं और हमें उम्मीद है कि ये सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। इस बल्लेबाजी ने साल 2010 में अपना पहला टेस्ट खेला था। उसके बाद से ही उन्होंने अबतक 99 टेस्ट मैच खेलते हुए 44.1 की औसत से 7021 रन बनाये हैं। द्रविड़ ने कहा, ह्यह्ययह एक क्रिकेटर के लिये सौवां टेस्ट खेलना बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इसके लिये आपके पास अच्छी प्रतिभा होनी चाहिये। 100 टेस्ट मैच खेलना बहुत कुछ दिखाता है। यह आपकी श्रेष्ठता, फिटनेस मजबूती, उतार-चढ़ाव को सहने की क्षमता आदि दिखाता है। जब आप 100 टेस्ट खेलते हैं तो यह तय है कि करियर में उतार-चढ़ाव भी आये होंगे। आपको जीत-हार का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही कई तरह की गेंदबाजी भी देखनी होती है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यवह टीम के बड़े ही चहेते खिलाड़ी हैं। हम सबको खुशी होती है कि वह 100 टेस्ट मैच खेले हैं। उम्मीद है कि वह आगे भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे, जैसा कि वह करते आये हैं। अगर आप पिछले 10-15 सालों में देखें तो पुजारा ने कई ऐसी महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं जिससे भारत को मैच में और कई श्रृंखलाओं में जीत मिली है।

## पिछले 36 साल से दिल्ली में नहीं हारी है टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम शुक्रवार से यहां दूसरे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे है और उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही अपनी बढ़त को 2-0 करना रहेगा। वहीं मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम बराबरी हासिल करने का प्रयास करेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में भारतीय टीम हॉवी रहेगी। भारतीय टीम पिछले 36 साल से दिल्ली में नहीं हारी है। भारतीय टीम को साल 1987 के बाद से ही दिल्ली में कोई टेस्ट मैच में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। भारतीय टीम ने यहां खेले गए 34 टेस्ट मैचों में से 13 जीते हैं और 6 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिल्ली में कुल 7 टेस्ट मैच खेले हैं उसे साल 1959 के बाद से ही यहां एक बार भी जीत नहीं मिली है। दोनों ही टीमों के बीच अंतिम बार साल 2013 में यहां टेस्ट मैच खेला गया था।

## महिला टी20 विश्वकप : भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

### हरमनप्रीत और ऋचा की शानदार बल्लेबाजी

**केपटाउन।** भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर अपना लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। इस मैच में वेस्टइंडीज टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 119 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिले 120 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष की शानदार बल्लेबाजी से चार विकेट के नुकसान पर ही 120 रन बनाकर हासिल कर लिया।

भारतीय टीम अब अपने मुकाबले में शनिवार को इंग्लैंड से खेलेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इंग्लैंड को हराकर अगले स्तर के लिए प्रवेश हासिल करना रहेगा।



इस मैच में वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम की कप्तान हेली 6 गेंदों में 2 रन बनाकर दूसरे ही ओवर में पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद टेलर और कैम्बेल ने दूसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी बनायी। कैम्बेल 30 और टेलर 42 रन बनाकर आउट हुईं।

इसके बाद नेशन ने 21 और गजनबी ने 15 रन बनाकर स्कोर को 118 तक पहुंचाया। दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लिए जबकि रेणुका और पूजा ने 1-1 विकेट लिया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की ओर से स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा ने शुरूआत की। स्मृति शुरूआत में ही 10 रन रनों पर पेवेलियन लौट गयीं। वहीं जेमिमा भी एक रन ही बना पायीं। इसके बाद शैफाली वर्मा ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। शैफाली 8वें ओवर में 28 रन बनाकर आऊट हो गईं पर हरमनप्रीत ने 33 और ऋचा ने 44 रन बनाकर टीम इंडिया को जीत दिलायी।

## वार्नर को बाहर करने की योजना नहीं : कमिंस

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को टीम से बाहर करने की कोई योजना नहीं है। वार्नर नागपुर में हुए पहले टेस्ट की दोनो ही पारियों में रन नहीं बना पाये थे। उसके बाद से ही उन्हें टीम से बाहर किये जाने की अटकलें लगायीं जा रहीं थी। कई पूर्व खिलाड़ियों ने भी कहा था कि वार्नर को खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर उनकी जगह पर ट्रेविस हैड को शामिल करना चाहिये। वहीं कमिंस ने दूसरे टेस्ट से पहले कहा कि उनकी वार्नर को बाहर करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा, मैं चयनकर्ता नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि उनकी कोई बैठक हुई है पर मुझे भरोसा है कि वार्नर दूसरा टेस्ट खेलेंगे। आपने देखा जब वह विपक्षी टीम पर दबाव बनाता है तो उसके सामने गेंदबाजी करना काफी कठिन होता है।



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी के जैक ग्रियेलिश दूसरा गोल करने के बाद उत्साहित होत हुए।

# आज तुर्की दौरे पर रहेंगे पाकिस्तानी पीएम

इस्लामाबाद। इनकार के बाद तुर्की अब पाकिस्तान के सत्कार के लिए तैयार है। खबर है कि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ फरवरी में भूकंप प्रभावित तुर्की का दौरा करने जा रहे हैं। खास बात है कि इसके पहले पीएम शरीफ 8 फरवरी को यह दौरा करने वाले थे, लेकिन खबरें आई थीं कि भूकंप से बचाव और राहत कार्य में व्यस्त तुर्की ने इसके लिए मना कर दिया था। भूकंप से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 41 हजार के पार जा चुका है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की तरफ से पीएम शरीफ के आगामी दौरे की जानकारी दी गई है। वह 16-17 फरवरी को तुर्की में रहने वाले हैं। इस दौरान वह तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन से भी मुलाकात करने वाले हैं।

खबर है कि पाकिस्तान ने भी तुर्की की मदद करने की बात कही है। इधर, संयुक्त राष्ट्र की तरफ से भी देशों से मदद की अपील की गई है। एजेंसी के अनुसार, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, अब मैं दुनिया से आपकी मदद करने का आग्रह कर रहा हूं, जैसे आपने वर्षों से जरूरतमंद लोगों की मदद की है।

गुटेरेस ने कहा तुर्की की जरूरतें बहुत अधिक हैं, लेकिन कृपया जान लें कि हम आपकी सहायता के लिए वह सब कुछ करेंगे जो हम कर सकते हैं और हम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी ऐसा करने की अपील करते हैं।

पाकिस्तान से पहले कतर के प्रतिनिधिमंडल के तुर्की जाने की खबरें सामने आई थीं। कहा जा रहा है कि कतर के आमिर शेख तमीम बिन हमाद अल थानी मुल्क का दौरा करने वाले हैं। तुर्की को कतर की तरफ से 5 करोड़ रियाल, 10 हजार मोबाइल घर और राहत और बचाव सामग्री से लैस एयर ब्रिज दिया गया है। इसके अलावा भारत सहित कई देशों ने तुर्की को मदद भेजी है।



सर्बया में न्यू पैलेस में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे लोगों को रोकती हुई पुलिस। ये लोग कोसोवो मामले पर विरोध जता रहे हैं।



ताइपे में ताइवान के राष्ट्रपति तसाई इंग वेंग वह पराग्वे के राष्ट्रपति मारियो एबडो राष्ट्रपति भवन में एक स्वागत समारोह में भाग लेते हुए।

# मैं पारस का नहीं, रामविलास पासवान का उत्तराधिकारी हूं: चिराग



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि वह और उनकी मां उनके पिता और पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के उत्तराधिकारी हैं, न कि उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के। उन्होंने कहा ?कि मेरे पिता के निधन के बाद मैं और मेरी मां रामविलास पासवान की हर संपत्ति के एकमात्र दावेदार हैं। मेरे चाचा का इससे कोई लेना-देना नहीं है। अगर इसकी ठीक से जांच की गई, तो वे मुश्किल में पड़ सकते हैं। रामविलास पासवान के निधन के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) दो भागों में विभाजित हो गई। दूसरे गुट के प्रमुख पारस ने पार्टी के 6 में से 5 सांसदों को अपने पक्ष में कर लिया। पारस ने अपने सहित 5 सांसदों के साथ राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) की स्थापना की, जबकि चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास का गठन किया। पारस ने नई पार्टी बनाने के बाद बार-बार दावा किया कि वह रामविलास पासवान के इकलौते उत्तराधिकारी हैं। वहीं दूसरी ओर चिराग पासवान का दावा है कि उत्तराधिकारी वह हैं।

# विश्व बैंक के प्रमुख डेविड मलपास ने इस्तीफे की पेशकश की

जिनेवा। जलवायु परिवर्तन नीतियों को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के साथ अनबन के बाद डेविड मलपास ने घोषणा की है कि वह विश्व बैंक के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि वह अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से दस महीने पहले जून में अंतरराष्ट्रीय विकास संस्थान छोड़ देंगे। गौरतलब है कि उन्होंने अपनी इस्तीफे की की घोषणा ऐसे समय की है, जब दुनिया भर के कई देश गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विश्व बैंक का प्रमुख नियुक्त करना, अमेरिकी राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। बाइडेन मलपास के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे। मलपास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी थे, जिन्हें 2019 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यंग किम के पद छोड़ने के बाद इस पद पर नियुक्त किया था।

मलपास ने ट्रम्प के 2016 के चुनाव अभियान में काम किया था और विश्व बैंक में जाने से पहले अंतरराष्ट्रीय मामलों के ट्रेजरी अंडरसेक्रेटरी थे।

### मलपास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी

पद छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए मलपास ने कहा कि विकासशील देशों में अभूतपूर्व संकट का सामना करने के साथ मुझे गर्व है कि बैंक ने प्रभावशाली ढंग से संकटों का सामना किया। बैंक ने कहा कि मालपास के नेतृत्व में बैंक ने वैश्विक संकटों का तेजी से सामना किया। कोविड-19 महामारी, यूक्रेन में युद्ध, तेज वैश्विक आर्थिक मंदी, अस्थिर ऋण बोझ, जलवायु परिवर्तन और भोजन, उर्वरक के लिए 440 बिलियन डॉलर जुटाया। इसके पहले मलपास ने रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों रोनाल्ड रीगन और जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश के साथ भी काम किया। 1993 में वे निवेश कंपनी बेयर स्टर्न?स के मुख्य अर्थशास्त्री बने, जो 2008 के वित्तीय संकट में ढह गई। इसके बाद उन्होंने अपनी खुद की आर्थिक सलाहकार फर्म की स्थापना की और सीनेट चुनाव में रिपब्लिकन नामांकन के लिए असफल बोली लगाई।

# अमीरों की सूची में शीर्ष पर आने को तैयार एलन मस्क, टॉप 10 अमीरों की सूची में पहुंचे अंबानी

वाशिंगटन। टेस्ला, ट्विटर और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क फिर दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप पर पहुंचने के करीब हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। इसकी वजह यह है कि इस साल टेस्ला की कीमत में 70 फीसदी तेजी आई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ में बुधवार को 4.42 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अब उनकी नेटवर्थ 191 अरब डॉलर पहुंच गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट 192 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। आरनॉल्ट और मस्क की नेटवर्थ में मात्र एक अरब डॉलर का अंतर रह गया है। इस साल मस्क की नेटवर्थ में 54.2 अरब डॉलर की तेजी आई है, जबकि आरनॉल्ट की नेटवर्थ 29.9 अरब डॉलर उछली है। 2021 के अंत में मस्क की नेटवर्थ 300 अरब डॉलर पहुंच गई थी।

इस बीच भारतीय कारोबारी गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट का सिलसिला जारी है। बुधवार को इसमें 1.03 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस साल उनकी नेटवर्थ 70.1 अरब गिरी है और अब यह 50.4 अरब डॉलर रह गई है। पिछले साल अडानी की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 44 अरब डॉलर का उछाल आया था।

उधर देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी फिर अमीरों की लिस्ट में टॉप 10 में आ गए हैं। बुधवार को उनकी नेटवर्थ में 1.81 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 83.3 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दसवें नंबर पर हैं। अंबानी एशिया के अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

# सैफ अल अदल अब अल-कायदा का नया प्रमुख, ओसामा बिन लादेन का लेगा स्थान

वॉशिंगटन। ओसामा बिन लादेन के बाद अयमान अल जवाहिरी अल-कायदा के प्रमुख थे। अब खबर है कि जवाहिरी की मौत के बाद मिस्र के सैफ अल अदल को आतंकवादी संगठन की कमान मिल गई है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। बीते साल अमेरिका की तरफ से किए गए एयर स्ट्राइक में जवाहिरी ढेर हो गया था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा आंकलन संयुक्त राष्ट्र से मेल खाता है कि अल कायदा का नया नेता सैफ अल अदल ईरान में है। इससे पहले यूएन की तरफ से एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें कहा गया था कि अदल अब संगठन का नया नेता है। इससे पहले लादेन की साल 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में मौत हो गई थी।

सैफ अल अदल (62) मिस्र के विशेष बलों में लेफ्टिनेंट-कर्नल रह चुका है। अदल ने आतंकवादी संगठन की ताकत के विस्तार में मदद की। साथ ही कहा जाता है कि 11 सितंबर 2001 को हुए हमले में उसने कुछ हाईजैकर्स को भी प्रशिक्षण दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अदल 2002 या 2003 से ईरान में है। कहा जा रहा है कि वह कई बार पाकिस्तान भी जा चुका है। हालांकि, अब तक संगठन ने आधिकारिक तौर पर अदल को प्रमुख घोषित नहीं किया है। खबर है कि अदल के ऊपर 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का इनाम है। जानकार बताते हैं कि जवाहिरी की मौत के बाद आतंकवादी संगठन पर नया नेता चुनने का दबाव था, तो काम को बढ़ा सके। पुराने हाई प्रोफाइल नेताओं से विपरीत सैफ अल अदल पर्दे के पीछे रहकर काम करने के लिए जाना जाता है।

### सैफ अल-अदल 9/11 हमलों में भी निभा चुका है भूमिका



तुर्की में आये भीषण भूकंप के बाद चारों ओर पड़ा इमारतों का मलबा।

# घाटी में पहले हर दिन वहां विरोध प्रदर्शन और पथराव, आज पर्यटकों से गुलजार हैं

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर को लेकर बड़ा बयान देकर कहा कि पहले हर दिन वहां विरोध प्रदर्शन और पथराव होता था। लेकिन आज वहां की स्थिति में परिवर्तन आया है, आज कश्मीर पर्यटकों से भरा हुआ है। दरअसल, शाह दिल्ली पुलिस के 76वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं 75 साल से अधिक की विरासत का हिस्सा हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस आजादी के बाद से आज तक अपने काम के लिए जानी जाती है और पूरे देश ने इसकी सराहना की है। गृह मंत्री मे उन लोगों के अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले भारत के नागरिकों को अपने पासपोर्ट के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब उन्हें 5 दिनों के भीतर पुलिस की मंजूरी मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के लिए वर्ष 2023 बहुत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारत दिल्ली में जी 20 की मेजबानी कर रहा है।

इसके साथ ही शाह ने जम्मू कश्मीर का जिक्र कर कहा कि पहले कश्मीर में हर दिन विरोध, पथराव और क्रांति का स्थान हुआ करता था। आज कश्मीर पर्यटकों से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब हम देश भर में यात्रा करते हैं, तब कश्मीर के बारे में सोचते हुए हम बहुत सशक्त महसूस करते हैं। वामपंथी राजनीति और उग्रवाद के मामले अब काफी कम हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले दिनों में आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम वाले तीनों कानूनों में परिवर्तन लाने जा रही है... हमने दिल्ली पुलिस में ट्रायल शुरू किया है कि 6 साल से ज्यादा सजा वाले हर अपराध में फोरेंसिक टीम के दौरे को हम अनिवार्य करने जा रहे हैं।

# हैकर्स ने महिला को वीडियो कॉल पर बिना कपड़े पहने आने को कहा

वाशिंगटन। सोशल मीडिया बहुत जल्?द मशहूर होने का जरया बन चुका है। दुनियाभर में तमाम लोग इसके द्वारा चंद महीनों में ही अमीर हुए हैं। लेकिन इसका सबसे बड़ा खतरा हैं कि हैकर्स की निगाह इसतरह के लोगों पर बनी रहती है, और कब वहां आपको मुसीबत में डाल दें, कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक वाकया अमेरिका का सामने आया है। हैकर्स ने इंस्?टाग्राम इंफ्लूएंसर का एकाउंट हैक कर लिया, बदले में लाखों रुपये देने को कहा, जब उसने मना कर दिया, तब हैकर्स ने अजब ही डिमांड कर डाली। बिना कपड़ों के वीडियो-फोटो भेजने को कह दिया।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने यह शिकायत दर्ज कराई है। एफबीआई ने अदालत में दावा किया कि आमिर होसैन गोलशन नाम के हैकर ने कई मह?िलाओं का इंस्?टाग्राम एकाउंट हैक कर लिया है। उसने सिम स्?वैपिंग के जर?िए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को बायपास कर लिया और मह?िला के इंस्?टाग्राम ऐप्?स तक पहुंच गया। उस वहां खुद ऑपरेट करने लगा। हैकर ने हर मह?िला से 15,000 अमेरिकन डॉलर मांगने लगा। एक मह?िला ने खुद ही इस जाल को तोड़ दिया और उसने अपना एकाउंट हास?िल कर लिया। दूसरी ने दोस्?तों से मांगकर 5000 डॉलर दे द?िए। पर इंस्?टाग्राम इंफ्लूएंसर ने पैसे देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद हैकर ने उसे एक वीडियो कॉल पर स्ट्रिपटीज होने को कहा।

रिपोर्ट के मुताबिक, आपको जानकर हैरानी होगी कि? इंस्?टाग्राम एकाउंट वापस पाने महिला ने उसकी डिमांड मान ली। वह वीडियो कॉल के लिए सहमत हो गई। मह?िला ने बताया कि कॉल के दौरान गोलशान पूरे समय हस्तमैथुन कर रहा था। मह?िला ने बताया कि वीडियो कॉल के बाद भी वह एकाउंट एक्?सेस करने नहीं दे रहा था। मह?िला ने उसे मनाने के लिए एक घंटे तक फोन पर बात की, इसके बाद उसने एकाउंट वापस किया। हालांकि, इसके बाद भी वह बार बार उसके सामने इस तरह का प्रपोजल रख रहा है पर हर बार मह?िला ने ठुकराकर पुलिस में शिकायत की।

### कांग्रेस की मांग, अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जेपीसी की जांच जरुरी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट में एक संयुक्त संसदीय समिति की आवश्यकता है, क्योंकि पूरे मामले में राजनीतिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ है, केवल जेपीसी ही घोटाले की जांच कर सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, यह दो प्रमुख अभिनेताओं द्वारा शुरू की गई एक कवायद है ..केंद्र सरकार और अडाणी समूह, जो सभी वास्तविक जांच को कवर करने, टालने, बचने और दफनाने के लिए मौजूद हैं। कांग्रेस नेता जयराम ने कहा कि प्रस्तावित समिति अडाणी समूह के सत्तारूढ़ शासन के साथ संबंधों की किसी भी वास्तविक जांच को रोकने के लिए इन निहित स्वार्थों द्वारा सावधानीपूर्वक आयोजित अभ्यास का एक हिस्सा है। यह इस तथ्य से समर्थित है कि सॉलिसिटर जनरल ने सुझाव दिया था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के विचार के लिए समिति के लिए सीलबंद लिफाफे में नाम देगी। उन्होंने कहा कि इन आरोपों की प्रकृति, अडाणी और सत्तारूढ़ शासन के बीच की कड़ी जनता के प्रति जवाबदेह निर्वाचित अधिकारियों द्वारा दिन में जांच की जाती है।

# भारत ने तुर्किये और सीरिया के लिए सात करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की जीवन रक्षक दवाएं, सुरक्षा सामग्री भेजी

नई दिल्ली। भारत ने भूकंप प्रभावित तुर्किये और सीरिया के लिये आपात राहत सहायता के तौर पर सात करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की जीवन रक्षक दवाएं, सुरक्षा सामग्री, गंभीर स्वास्थ्य सेवा उपकरण भेज दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। तुर्किये और सीरिया को भेजी गई आपात राहत सामग्री एवं संबंधित प्रयासों को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा के साथ भारत कर रहा सीरिया और तुर्किये की मदद। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तुर्किये और सीरिया को मानवीय सहायता प्रयासों के तहत जीवन रक्षक आपात दवाएं, सुरक्षा सामग्री, चिकित्सा उपकरण, गंभीर स्वास्थ्य सेवा उपकरण आदि प्रदान कर रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, छह फरवरी को 12 घंटे के भीतर हिंडन हवाई अड्डे से तीन ट्रक राहत सामग्री भेजी गई जिसमें आपात जीवन रक्षक दवाएं, सुरक्षा सामग्री शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि इसके बाद 5,945 टन आपात राहत सामग्री भेजी गई, जिसमें 27 तरह की जीवन रक्षक दवाएं, दो प्रकार की सुरक्षा सामग्री और तीन तरह के गंभीर स्वास्थ्य सेवा उपकरण शामिल हैं। इनका मूल्य करीब 2 करोड़ रुपए हैं। 10 फरवरी को सीरिया और तुर्किये के लिये बड़ी मात्रा में राहत सामग्री भेजी गई।

# महाराष्ट्र में फिर बड़ा राजनीतिक भूकंप आने का संकेत- रोहित पवार

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता संघर्ष अपने चरम पर आ पहुंचा है. अब बस सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के फैसले आने में ज्यादा वक्त नहीं रह गया है. पिछले दो दिनों से सर्वोच्च न्यायालय में डे टू डे सुनवाई शुरू है. कोर्ट पहले दलीलें सुन रहा है. फिर कोर्ट यह फैसला करने वाला है कि इस मामले की सुनवाई सात जजों के बेंच को सौंप दी जाए या फिलहाल के पांच जज ही इस पर सुनवाई करें. ठाकरे गुट सात जजों की बेंच से सुनवाई किए जाने की मांग कर रहा है. इस बीच शरद पवार के पोते और राकांपा विधायक रोहित पवार के ट्वीट ने राजनीतिक क्षेत्र में खलबली मचा दी है. दरअसल कल उन्होंने एक ट्वीट किया है. मराठी में किए गए इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है ह्यभूकंप से पहले प्राणियों और पक्षियों के व्यवहार बदलने लगते हैं. एक तरह से वे भूकंप की पूर्व सूचना होती है. ऐसा ही मेरा आज का ऑब्जर्वेशन रहा. सत्ताधारी दल के कई विधायकों से आज मुंबई में मेरी मुलाकात हुई. इस दौरान कुछ चीजों का मुझे आभास हुआ.ह्न खास तौर से एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों की ओर यह संकेत है. आगे रोहित पवार लिखते हैं ह्य विधायकों के चेहरे मुर्झाए हुए और बॉडी लैंग्वेज डाउन था. सत्ताधारी होते हुए भी कुछ विधायकों की मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पा रही है. सिर्फ वित्त विभाग से खास पार्टी की फाइलें मंजूर हो रही हैं. इन फाइलों की मंजूरी में अचानक काफी तेजी आ गई है. यह किस भूकंप का संकेत हो सकता है ?ह्न बहरहाल रोहित पवार द्वारा अपने ट्वीट में महाराष्ट्र में फिर से एक बड़े राजनीतिक भूकंप आने की आशंका की ओर इशारा किया है जिससे चर्चा एक बार फिर गमार्ने लगा है.

### बागेश्वर धाम में अर्जी लगाने पहुंची महिला की मौत, बाबा की भभूति से ठीक होती थी

छतरपुर। मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम में इन दिनों धार्मिक महाकुंभ लगा हुआ है। इस महाकुंभ में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिव्य चमत्कारी दरबार भी लगा रहे हैं। इस दिव्य चमत्कारी दरबार में 15 फरवरी को भारी भीड़ के बीच अपनी पीड़ा लेकर एक बीमार महिला अर्जी लगाने पहुंची हुई थी, जिसकी अर्जी का नंबर आने के पहले की महिला ने दम तोड़ दिया।

मृतक महिला का नाम नीलम देवी है, जो उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद की रहने वाली है। महिला के पति देवेंद्र सिंह ने कहा कि वह बीमार थी और मैं उसके साथ रोज परिक्रमा लगा रहा था, लेकिन बीच-बीच में उसकी तबीयत खराब हो जाती थी। सिंह ने कहा कि 15 फरवरी को मैं बागेश्वर धाम के दरबार में अपनी अर्जी लगाने के लिए नीलम देवी को साथ लेकर पहुंचा था, नीलम ने सुबह पंडाल में खाना भी खाया था, लेकिन शाम होते-होते अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद नीलम देवी की मौत हो गई। पति देवेंद्र सिंह के मुताबिक, नीलम लंबे समय से किडनी की बीमारी से परेशान थी।



ओहियो में एक ट्रेन पलटने के कारण जहरीले रसायन फैलने के बाद अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए शहर के लोग।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई। मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है हालांकि वीकली एक्सपायरी पर बाजार में ऊपरी स्तर से मुनाफावसूली से इसपर अंकुश लगा रहा। कारोबार के दौरान . मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी रही। वहीं आईटी, रियल्टी, मेटल शेयरों मे बढ़त रही। . फार्मा, इंफ्रा और एनर्जी क्षेत्र भी बढ़त पर बंद हुआ जबकि बैंकिंग और ऑटो शेयरों में दबाव रहा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 44.42 अंक करीब 0.07 फीसदी बढ़कर 61,319.51 पर बंद हुआ है। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 20 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी ऊपर आकर 18035.85 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान ओएनजीएसी, टेक महिन्द्रा, अपोलो अस्पताल, डेविस लैब और नेस्टले इंडिया निफ्टी के सबसे बड़े नुकसान वाले शेयर रहे जबकि बीपीसीएल, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, एचडीएफसी लाइफ और एमएंडएम सबसे अधिक नुकसान में रहे। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ शुरू हुआ हालांकि दिन भर उतार-चढ़ाव जारी रहने से इसमें खास प्रभाव नहीं पड़ा। देश का निर्यात जनवरी के महीने में 6.58 फीसदी गिरकर 32.91 अरब डॉलर पर आ गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 35.23 अरब डॉलर पर रहा था।

# पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 272 रुपए प्रति लीटर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जनता पहले ही ऐतिहासिक महंगाई के बोझ तले दबी है। इस बीच शहबाज सरकार ने अवाम पर भारी-भरकम पेट्रोल बम फोड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों के आगे झुकते हुए पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में ऐतिहासिक इजाफा किया है। पाकिस्तान किसी भी स्थिति में आईएमएफ से लोन हासिल करना चाहता है और इसके लिए सरकार एक मिनी-बजट लेकर आई है। संकटग्रस्त मुल्क में 22.20 रुपए की बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल की कीमत 272 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वित्त विभाग की ओर से इसकी जानकारी दी गई। एक पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट की खबर के अनुसार हाई-स्पीड डीजल की कीमत 17.20 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 280 रुपए प्रति लीटर हो गई है। मिट्टी का तेल (केरोसिन) 12.90 रुपए की बढ़ोतरी के बाद अब 202.73 रुपए प्रति लीटर में मिल रहा है। इस बीच लाइट डीजल 9.68 रुपए की वृद्धि के बाद 196.68 रुपए प्रति लीटर पर उपलब्ध होगा। पाकिस्तान में नई कीमतें बुधवार रात 12 बजे के बाद लागू हो गईं। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में वृद्धि आईएमएफ की प्रमुख शर्तों में से एक थी। पाकिस्तान में पहले से पेट्रोल-डीजल के दाम रेकॉर्ड उच्च स्तर पर हैं। एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 2023 की पहली छमाही में कम होने से पहले औसतन 33 फीसदी हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा था कि अकेले आईएमएफ का राहत पैकेज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर नहीं ला सकता।

# गौतम अडानी के हाथ से निकली पावर सेक्टर की बड़ी डील

नई दिल्ली। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर ने डीबी पावर को खरीदने के लिए एक बड़ी डील की थी और इसे सीसीआई से मंजूरी भी मिल गई थी, लेकिन अडानी पावर ने स्टॉक एक्सचेंजेंज को बताया कि इस डील को पूरा करने की तारीख ?निकल गई है। इस तारीख को चार बार बढ़ाया गया था और आ?खिरी तारीख 15 फरवरी को ?निकल गई है। इस डील के पूरा होने से पावर सेक्टर में अडानी ग्रुप की ताकत मजबूत होती। जब 2022 में डीबी पावर डील की घोषणा की गई थी तो यह इलेक्ट्रिसिटी सेक्टर में अडानी ग्रुप की दूसरी सबसे बड़ी मर्जर एंड एक्विजिशन डील थी लेकिन ?हिंडनबर्ग ?रिसर्च के झटकों से जूझ रहा अडानी ग्रुप इस डील को पूरा करने में नाकाम रहा।

24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग फर्म ?हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के लिए यह दूसरा झटका है। इससे पहले ग्रुप को अपनी फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का एफपीओ वापस लेना पड़ा था। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि अडानी ग्रुप ने कई साल तक शेयरों में हेराफेरी की। अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया है लेकिन ग्रुप के शेयरों में हाल के दिनों में भारी गिरावट आई है। उसका मार्केट कैप 100 अरब डॉलर से कम रह गया है। इसे देखते हुए ग्रुप ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए अडानी ग्रुप अब आक्रामक तरीके से अपना विस्तार करने के बजाय फाइनेंशियल कंडीशन को दुरुस्त करने पर जोर लगा रहा है। ग्रुप अपना कर्ज कम कर रहा है, गिरवी रखे शेयरों को छुड़ा रहा है और कैश बढ़ा रहा है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया में 21 पैसे की बढ़त

मुंबई। डॉलर में व्यापक कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के बीच गुरुवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की तेजी के साथ 82.6 पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू व्यापार घाटे के मजबूत आंकड़ों और विदेशी कोषों के प्रवाह से निवेशकों की धारणा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.72 पर खुला और फिर बढ़त दर्ज करते हुए अपने पिछले बंद भाव से 21 पैसे की वृद्धि के साथ 82.62 पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.83 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.25 फीसदी गिरकर 103.66 पर आ गया।

# रुपया तेजी के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया तेजी के साथ बंद हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे ऊपर आकर 82.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार डॉलर के कमजोर होने से रुपये में यह बढ़त आई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.72 पर खुला। वहीं कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव की तुलना में 13 पैसे बढ़कर 82.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.83 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान रुपया 82.59 के उच्चस्तर और 82.73 के निचले स्तर पर पहुंचा। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी नीचे आकर 103.70 रह गया।

# सोने की कीमतें घटीं, चांदी में तेजी

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में बदलाव आया है। सोने की कीमतों में गिरावट से दस ग्राम सोना अब 56,270 रुपये का हो गया है। वहीं एक किलो चांदी की दरों में हल्की बढ़त आई है और ये अब 65,720 रुपये पहुंच गयी हैं। दिल्ली सरार्फा बाजार में गुरुवार को सोना 50 रुपये फिसलकर 56,270 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 56,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

दूसरी ओर चांदी 140 रुपये की हल्की बढ़त के साथ ही 65,720 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। दिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 56,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,840 डॉलर प्रति औंस व चांदी 21.69 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# अंबुजा सीमेंट ओडिशा में पसंदीदा बोलीदाता घोषित

नई दिल्ली। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड ने कहा कि उसे ओडिशा में उस्कलवागु चूना पत्थर ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है। अंबुजा सीमेंट अडाणी समूह का हिस्सा है। अंबुजा सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि मल्कानगिरी जिले में स्थित ब्लॉक के लिए ओडिशा सरकार ने ई-नीलामी की थी। अडाणी समूह की फर्म ने यह नहीं बताया कि ब्लॉक के लिए उसने कितने रुपए की बोली लगाई थी। कंपनी ने बताया कि यह ब्लॉक 547 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 14.1 करोड़ टन चूना पत्थर होने का अनुमान है।

# 351 रुपए किलो से कम दाम की सुपारी आयात की अनुमति नहीं

नई दिल्ली। सरकार ने कहा है कि सुपारी के आयात की अनुमति तभी होगी जबकि उसका दाम 351 रुपए ?किलो या उससे अधिक हो। इसका मकसद सुपारी के सस्ते आयात को रोकना है। 351 रुपए ?किलो से कम दाम पर सुपारी का आयात करने की अनुमति नहीं होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा ?कि सुपारी की आयात नीति को मुक्त से अंकुश की श्रेणी में डाला गया है और यदि सीआईएफ मूल्य 351 रुपए या उससे अधिक ?किलो है तो आयात मुक्त होगा। एक अलग अधिसूचना में सरकार ने कृषि अवशेषों पर आधारित बायोमास और ब्रिकेट्स, पेलेट्स के लिए निर्यात मानदंडों को आसान बना दिया। अब बायोमास के निर्यात को तत्काल प्रभाव से मुक्त श्रेणी में रखा गया है। इससे पहले निर्यातक को निर्यात के लिए लाइसेंस या अनुमति लेनी पड़ती थी। डीजीएफटी ने कहा ?कि हालांकि गेहूं, चावल के पुआल सहित चारे का निर्यात अंकुश की श्रेणी में बना रहेगा।

# मेटा में फिर आ सकता है कर्मचारियों की छंटनी का दौर

**– पिछले ही साल कंपनी ने करीब 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला दिया था**

मुंबई। आने वाले दिनों में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा में कर्मचारियों की फिर से छंटनी की योजना बनाई जा रही है। कंपनी इस तैयारी में है कि इस साल वह मौजूदा कर्मियों के साथ कारोबार को आगे बढ़ा सकती है या फिर छंटनी कर टीम को छोटा कर सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार मेटा में काम कर रहे कर्मचारी काफी अनिश्चितता के माहौल में है। उन्हें बजट न मिलने के कारण फिर से छंटनी जैसी चिंताएं सता रही है। बता दें कि अगर आने वाले समय में मेटा में छंटनी होती है तो यह दूसरी बार है, जब मेटा में लगातार दूसरे साल भी छंटनी हो रही है। इससे पहले पिछले ही साल कंपनी ने करीब 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला दिया था। ऐसे में यह छंटनी केवल मेटा में ही नहीं, बल्कि अमेरिका के कई बड़ी कंपनियों में भी हुई थी। मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने 11,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इसके अलावा नई भर्तियों पर तो पहले से ही रोक लगाई जा चुकी है। मेटा के जिन कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखाया गया, उन्हें 4 महीने की सैलरी दी जाएगी।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार निकाले गए कर्मचारियों को मुआवजे के तौर पर 4 महीने की सैलरी दी जाएगी। 2004 में शुरू हुई कंपनी के 18 सालों के इतिहास में ये सबसे बड़ी छंटनी हैं। कंपनी की खस्ता माली हालत और खराब तिमाही नतीजों के चलते ये फैसला लिया गया है। मेटा के पोर्टफोलियो में फेसबुक, इंस्टाग्राम, और वॉट्सऐप जैसे प्रमुख प्रोडक्ट्स हैं. परंतु अपने मेटावर्स बिजनेस पर ज्यादा निवेश करने की वजह से कंपनी की माली हालत खस्ता हो गई. निवेश काफी किया, लेकिन रिटर्न नहीं मिला तो स्थिति और खराब होने लगी। ऐसे में मेटा पर अपने ओवरऑल बिजनेस में कॉस्ट कटिंग का फैसला लेना त्वरित कदमों में से एक है।

# केंद्र ने आईसीएआई, आईसीएईडब्ल्यू में एमओयू पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) और इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इन इंग्लैंड एंड वेल्स (आईसीएईडब्ल्यू) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य एक-दूसरे के सदस्यों की योग्यता व प्रशिक्षण की मान्यता और मौजूदा नियमों व शर्तों के बारे में एक सहभागी प्रणाली निर्धारित करके सदस्यों को बेहतर समझ प्रदान करना है। इस समझौता ज्ञापन के दोनों पक्ष एक-दूसरे को उनकी योग्यता, प्रवेश जरूरतों, सीपीडी नीति, छूट और किसी भी अन्य प्रासंगिक मामलों में जानकारी प्रदान करेंगे। आईसीएईडब्ल्यू के साथ आईसीएआई की यह सहभागिता ?ब्रिटेन में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के लिए पेशेवर अवसर पैदा करेगी।

# दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे जीपीटी आधारित ऐप

नई दिल्ली। उद्योग का आकलन है कि जीपीटी आधारित चैट ऐप देश भर में ऐप स्टोरों से करीब 10 लाख बार डाउनलोड हुए हैं। जीपीटी न्यूरल मशीन लर्निंग है, जिसे इंटरनेट पर मौजूद जानकारी का इस्तेमाल कर सामग्री तैयार करने और टाइप करने का प्रशिक्षण हासिल है। लिहाज से उत्पादकता ऐप टूल श्रेणी में वह 2 फरवरी को 28वें पायदान पर था मगर जबरदस्त छलांग लगाते हुए 14 फरवरी को आठवें पायदान पर पहुंच गया। चैट गॉड को भी दिसंबर में दुनिया भर में पेश किया गया। गूगल प्ले की उत्पादकता सूची में यह 22 फरवरी को 225वें पायदान पर और 14 फरवरी को उछलकर 34वें पायदान पर पहुंच गया। ऐसा नहीं है कि इसकी लोकप्रियता भारत में ऐंड्रॉयड फोन तक ही सीमित है। सेंसर टॉवर के आंकड़ों से पता चलता है कि एआई ओर चैटबॉट भी ऐप स्टोर पर उत्पादकता सूची में 2 फरवरी को 130वें पायदान से उछलकर 14 फरवरी को 29वें पायदान पर पहुंच गया।

दिलचस्प है कि इस साल जनवरी और फरवरी में इस क्षेत्र में कई नए ऐप जारी किए गए हैं और ग्राहकों का ध्यान खींचने के लिए उनमें होड़ मची है। इसी महीने रैपिड चैट जीपीटी आया है। ऐप एनी की उत्पादकता सूची में इसकी रैंकिंग 8 फरवरी को 341 थी, जो महज छह दिन बाद बढ़कर 132 हो गई। 3 फरवरी को जारी किया गया चैट एआईजीपीटी उत्पादकता सूची 409वें पायदान से उछलकर 12 फरवरी को 14वें पायदान पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया की ब्लॉक चेन कंपनी वेमिक्स ने इस महीने के पहले सप्ताह में आस्क मी जीपीटी पेश किया था। भारत में ऐप एनी की उत्पादकता सूची में यह ऐप 533वें पायदान पर था। इसके अलावा कई ऐसे स्टार्टअप हैं, जो इस जमात में शामिल हो गए हैं। लेकिन उनकी कुल संख्या का पता लगाना कठिन है।

# आरबीआई ने ऑनलाइन भुगतान सुविधा देने वाली 54 इकाइयों की सूची जारी की

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर यानी भुगतान की सुविधा देने वाली इकाइयों की सूची जारी की। इस सूची में अमेजन (पे) इंडिया, गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज, एनएसडीएल डाटाबेस मैनेजमेंट और जोमैटो पेमेंट्स समेत 54 इकाइयां हैं। भुगतान की सुविधा देने वाला यानी एग्रीगेट सेवा प्रदाता होते हैं। यह ऑनलाइन भुगतान के विभिन्न विकल्पों को एक साथ एकीकृत करता है और उन्हें व्यापारियों के लिए एक स्थान पर लाता है। यह व्यापारियों को बैंक-आधारित मर्चेंट खाता स्थापित किए बिना बैंक से अंतरित राशि स्वीकार करने की अनुमति देता है। आरबीआई ने बयान में कहा कि वैसे भुगतान एग्रीगेटर (पीए) के आवेदनों की जांच-परख का काम एक नियमित चलने वाली प्रक्रिया है लेकिन आवेदन देकर ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए मंजूरी मांगने वाले इकाइयों की 15 फरवरी, 2023 तक की स्थिति के अनुसार सूची जारी की जा रही है। एक सारणी में मौजूदा पीए के नाम हैं। ये इकाइयां ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर काम कर सकती हैं। इसमें 54 नाम हैं। अन्य सारणी नये पीए की है। इस श्रेणी की इकाइयों को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी गई है और जिनके आवेदन फिलहाल प्रक्रियाधीन है। वे परिचालन नहीं कर सकती। इसमें 28 नाम हैं। तीसरी सारणी में उन पीए के नाम हैं, जिनके आवेदन को या तो लौटा दिया गया या वापस ले लिया गया। इस श्रेणी में 57 इकाइयां हैं जो यह काम नहीं कर सकती।

# नेस्ले इंडिया का मुनाफा चौथी तिमाही में बढ़कर 628 करोड़

नई दिल्ली। नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने बताया कि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 65.50 प्रतिशत बढ़कर 628.06 रुपए हो गया। कंपनी जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एक साल पहले इसी अवधि में 379.48 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी शुद्ध बिक्री 13.95 प्रतिशत बढ़कर 4,233.27 करोड़ रुपए हो गई। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,714.86 करोड़ रुपए थी। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में नेस्ले इंडिया का कुल खर्च 12.78 फीसदी बढ़कर 3,427.27 करोड़ रुपए रहा, जो 2021 की समान तिमाही में 3,038.84 करोड़ रुपए था। कंपनी के एक व?रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने लगातार मात्रा और मूल्य आधारित बढ़त के साथ एक दशक में अपनी सबसे अधिक दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है।

# आठ प्रमुख शहरों में खुदरा स्थल की मांग 21 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले साल प्रमुख शॉपिंग मॉल और बड़े व्यावसायिक बाजारों में पट्टे पर खुदरा स्थल की मांग 21 प्रतिशत बढ़कर 47 लाख वर्गफुट हो गई। संपत्ति परामर्शक सीबीआरई ने यह जानकारी दी। इससे पहले 2021 में 39 लाख वर्गफुट खुदरा संपत्ति को पट्टे पर दिया गया था। सीबीआरई के चेयरमैन और भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमन मैगजीन ने कहा ?कि भारतीय खुदरा क्षेत्र में सुधार हो रहा है और दुनियाभर में कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद हमें उम्मीद है कि इस साल यह गति पकड़ता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय ब्रांड न सिर्फ पहली श्रेणी के शहरों में अपना विस्तार कर रहे हैं बल्कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी प्रवेश कर रहे हैं, क्योंकि वे भारत को एक समर्थ बाजार के रूप में देखते हैं। सीबीआरई के आंकड़ों के अनुसार अहमदाबाद में खुदरा स्थल की पट्टे पर मांग बढ़कर एक लाख वर्ग फुट हो गई, जो 2021 में 30,000 वर्ग फुट थी। बेंगलुरु में खुदरा स्थल की मांग 16.8 लाख वर्ग फुट से बढ़कर 19.2 लाख वर्ग फुट हो गई। चेन्नई में खुदरा स्थल की मांग 2021 के 2.6 लाख वर्ग फुट से 4.5 लाख वर्ग फुट हो गई, जबकि दिल्ली में यह 3.6 लाख वर्ग फुट से 9.6 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गई। पुणे में 2021 में 1.9 लाख वर्ग फुट खुदरा स्थल पट्टे पर दिया गया था। 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 4.3 लाख वर्ग फुट हो गया।

कोलकाता में यह लाख वर्ग फुट से बढ़कर 1.8 लाख वर्ग फुट हो गया। हालांकि हैदराबाद में खुदरा स्थल की मांग सुस्त पड़ी। यह आंकड़ा 2021 के 6.4 लाख वर्ग फुट से घटकर 3.1 लाख वर्ग फुट रह गया। मुंबई में खुदरा स्थल की मांग गिरकर 39 लाख वर्ग फुट रह गई। 2021 में मुंबई में खुदरा स्थल की मांग 6.6 लाख वर्ग फुट रही थी। इन आंकड़ों के लिए मॉल, प्रमुख बाजारों और एकल परियोजनाओं को शामिल किया गया था।

# खाद्य तेल आयात जनवरी में 33 प्रतिशत बढ़कर 16.61 लाख टन

नई दिल्ली। भारत का खाद्य तेल आयात जनवरी में 33 प्रतिशत बढ़कर 16.61 लाख टन पर पहुंच गया। यह सितंबर 2021 के बाद सबसे अधिक है। तेल संगठन साल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बताया कि इस वृद्धि का कारण सूरजमुखी तेल का अत्यधिक आयात होना है। जनवरी में वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेलों) का आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 16,61,750 टन हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 12,70,728 टन था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल का आयात जनवरी में बढ़कर 16,61,750 टन हो गया। सितंबर 2021 के बाद दूसरी सबसे बड़ी मासिक मात्रा है जब 12,51,926 टन का आयात किया गया था। जबकि गैर-खाद्य तेल का आयात 18,802 टन से घटकर शून्य रह गया। तेल वर्ष 2022-23 (नवंबर-अक्टूबर) के पहले तीन महीनों के दौरान वनस्पति तेलों का कुल आयात पिछले वर्ष की समान अवधि के 36,71,161 टन की तुलना में 30 प्रतिशत बढ़कर 47,73,419 टन हो गया। चालू तेल वर्ष के नवंबर 2022-जनवरी 2023 की अवधि के दौरान खाद्य तेल का आयात बढ़कर 47,46,290 टन हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 36,07,612 टन था, जबकि गैर-खाद्य तेलों का आयात 63,549 टन से घटकर 27,129 टन रह गया। एसईए ने कहा है ?कि भारत का जनवरी का सूरजमुखी तेल आयात बढ़कर 4,61,000 टन हो गया, जो लगभग तिगुना औसत मासिक आयात है। पिछले साल अक्टूबर में समाप्त हुए 2021-22 तेल वर्ष में भारत का मासिक सूरजमुखी तेल आयात औसतन लगभग 1,61,000 टन रहा।

# एसबीआई ने रेंट पेमेंट पर प्रोसेसिंग फीस बढ़ाई

**- अब उन्हें 99 रुपए और टैक्स की जगह 199 रुपए और टैक्स देना होगा**

नई दिल्ली। एसबीआई के क्रेडिट कार्ड धारकों को बड़ा झटका लगा है। कंपनी ने क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट्स पर प्रोसेसिंग फीस में इजाफा कर दिया है। एसबीआई कार्ड ने यूजर्स को भेजे गए एसएमएस में बताया है कि अब उन्हें 99 रुपए और टैक्स की जगह 199 रुपये और टैक्स देना होगा। एसबीआई में यह बदलाव 15 मार्च से प्रभावी होंगे। इससे पहले एसबीआई कार्ड ने नवंबर 2022 में क्रेडिट कार्ड यूजर्स के लिए रेंट पेमेंट पर प्रोसेसिंग फी को बढ़ाकर 99 रुपए और टैक्स कर दिया था। आईसीआईसीआई बैंक अपने क्रेडिट कार्ड होल्डर्स से रेंट का एक फीसदी प्रोसेसिंग फीस चार्ज कर रहा है।

प्रोसिसिंग फीस 20 अक्टूबर, 2022 से लागू हो चुकी हैं। एचडीएफसी बैंक ने क्रेडिट के जरिए रेंट पेमेंट पर रिवार्ड प्वाइंट्स को 500 तक सीमित कर दिया है। महीने के दूसरे रेंटल पेमेंट से ट्रांजैक्शन अमाउंट का एक फीसदी और टैक्स लागू होता है। बैंक ऑफ बड़ौदा भी 1 फरवरी, 2023 से क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट्स पर एक फीसदी फीस चार्ज वसूल रहा है। 3 मार्च, 2023 से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट्स पर एक फीसदी चार्ज देना होगा। कोटक महिंद्रा बैंक ने 15 फरवरी, 2023 से कुछ शर्तों के तहत ट्रांजैक्शन अमाउंट का एक फीसदी और टैक्स लगाना शुरू कर दिया है। कई किराएदार पेटीएम, क्रेड, नो ब्रोकर, पेजैप, रेड जिराफ, मोबिक्विक, फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म्स पर रेसिपिएंट के ऑप्शन में मकान मालिक का बैंक अकाउंट डिटेल या यूपीआई एड्रेस डालते हैं और क्रेडिट कार्ड से पेमेंट कर देते थे। हालांकि ये थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म्स क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट करने पर कन्वीनियंस फीस लेते हैं।

# महिंद्रा एक्सयूवी 300 को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**-एसयूवी को 5 कारणों से खरीद रहे लोग**

नई दिल्ली। महिंद्रा एक्सयूवी 300 को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। लॉन्च होने के बाद से ही इस छोटी एसयूवी को काफी पसंद किया गया। 14 फरवरी को महिंद्रा एक्सयूवी300 को लॉन्च हुए 4 साल पूरे हो गए। एसयूवी को भारतीय बाजार में 2019 में लॉन्च किया गया था करीब 1.80 लाख लोग इसे खरीद चुके हैं। यह लगातार सबसे ज्यादा बिकने वाली सब कॉम्पैक्ट एसयूवी की लिस्ट में शामिल रही है। कार की खास बात ये है कि इसमें कई ऐसे फीचर्स मिलते हैं, जो इस सेगमेंट की किसी भी कार में नहीं है।

महिंद्रा एक्सयूवी300 लगातार टॉप 5 बेस्ट सेलिंग एसयूवी में शामिल रही है। 2019 में जब एक्सयूवी300 को लॉन्च किया गया था, तब पहले ही महीने में करीब 13,000 से ज्यादा लोगों ने इसे बुक कर दिया था। वर्तमान में एसयूवी की डिमांड इतना ज्यादा है कि इसका वेटिंग 6 से 7 महीने तक चल रही है। वैसे एसयूवी के पॉपुलर होने के बहुत से कारण हैं जैसे महिंद्रा ब्रांड का नाम, एसयूवी के अंदर बड़ा केबिन, पावरफुल इंजन ऑप्शन, शानदार फीचर्स और कार में मिलने वाली बेहतरीन सेफ्टी है। एक्सयूवी300 भारत में बिकने वाली सबसे सुरक्षित और सबसे पावरफुल सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी है। एक्सयूवी300 के फीचर्स की बात करें तो इसमें एंड्रॉइड ऑटो और ऐपल कारप्ले के साथ 7 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, सिंगल-पैन सनरूफ और क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स मिलते हैं। इसमें ऑटो एसी और कनेक्टेड कार टेक भी हैं।

वहीं, सेफ्टी के लिए एसयूवी में 7 एयरबैग्स, ईबीडी के साथ एबीएस, सभी टायरों में डिस्क ब्रेक, कॉर्नर ब्रेकिंग कंट्रोल, रेन-सेंसिंग वाइपर और फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर हैं। इनमें से कुछ फीचर्स ऐसे हैं, जो इस सेगमेंट की किसी भी एसयूवी में नहीं मिलते हैं। कुल मिलाकर एक्सयूवी300 में कम दाम के साथ महंगे फीचर्स का मजा मिल जाता है।

# नई होंडा सिटी जल्द होगी लांच

**- इस कार में होंगे फीचर्स, माइलेज भी बढ़ेगा**

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में होंडा कार्स इंडिया इस साल की पहली कार लॉन्च करने जा रही है। होंडा अपनी इस बेस्ट सेलिंग कार को नए डिजाइन अपडेट के साथ-साथ कुछ नए फीचर्स और नए वेरिएंट के साथ लॉन्च करेगी। यह कार इंडिया काफी पॉपुलर सेडान कार होंडा सिटा फेसलिफ्ट वर्जन होगा। यहां 2023 होंडा सिटी मॉडल में मिलने वाली सभी जरूरी फीचर्स के बारे में बता रहे हैं।

फिफ्थ जनरेशन होंडा सिटी को भारत में 2020 जुलाई में लॉन्च किया गया था। अब आ रहे नए मॉडल में नया फ्रंट और रियर डिजाइन किया हुआ बंपर देखने को मिल सकता है। साथ-साथ नए एलॉय व्हील देखने को मिलेंगे। अंदर की तरफ कार में नई स्पोर्टी दिखने वाली वेटिंलाइज्ड सीट और वायरलेस के साथ-साथ कई लग्जरी मॉडर्न फीचर्स देखने को भी मिल सकते हैं। इसके अलावा कंपनी सिटी के वेरिएंट में कुछ बदलाव कर सकती हैं। होंडा अब इसके कुछ और मॉडलों में हाइब्रिड सिस्टम जोड़ सकती है।होंडा सिटी के नए मॉडल में मैकेनिकली कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। अब इसका डीजल मॉडल नहीं उतारा जाएगा। नई होंडा सिटी में 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा, जो 119 बीएचपी की पावर और 145 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा।

इसमें 6-स्पीड मैन्युअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन भी होगा। इसमें एक 1.5-लीटर हाइब्रिड इंजन भी मिलेगा, जो दो इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ जुड़ा हुआ होगा। इसका पावर आउटपुट और माइलेज नॉर्मल पेट्रोल इंजन से थोड़ा ज्यादा होगा। होंडा सिटी का नया मॉडल अगले महीने यानी मार्च में लॉन्च हो सकता है। हालांकि, कंपनी ने अब तक तारीख का खुलासा नहीं किया है। वर्तमान में होंडा सिटी के पेट्रोल मॉडल की कीमत 11.87 लाख रुपये से लेकर 15.62 लाख रुपये के बीच है, जबकि हाइब्रिड मॉडल की कीमत 19.89 लाख रुपये एक्स शोरूम है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नए फीचर्स के साथ रही होंडा सिटी की कीमत कुछ ज्यादा हो सकती है। बता दें कि 2023 होंडा सिटी का मुकाबला स्कोडा स्लाविया, फॉक्सवैगन वर्टस, हुंडई वर्ना और मारुति सुजुकी सियाज से है। यह भारत में बेहद पॉपुलर कार है। इसे सबसे सस्ती प्रीमियम लग्जरी कार के तौर पर भी जाना जाता है।

# नोएडा-लखनऊ सहित कई शहरों में पेट्रोल-डीजल महंगा

**- ब्रेंट क्रूड का भाव 85.38 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बीते तीन दिनों से स्थिर बनी हुई हैं। इस बीच गुरुवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव दिख रहा है। आज नोएडा, गाजियाबाद और लखनऊ सहित यूपी के कई शहरों में तेल महंगा हो गया है। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में गुरुवार को भी तेल की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल के दाम 40 पैसे चढ़कर 97 रुपए लीटर हो गए, जबकि डीजल 37 पैसे महंगा होकर 90.14 रुपए लीटर बिक रहा है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 14 पैसे बढ़ा और 96.47 रुपए लीटर हो गया है, जबकि डीजल 123 पैसे चढ़कर 89.65 रुपए लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में भी आज पेट्रोल 32 पैसे महंगा हुआ और 96.58 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 30 पैसे महंगा होकर 89.75 रुपए लीटर हो गया है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में खास बदलाव नहीं आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85.38 डॉलर प्रति बैरल पर लगभग स्थिर बना हुआ है। डब्ल्यूटीआई भी 78.50 डॉलर प्रति बैरल चल रहा है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपए और डीजल 89.66 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# पात्र लाभार्थियों तक पहुंचायें सरकार की योजनाओं का लाभ : राज्यमंत्री

**चौपाल**

**जन चौपाल में ग्रामवासियों की सुनी समस्या, दी योजनाओं की जानकारी**

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर, सिकरारा में जन चौपाल का आयोजन करते हुए शासन की मंशा अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं को सुना और शासन/प्रशासन द्वारा आम जनमानस के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को (मनरेगा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लिए प्रमुख योजनाएं शुरू की गई है जिसका लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। राज्यमंत्री द्वारा चौपाल में उपस्थित समस्त


ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री

अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को अवश्य उपलब्ध कराएं और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। इस दौरान राज्यमंत्री द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और सरोज, प्रीति, नगीना यादव की गोदभराई की और बच्चों (अनिरुद्ध मिश्रा और मानसी) का अन्नप्राशन कराते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी द्वारा बनाए गए भोज्य पदार्थों को चखा और प्रभारी सीडीपीओ नाहिद खान सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि आंगनबाडी द्वारा 6 माह तक के बच्चो को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जा रहा है। चौपाल में एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंशु), भाजपा अध्यक्ष जौनपुर पुष्पराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर माज अख्तर, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, अध्यापक अमित सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्रों का एसडीएम और सीओ ने किया औचक निरीक्षण



**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** यूपी बोर्ड की परीक्षा की जाँच पड़ताल करने उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा और क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने विभिन्न कॉलेजो में जाकर निरीक्षण किया।

उन्होंनें नालदेव कुलदेव इंटर कॉलेज बेलांव, राजाराम इंटर कॉलेज तरियारी, भारत भारती साधना पीठ इंटर कॉलेज पतौरा, शिराजे हिंद इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान साथ अन्य विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहाकि ड्यूटी में लगाए गए सभी कार्मिकों के गले में आई कार्ड जरूर होना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए।

इस दौरान उपजिलाकारी ने और क्षेत्राधिकारी ने सीसीटीवी रूम में जाकर देखा और सभी विद्यालय के अध्यापक को दिशा आवश्यक निर्देश दिया।

## संक्षेप

### डीएम ने लिया बोर्ड परीक्षाओं का जायजा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के साथ गुरूवार से प्रारम्भ यूपी बोर्ड परीक्षा का विभिन्न कॉलेजों में जाकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टीडी इंटर कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि ड्यूटी लगाए गए सभी कार्मिको के गले में आई कार्ड अवश्य होना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कक्ष में जाकर देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**चंदवक।** क्षेत्र के बजरंगनगर कोइलारी मार्ग पर बराभनपुर सोनहवा पोखरा के पास स्विफ्ट डिजायर कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गईं वहीं दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि बराभनपुर गांव निवासी लालू सरोज (18) पुत्र कल्लू परीक्षा देने आकाश (16) के साथ बाइक से इंटर कॉलेज कोइलारी जा रहा था। बराभनपुर सोनहवा पोखरा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार से धक्का लग गया जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गए जहां डॉक्टरों ने लालू को मृत घोषित कर दिया। आकाश का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन लेकर चालक फरार हो गया।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख नाटे यादव की हार्ट अटैक से मौत

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के बदलापुर गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबूराम यादव उर्फ नाटे यादव की बुधवार की देर शाम को हार्ट अटैक से मौत हो गयी वे 72 वर्ष के थे। उनका कुछ दिन पूर्व दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हार्ट की सर्जरी हुई थी। वे तीन बार सिरकोनी ब्लॉक के प्रमुख रहे। बुधवार की शाम को अपराह्न उनको हार्ट अटैक आ गया। परिवार के लोग उन्हें लेकर तत्काल वाराणसी के एक निजी अस्पताल में गए। वहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुआ। उनकी मौत की सूचना पर भारी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया।

### 123 बच्चों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत पांच विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटर के 123 बच्चों ने हिंदी प्रश्नपत्र की परीक्षा छोड़ दी। किसान इंटर कालेज इटैली गजना में हाई स्कूल में 277 छात्र पंजीकृत हैं जिसमें 20 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी वहीं इंटर में 294 पंजीकृत है जिसमें 12 ने परीक्षा छोड़ी। वहीं सीताराम इंटर कालेज हनुवाडीह में हाई स्कूल में 148 में 3 व इंटर में 316 में 14 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी क्रम में जयराम इंटर कालेज मुर्तजाबाद में हाई स्कूल के 214 में 23, इंटर में 181 में 5 बच्चों ने परीक्षा नहीं दी। गोवर्धन इंटर कालेज में हाईस्कूल के पंजीकृत 202 में 10 तथा इंटर के 170 में 15 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। इसी प्रकार सुखराम मेमोरियल बालिका इंटर कालेज बगथरी के हाई स्कूल के 292 में 15 व इंटर के 340 में 6 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी।

### हाईस्कूल में 266 तो इंटर में 251 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**चंदवक।** क्षेत्र के आदर्श इंटर कॉलेज रेहारी में हाईस्कूल के 577 में 72, इंटर के 527 में 62, श्री गणेश राय इंटर कॉलेज डोभी के हाईस्कूल के 597 में 94, इंटर के 584 में 96, राष्ट्रीय विद्या मंदिर चंदवक में हाई स्कूल के 597 में 54, इंटर के 604 में 75 व इंटर कॉलेज मढ़ी में हाई स्कूल के 429 में 35 तो इंटर के 301 परीक्षार्थियों में से 6 ने, मथुरा सिंह इंटर कॉलेज कोइलारी हाईस्कूल में 400 में 11 व इंटर में 364 में 12 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी दी।

### दोनों पालियों में 65 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**पवांरा।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से प्रारम्भ हो चुकी है। गुरुवार को हुई परीक्षा में होरिलराव इण्टरमीडिएट कॉलेज कुंवरपुर में सुबह हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 436 परीक्षार्थियों में से 12 अनुपस्थित रहे और दूसरी पाली में इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 501 परीक्षार्थियों में से 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं अशर्फी देवी बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज पवांरा में सुबह हाईस्कूल हिन्दी की परीक्षा में 249 परीक्षार्थियों में से 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और दूसरी पाली की इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा में 126 में से 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# कानपुर की घटना को लेकर लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

**रोष**

**सरकार से परिवार में एक को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपए का मांगा मुआवजा**

**जनसंदेश न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** कानपुर देहात में हुए बुलडोजर एक्शन से मां बेटी की हुई मौत को लेकर आक्रोशित युवाओं ने बुधवार की देर शाम को कैंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया। उन्होंने दोषियों को फांसी की सजा व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की।

समाजसेवी अश्वनी तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों लोग क्षेत्र के गांव मधुपुर में स्थित एमपी मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने जुटे और बैठक की। इसके बाद वह हाथ में कैंडल


कैण्डल मार्च निकालते लोग

जलाकर एमपी मेमोरियल हॉस्पिटल से नगर में भ्रमण करते हुए मधुपुर चौराहे पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी अश्वनी तिवारी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार लोगों के ऊपर जुल्म कर रही है। सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। सरकार पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा दें। जनता अब उनकी कार्यशैली को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। कैंडल मार्च में अश्वनी तिवारी, विशाल यादव, सोनू यादव, पवन यादव, धर्मेंद्र यादव, राहुल यादव, शाहिद अंसारी, अरुण मौर्य व विवेक सरोज आदि लोग शामिल रहे।

# चोरों ने गैराज से एक लाख का सामान किया पार

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** नगर के बारा मोड़ पर स्थित एक गैराज से बुधवार की रात्रि चोरों ने लगभग एक लाख का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक जोगियाना मोहल्ला निवासी फारुख आजम का बारा मोड़ पर एक बड़ा गैराज व गोदाम है। बीती रात चोरों ने दीवार फांद कर ट्रैक्टर की पुल्ली, सरिया, ट्यूबवेल का पंखा, कमानी आदि सामान पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह परिवार वाले गैराज में गए तो कीमती



सामान गायब मिला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इससे पहले नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल में चोरों ने घुसकर हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया था। शिकायत के बावजूद पुलिस अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

### खराद की दुकान से मोटर चोरी

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित रेलवे फाटक के पास खराद मशीन की दुकान से मोटर चोरी हो गई। सूचना पर पहुंचे जंघई पुलिस चौकी के दीवान ने पास पड़ोस के दुकानदारों से पूछताछ किया। बभनियांव निवासी रामसजीवन विश्वकर्मा की रेलवे फाटक के पास वेल्डिंग की दुकान है। रोज की तरह बुधवार को भी वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पर आए तो दुकान पूर्व की भांति बंद रही किन्तु अंदर देखा तो लोहे का सामान इधर उधर पड़ा था और खराद की मोटर नदारद थी।

# करेंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**खुटहन।** सलेमपुर गांव में गुरुवार को अपने खेत की सिंचाई कर रहा युवक बगल खेत की सुरक्षा हेतु घेरे गये झटका मशीन के करेंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन उपचार हेतु सीएससी ले गए जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक पुत्र फुर्दिल अपनी गेहू के फसल की सिंचाई कर रहा था। उसके बगल गांव के सुनील यादव का खेत है जिसकी सुरक्षा हेतु वह चारों तरफ बांस बल्ली के सहारे नंगा तार घेरकर झटका मशीन से करेंट प्रवाहित किए हुए हैं। अभिषेक सिंचाई करते समय असंतुलित होकर तार पर गिर गया। अगल बगल खेत में काम कर रहे कुछ किसानों की नजर जब उस पर पड़ी तो वे शोर करने लगे। आपूर्ति बंद कर उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## संक्षेप

### निकाय चुनाव को लेकर आप ने कसी कमर, सौंपी जिम्मेदारी

**भदोही।** आम आदमी पार्टी भदोही द्वारा गुरुवार को यूनियन बैंक के सामने सुरियावां, अयोध्यापुरी कालोनी भदोही और यादव प्रतिष्ठान चांदनी चौक नई बाजार भदोही में संगठन के निर्माण को लेकर बैठक जिला अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह से उपस्थित रहे। सभी जगह बैठक के दौरान संगठन विस्तार पर काम किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत सुरियावां के निकाय प्रभारी रोशन अली, नगर पालिका परिषद भदोही के निकाय प्रभारी इजहार अहमद, नगर पंचायत नई बजार के निकाय प्रभारी विनय कुमार बिंद को मनोनित किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह ने कहा कि नगर में नगर पंचायत और पालिका मै फैले व्यापक भ्रष्टचार अगर कोई खतम कर सकता है तो वो पार्टी आम आदमी पार्टी है। जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि बीजेपी नगर पालिका का चुनाव हार रही हैं इसलिये नगर पालिका का चुनाव समय पर नहीं करा रहे हैं। आम आदमी पार्टी नगर पालिका चुनाव मजबूती से लड़ रही और जीत रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मनोज गुप्ता, पंकज कुमार एडवोकेट, इजहर अहमद, विनय बिंद ,नवाज भाई, सादिक अंसारी, चांद भाई राजकुमार सिंह, शिव कुमार मौर्या, राजकुमार सिंह, बैजनाथ सरोज, नईम, धर्मेंद्र कुमार, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बाबा हरिहरनाथ मन्दिर का भ्रमण कर लिया जायजा

**ज्ञानपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरूवार को बाबा हरिहर नाथ धाम मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के शान्तिपूर्ण सम्पादन हेतु शिव मन्दिरों सहित संवेदनशील स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा विशेष सर्तकता होगी। भीड़-भाड़ वाले सम्भावित स्थलों पर विशेष सर्तकता टीम रहेगी। संवेदनशील व सम्प्रदायिक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। पर्व के अवसर पर बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व धार्मिक, संवेदनशील स्थलों पर सघन जॉच व तलाशी चेकिंग करायी जाए। जनसुविधाए, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई व विशेष ध्यान रखा जाए। असमाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालो पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवश्यकतानुसार विभिन्न मन्दिरों, स्थलों, मार्गो का समस्त उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से पीस कमेटी की बैठक कर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में धारा 144 प्रकिया संहिता लागू है। इसका अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बलों को कानून व्यवस्था एवं सम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए महाशिवरात्रि का पर्व शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख शिवमन्दिरों पर कानून व्यवस्था हेतु भी पूर्ण व्यवस्था की गयी है।

### पानी नहीं मिलने से सूख रही किसानों की फसल

**भदोही।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत भवानीपुर गांव में राजकीय नलकूप लगभग पन्द्रह दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे किसानों के गेहूं की फसल पानी के बिना सूख रही है। मिली जानकारी के अनुसार भवानीपुर गांव स्थित राजकीय नलकूप नं 241 का मोटर कई हफ्तों से जल गया है। जिससे किसानों की फसल पानी बिना सूखने के कगार पर पहुंच गया है। क्षेत्रीय किसान प्रभाकर दूबे, बब्लू दूबे, रमाकांत दूबे आदि ने बताया कि नलकूप के खराबी की सूचना नलकूप विभाग को दे दिया गया है फिर भी नलकूप का मोटर नहीं लगाया गया। किसानों ने कहा कि यदि समय से नलकूप का मोटर नहीं लगा तो लगभग 200 बीघा गेहूं की फसलें सूखकर खराब हो जायेगी। इस सम्बन्ध में नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता संजय भारतीय ने बताया कि उक्त नलकूप को शीघ्र हीं ठीक करा दिया जाएगा जिससे किसानों को कोई परेशानी न हो सके।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# यूपीबोर्ड की परीक्षा में सीसीटीवी कैमरे हमेशा रहें अपडेट: डीएम

**परीक्षा**

**यूपीबोर्ड की पहले दिन की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न**

**नकल विहीन परीक्षा हेतु केन्द्रो का डीएम ने किया औचक निरीक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा वर्ष-2023 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन सुचितापूर्ण व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कन्ट्रोल रूम में जाकर मानीटरिंग सेल से परीक्षाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने


गिरधरपुर इंटर कालेज में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी

द्वितीय पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक बी भारती व जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम ज्ञानपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय के साथ इन्द्रावती इण्टर कालेज गिरधरपुर में औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापक सुजाता यादव के साथ विद्यालय में बने कन्ट्रोल रूम में जाकर संचालित परीक्षा का अवलोकन करते हुए सीटिंग प्लान के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से पूछताछ, एडमिट कार्ड का मिलान आदि किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान छात्र, छात्राओं को तनाव मुक्त होकर धैर्य व संयम के साथ अपनी पूर्व की तैयारी मेहनत के अनुसार परीक्षा देने के लिए प्रेरित भी किया। सीटिंग प्लान में अव्यवस्था दृष्टिगत होने पर जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापक सहित कक्ष निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र भ्रमण स्टैटिक तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट का जायजा लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं से सम्बन्धित किसी भी शिकायत समाधान के लिए डीआईओएस आफिस में ग्रीवांस सेल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन जनपद में बोर्ड परीक्षाएं सुचारू ढ़ग से शान्तिपूर्वक संचालित हुई।

# डीएम के आदेश से जनपद में धारा 144 लागू

**ज्ञानपुर।** 16 फरवरी से चार मार्च तक जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा को नकल विहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने एवं होली के त्यौहार के दृष्टिगत असामाजिक एवं अवांछनीय सत्यों की गतिविधियों एवं उनके कार्य कालापों से शान्ति भंग होने की सम्भावना उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद की सीमा के अन्तर्गत लोक प्रशान्ति एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत धारा 144 लागू करने का आदेश पारित किया हैं। कोई भी व्यक्ति जुलूस अथवा सभा किसी सार्वजनिक स्थान पर जिलाधिकारी कार्यालय व उप जिला मजिस्ट्रेट के पूर्व अनुमति के प्राप्त किये बिना नहीं करेगा, किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा सड़क या गली में पाँच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होगे। यह आदेश धार्मिक स्थल, शव यात्रा एवं विवाह के बारात पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के आस पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग तथा परिसर में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर पे स्कैनर पेजर आईटी गजेट्स आदि इजेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

### सीडीओ ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने गुरुवार को महुआरी गांव का निरीक्षण किया। महुआरी गांव में 17 फरवरी को जन चौपाल का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वर्क हज मंत्री शुक्रवार को जन चौपाल में आएंगे। कार्यक्रम स्थल का मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने सभी विभागों का बैठक कर अपने अपने कार्यो का बुकलेट बनाने को निर्देशित किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल की साफ.सफाई एवं अन्य कार्य का निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान रमेश मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी संदीप सिंह, लेखपाल मुरली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# केएनपीजी में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कार्यक्रम**

**जी 20 विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में गुरूवार को नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैश्विक पटल पर भारत का अभ्युदय, जी 20 विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में बताया की वैश्विक पटल पर भारत का बहुत तीव्रता से उन्नयन हो रहा है। विषय की स्थापना नेहरू युवा केंद्र के प्रभारी


केएनपीजी में जिलास्तरीय पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्राचार्य

रामगोपाल चौहान ने किया। वक्ता के रूप में डॉक्टर महेंद्र कुमार ने विकसित देशों के समूह जी-20 में भारत की गरिमामई उपस्थिति पर विस्तार से चर्चा की। डॉ विकास चंद्र ने बताया आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। डॉक्टर रविंद्र कुमार पांडेय ने मोटे अनाज की महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कामिनी वर्मा ने बताया जीवन में स्वस्थ शरीर का बहुत महत्व है। इसे खेल, व्यायाम ,योग व संतुलित भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करके स्वस्थ रखा जा सकता है। छात्र-छात्राओं में उपासना जायसवाल, रोजी बानो ,गरिमा मौर्य ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आनंद देवा ने किया। इस अवसर पर लेखाकार अदनान उल्ला खान, राम गोपाल चौहान, राम अवध कुशवाहा, डॉक्टर संतोष आर्य, डॉ. प्रीति कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंद मकान में घुसकर चोरी की घटना का सुरियावां पुलिस ने किया खुलासा

**कार्रवाई**

**घटना में शामिल दो शातिर चोर, चोरी के माल के साथ गिरफ्तार**

**जनसंदेश न्यूज**

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र के छतरीपुर गॉव में बंदशुदा मकान में घुसकर चोरी की घटना का सुरियावां पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो शातिर चोरो को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गौतम कुमार उपाध्याय निवासी छतरीपुर ने पिछले महीने सुरियावां थाना पर सूचना दी थी कि रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंदशुदा मकान में घुसकर बर्तन, कपड़ा आदि चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना सुरियावां के पाली चौकी


घटना में शामिल पकड़े गए दो चोरों को मीडिया के समक्ष पेश करती पुलिस

प्रभारी सन्तोष राय की टीम ने मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियोग का सफल अनावरण करते हुए चोरी की घटना में शामिल दो चोरों राहुल कुमार दुबे उर्फ नेहाल दुबे पुत्र योगेश कुमार दुबे निवासी बनकट थाना सुरियावां, मोनू सरोज पुत्र रामपति सरोज निवासी कृष्णापुर थाना सुरियावां को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-411 भादवि. की बढ़ोतरी तथा अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मुअसं.-30/2023 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

सफलता प्राप्त करने वाली टीम में चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार राय की टीम में पवन सिंह, रामानन्द, संदीप जितेंद्र यादव आदि लोग शामिल रहें।

# 42 मीटर की इमारत तक पहुंचने की क्षमता

## दबाव नहीं विश्वास से होता है काम: आनंद सिंह राजपूत





आनंद सिंह राजपूत
मुख्य अग्निशमन अधिकारी



रवि प्रकाश सिंह

मौजूदा समय में मल्टीस्टोरी भवनों का चलन है। ऐसे में काशी भी पीछे नहीं और यहां भी ऊंची इमारतों का निर्माण तेजी से हो रहा है। खासकर एक से दो दशक में काफी बदलाव भी हुआ। ऐसे में इन इमारतों में आग से बचाव के उपकरण भी लगे होते हैं अगर नहीं तो दमकल विभाग एनओसी ही नहीं देगा। बावजूद इसके अगर आग लगती है तो मौजूदा समय में 42 मीटर ऊंचे भवन तक पहुंचने का उपकरण वाराणसी फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट के पास है। आनंद सिंह राजपूत कहते हैं कि पहचान काम से मिलती हैं। कार्यालय में कब सुबह से रात हो जाती है, पता नहीं चलता। नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई से तनिक भी गुरेज नहीं करेंगे। दबाव क्या होता है ये उनकी डिक्शेनरी में नहीं है। इस समय मुख्य अग्निशमन अधिकारी के तौर पर आनंद सिंह राजपूत वाराणसी की जिम्मेदारी संभाले हैं। जन संदेश टाइम्स से खास मुलाकात में उन्होंने विभाग से जुड़ी जानकारी साझा की।

### बहुमंजिला इमारत में उपकरण तो हैं लेकिन ट्रेंड कर्मी नहीं

बहुमंजिला इमारत में आग से बचाव के लिए उपकरण तो हैं लेकिन प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं होने से हादसों का होना बढ़ जाता है। जबकि प्राथमिक तौर पर बहुमंजिला इमारत के ओनर्स (मालिकों) को चाहिए कि अपने यहां कम से कम आधा दर्जन कर्मचारियों को ट्रेंड रखे ताकि तात्कालिक कार्रवाई हो सके, अगर दमकल को पहुंचने में थोड़ा बहुत विलंब भी हो तो ज्यादा नुकसान से बचा जा सके।

### सबसे पहले मदद को आगे आया अग्निशमन विभाग

बीते दिनों चेतगंज के बागबरियार में निर्माण के दौरान ढहे कच्चे मकान में दो मजूदर दब गये थे और इसमें एक की मौत हो गयी थी। घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचने वालों में आनंद सिंह राजपूत थे और यही नहीं विभाग से स्ट्रेचर भी साथ लेकर गये और अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने बताया कि मानवीय पहल जरूरी है और ऐसे मामलों में मदद के लिए जब भी जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले उनकी टीम सामने मिलेगी।

### नये ड्राफ्ट बनाने में रही अहम भूमिका

अंग्रेजों के जमाने का ऐक्ट समाप्त हुआ और नये ऐक्ट उत्तर प्रदेश अग्निशमन या आपातकाल सेवा के लिए छह सदस्यी कमेटी बनी जिसका ड्राफ्ट तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी आनंद सिंह राजपूत को मिली। हालांकि किन्हीं कारणों से कमेटी की ड्राफ्ट को रोक दिया गया और अब नये सिरे बनाने के इंतजार में मामला पेंडिंग है।

### मैन पॉवर से जूझ रहा विभाग

आनंद सिंह राजपूत बताते हैं कि अग्निशमन विभाग में 17 अधिकारियों की नियुक्ति है जबकि महज तीन अधिकारी काम में है। ये पद रिक्त और इसे भरने के लिए डीजी को पत्र लिखा गया। करीब सात बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है लेकिन अभी कुछ ठोस पहल हुई नहीं। ऐसे में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि वो इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। वर्तमान में वाराणसी में पांच अग्निशमन स्टेशन हैं जो जिले को संभाले हैं।


# महाशिवरात्रि पर भांग-बूटी संग ठंडई का जलवा



### एक दिन में गटक जाते हैं 75 लाख की ठंडई

### बाजार में तरह-तरह के फ्लेवर वाली ठंडई की भरमार

### सर्वाधिक मांग होती है पिस्ता और केसरिया बादाम वाली की



जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। नगरी भोलेनाथ की और मौका उनके विवाह के सालगिरह यानि महाशिवरात्रि पर्व का तो क्या कहने? भांग-बूटी और ठंडई के लिए मशहूर काशी में रहने या बाहर से आने वाले इस हसीन मौके को भुनाने में भला पीछे कहां रहने वाले। काशीवासी हो या फिर बाबा के श्रद्धालु, कमोवेश सभी प्रसाद के रूप में इसे गटकने से परहेज नहीं करते। इस दौरान तो कई घरों में भांग पिसने और ठंडई बनाने का भी चलन सदियों से चला आ रहा है। वहीं, इस पर्व को भुनाने में ठंडई निर्माता भी पीछे नहीं रहते। इस मौके का भरपूर फायदा उठाने के लिए निर्माताओं ने तरह-तरह के फ्लेवर में ठंडई बाजार में उतारा है। बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो आम दिनों की तुलना में अकेले महाशिवरात्रि पर बनारसी हो या फिर पर्यटक-श्रद्धालु 75 लाख से अधिक की ठंडई और भांग-बूटी गटक जाते हैं। महाशिवरात्रि पर भाग-बूटी संग ठंडई का अपना जलवा अलग अंदाज में ही नजर आता है। भोलेनाथ के भक्तों के लिए महाशिवरात्रि किसी त्यौहार से कम नहीं। इस दिन लोग भगवान शिव की पूजा करते हैं, उनके लिए व्रत रखते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाते हैं, जिसमें भांग-बूटी और ठंडई अवश्य शामिल रहता है। इस साल 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। पूरे दिन व्रत रखने के बाद तमाम लोग ठंडई पीकर व्रत खोलते हैं। वैसे तो काशी में भांग-बूटी और ठंडई की मांग बारहों महीने रहती है, लेकिन बात जब बाबा के शादी की सालगिरह की हो तो हर शख्स मगन हो मस्ती में डूब जाना चाहता है। खाने-पीने के शौकीनों के बीच ठंडई खासा मशहूर है। भांग की गोली के साथ बनारसी ठंडई का सेवन का अपना अलग अंदाज है। पिश्ता और केसरिया बादाम वाली ठंडई की मांग भी जबर्दस्त होती है। निर्माताओं ने अबकी बाबा के भक्तों को परोसने के लिए कई फ्लेवर की ठंडई बाजार में उतारी है। इसमें पान रस मिश्रित 'पान ठंडई' लोगों को ललचायेगी। खास यह कि पीने में बनारसी पान का मजा भी मिलेगा। इसके अलावा पिश्ता ठंडई, केसरिया ठंडई भी बाजार में उपलब्ध है। साथ ही गुलाब जल, खस, आरेंज, एस्ट्राबेरी, पाइन एप्पल, लीची, मुल्तान मिट्टी आदि मिश्रित ठंडई भी शौकीनों को अलग तरह का आनंद देने को तैयार है। निर्माताओं और विक्रेताओं की मानें तो आम दिनों की तुलना में महाशिवरात्रि पर भांग-बूटी और ठंडई की डिमांड 10 गुना बढ़ जाती है। वैसे कई शौकीन तो इस दिन घर पर भी ठंडई बनवाते हैं।

### सेहत के लिए फायदेमंद

चिकित्सकों की मानें तो ठंडई का सेवन सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है। ठंडई बनाने में इस्तेमाल होने वाला खसखस गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल जलन से राहत पहुंचाने का काम करता है। ठंडई बनाने में दूध, ड्राय फ्रूट्स का भी यूज होता है। ये सारी ही चीजें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और मिनरल्स से भरपूर होती हैं। जिससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं में आराम मिलता है। ठंडई बनाते वक्त बहुत से लोग इसमें तरबूज और कद्दू का बीज भी मिलाते हैं। जो ठंडई का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शरीर को ताकत और एनर्जी भी देता है। मुंह के छालों की वजह पेट की गड़बड़ी होती है। ठंडई के सेवन से पेट ठंडा रहता है और कब्ज से लेकर गैस, एसिडिटी की प्रॉब्लम भी दूर रहती है। तो इससे छालों की समस्या नहीं होती है।

### घर पर बनाएं शाही ठंडई

**सामग्री** : छोटी चम्मच सौंफ के बीज का पाउडर, छह पीस बादाम, एक छोटी चम्मच तरबूज का बीज, चार इलायची, एक छोटी चम्मच खसखस के बीज, तीन बड़ी चम्मच सूखी गुलाब की पंखुड़ियां, एक कप चीनी, एक चम्मच सौंफ, आठ छोटी चम्मल काली मिर्च मसाला, छह पीस पिस्ता, छह पीस काजू, जरूरत के हिसाब से ठंडा दूध-केसर व पानी। **बनाने की विधि** : सबसे पहले एक बड़ा कटोरा ले। अब इसमें बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस, गुलाब की पंखुड़ियां, मगज के बीज, काली मिर्च, सौंफ, इलायची आदि को इन सभी को डाल दें और इसमें ऊपर से पानी डालकर इन सभी को भीगने के लिए छोड़ दें। अब इसमें थोड़ा सा केसर भी डालना है और इस सारी सामग्री को तीन से चार घंटे के लिए भीगने देना है। जब सारी सामग्री अच्छी तरह से भींग जाए तो इसे मिक्सर जार में पीस कर पतला पेस्ट बना ले। अब एक मस्लिन का कपड़ा या सूती का कपड़ा ले और इसमें इन सारी सामग्रियों को डालें। कपड़े की सहायता से ठंडई को एक बाउल में छान ले। अब कटोरे में ऊपर से चार चम्मच चीनी और दो गिलास ठंडे दूध का डालें और इन सभी को अच्छी तरह से मिला दे। इन सभी सामग्रियों को दो से तीन मिनट तक शेक करके अच्छी तरह से मिलाना है। इस तरह से आप की ठंडई तैयार हो जाती है।

### ऐसे बनाएं पान वाली ठंडई

**सामग्री**: पान के पत्ते दो, चार इलायची, एक बटे चार कप पिस्ता, दो कप दूध, दो चम्मच चीनी आदि। **बनाने की विधि** : सबसे पहले पान के पत्तों को अच्छी तरह धो लें। मिक्सी में इन पत्तों के साथ ही पिस्ता, इलायची, चीनी और आधा कप दूध भी डालें। फिर अच्छी तरह से पीस लें। कुछ भी साबुत नहीं रहना चाहिए वरना ठंडई पीने में फिर मजा नहीं आएगा। इसके बाद इसमें बचा हुआ दूध डालकर भी पीस लें। अब तैयार है लजीज पान की ठंडई।

### ऐसे बनाएं बनारसी ठंडई

बनारसी ठंडई न केवल पीने वालों को स्वाद का एहसास कराती है, बल्कि यह औषधि के तौर पर भी प्रयोग में आती है। इसमें सौंफ, काली मिर्च, पिस्ता, गुलाब की पखुंडियां, काशमी, कूल्फा, तरबूज का बीज, काजू, बादाम, इलायची, गुलकंद, चारोमकज, गुरखैलू, केसर, मरीच, चीनी, मखाना, गुलाब जल, दूध आदि सामग्रियों का प्रयोग होता है। **बनाने की विधि** : इलाचयी दाने, गुलाब की पखुड़ियों, काली मिर्च को छोड़ समस्त सामग्रियों को छह से सात घंटे भिगोना चाहिए। जबकि इलायची दाने, गुलाब की पखुड़ियों और काली मिर्च को अलग से भिगोना होता है। जब बादाम और पिस्ता भींग जाए तो उसके छिलके को छील ले और बड़ा ही बारीक अलग-अलग पीस ले। बची हुई भीगी सामग्री को भी अच्छी तरह पीस लेना चाहिए। इसके बाद दूध, चीनी और पानी का घोल बनाए। इसमें पिसी हुई सारी चीजों को मिला दे और साफ सूती कपड़े पर रखकर हाथ से रगड़ते हुए दूध वाले घोल में छान ले। फिर गुलाब जल में केसर मिलाकर ठंडई में डाल दे। फिर इसे अच्छी तरह फेंट ले। अब बनारसी ठंडई तैयार।

# स्वरा भास्कर ने सपा नेता फहाद अहमद से की शादी



## विवाह बंधन में बंधीं

### प्रोटेस्ट के कई कार्यक्रमों में रहे हैं साथ

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने शादी कर ली है। पॉलिटिकल एक्टिविस्ट फहाद अहमद संग उन्होंने कोर्ट मैरिज की है। स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने फैंस को बताने की कोशिश की है कि कैसे उनकी लव स्टोरी की शुरूआत हुई थी। कहा जा रहा है कि एक प्रोटेस्ट के दौरान दोनों की पहली बार मुलाकात हुई थी। बता दें कि प्रोटेस्ट के दौरान ही दोनों ने पहली बार एक साथ सेल्फी फोटो भी ली थी। इसके बाद फहाद ने उन्हें अपनी बहन की शादी में इनवाइट भी किया था। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती का सिलसिला शुरू हो गया था।

वीडियो शेयर करते हुए स्वरा ने लिखा, "कभी-कभी आप किसी ऐसी चीज के लिए दूर-दूर तक खोज करते हैं जो आपके ठीक बगल में होती है। हम प्यार की तलाश में थे, लेकिन हमें पहले दोस्ती मिली और फिर हमने एक दूसरे को पाया। मेरे दिल में आपका स्वागत है फहाद अहमद। थोड़ी अराजक हूं, लेकिन तुम्हारी हूं!"

बता दें कि फहाद राजनीतिक दुनिया से ताल्लुक रखते हैं। वह समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। वह सपा के समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं, स्वरा भास्कर बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। स्वरा ने अपने करियर की शुरूआत संजय लीला भंसाली की फिल्म गुजारिश से की थी। हालांकि उन्हें असली पहचान साल 2011 में आई माधवन और कंगना की फिल्म तनु वेड्स मनु से मिली। इस फिल्म के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक कई फिल्मों दमदार परफॉर्मेंस दीं।

# भारत में दूध के दाम बढ़ने की वजह?



### कंपनियां कह रही हैं, हर चीज में लागत बढ़ गई है

### आमजन में दूध की खपत पहले से ज्यादा हुई है

सवेरे बिना दूध वाली चाय से दिन की शुरूआत करने के बारे में क्या आप सोच सकते हैं? अब भी बहुतेरे हैं जो इस तरह से चाय पीने की सोच भी नहीं सकते। असल में भारत जैसे देश में दूध की खपत बहुत है और बढ़ती आबादी से कीमतों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि लोग दूध की लगातार बढ़ती महंगाई से परेशानी महसूस कर रहे हैं।

दिल्ली में अधिकतर दूध की आपूर्ति करने वाले मदर डेरी ने दिसंबर में दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाए थे। साल 2022 में दूध के दामों में ये पांचवी बढ़ोतरी थी। अब दूसरी दुग्ध आपूर्तिकर्ता कंपनी अमूल ने भी दूध के दाम तीन प्रति लीटर रुपये तक बढ़ा दिए हैं। अमूल ने नवंबर में भी दूध के दाम बढ़ाए थे। दूध के दाम बढ़ने के कारणों के पीछे कंपनियों ने बढ़ी हुई लागत को ज़िम्मेदार बताया है।

भारत में एक औसत भारतीय महीने भर में खाने पर होने वाले कुल खर्चे में से लगभग 20 प्रतिशत दूध पर खर्च करता है। नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) के 68वें दौर (2011-12) के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में भारतीय दूध और दुग्ध उत्पादों पर महीने में 116 रुपये खर्च करते हैं। शहरों में ये खर्च और ज्यादा है। शहरों में लोग महीने भर में खाने पर होने वाले 923 रुपये में से 187 रुपये दूध पर खर्च करते हैं। शोध बताते हैं कि पिछले एक दशक में भारत में सभी आय वर्ग के लोगों में दूध का इस्तेमाल बढ़ा है। ऐसे में दूध के बढ़ते दाम उनके लिए परेशानी बन सकते हैं।




सवाल है कि क्यों बढ़ रही हैं दूध की कीमतें। नवंबर 2022 में दूध की थोक मुद्रास्फीति दर 6.03 प्रतिशत तक हो गई थी। जून के बाद ये दूसरी बार है जब थोक मुद्रास्फीति छह प्रतिशत पहुंची थी। बाकी महीनों में ये दर 5.4 प्रतिशत तक रही थी। अक्टूबर 2022 में 8.39 फीसदी की तुलना में समग्र थोक मुद्रास्फीति 5.85 फीसदी तक कम हो गई थी। ऐसे में थोक मुद्रास्फीति नियंत्रित होने के बावजूद दूध में ये बढ़ोतरी होने के पीछे क्या कारण हैं? इसकी दो खास वजहें हैं।

पहला, चारे की कीमतें - चारे का इस्तेमाल पशुओं को खिलाने के लिए होता है। जून 2013 के बाद इसके दाम इस समय सबसे ज्यादा हैं। चारे की थोक मुद्रास्फीति पिछले साल अक्टूबर में 8.85 प्रतिशत थी। वहीं, अगस्त में 25.54 प्रतिशत और सितंबर में 25.23 प्रतिशत थोक मुद्रास्फीती रही थी। दूसरा, बढ़ती मांग - वैश्विक दुग्ध उत्पादन का 23 प्रतिशत भारत में उत्पादित होता है। भारत में लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में काम शुरू हुआ है और इससे वैश्विक स्तर पर दूध की मांग बढ़ गई है। पिछले साल के मुकाबले दूध खरीद दर भी 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़ी है। ये सभी कारणों के चलते दूध के खुदरा दाम बढ़ रहे हैं। पिछले साल नवंबर में मदर डेरी ने बढ़ते दामों के लिए मांग और आपूर्ति में आए अंतर की बात कही थी। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि दूध के दाम बढ़ाने की इसलिए जरूरत है ताकि सही कीमत देकर किसानों को मदद मिल सके और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दूध मिल सके। अमूल ने पिछले साल नवंबर में दाम बढ़ाने पर कहा था कि उनके बढ़ाए दाम कुल मुद्रास्फीति से कम हैं। कंपनी ने कहा था, दो रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाने से एमआरपी में चार प्रतिशत की वृद्धि होती है जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से कम है।